@Qpatrika | @qaumipatrika hindi | instagram.com/qaumipatrika

# कौमी पत्रिका

## राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित

बुधवार, 18 दिसंबर 2024

VISIT: www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 18 अंक 38 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

## सुप्रीम कोर्ट ने एनसीडीआरसी की बीमा राशि कम करने के आदेश को किया खारिज

नई दिल्ली, 17 दिसंबर। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एनसीडीआरसी) के उस आदेश को खारिज कर दिया, जिसमें 2013 में दुर्घटनाग्रस्त हुए एक बीमित वाहन के लिए देय बीमा राशि को 5.02 लाख रुपये से घटाकर 53,543 रुपये कर दिया गया था। मामले में सुनवाई करते हुए जस्टिस पी एस नरसिम्हा और संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि आयोग ने पॉलिसी की एक शर्त पर भरोसा करते हुए राशि कम कर दी, जिसमें कहा गया था कि किसी दुर्घटना की स्थिति में वाहन को बिना उचित सावधानी के अकेला नहीं छोड़ा जाना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि इस शर्त की व्याख्या करते वक्त दुर्घटना की परिस्थितियों का ध्यान रखना जरूरी था, ताकि यह तय किया जा सके कि बीमाधारक ने उचित सावधानी बरती थी या नहीं। कोर्ट ने यह भी कहा कि अपीलकर्ता ने दुर्घटना के बाद सह-यात्री को अस्पताल पहुंचाया, जिसके बाद कार पलट गई और शॉर्ट-सर्किट के कारण वाहन में आग लग गई। बीमा कंपनी ने वाहन की देखभाल न करने का हवाला देते हुए दावे को अस्वीकार कर दिया था। बता दें कि अपीलकर्ता ने अपने वाहन के लिए एक निजी कार बीमा पॉलिसी खरीदी थी जो 2 जुलाई, 2012 से 1 जुलाई, 2013 तक लागू थी, और बीमा फर्म से दावा की जा सकने वाली अधिकतम राशि 5,02,285 रुपये निर्धारित की गई थी। इसको लेकर पीठ ने कहा कि जब यह पॉलिसी लागू थी, तब अपीलकर्ता 25 मार्च, 2013 को एक दुर्घटना का शिकार हुआ, जब वह गाड़ी चला रहा था और गाड़ी खाई में गिर गई। हालांकि, बीमा कंपनी ने एनसीडीआरसी का रुख किया, जिसने बीमा राशि को घटाकर 53,543 रुपये कर दिया, जिसके बाद अपीलकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। सुनावाई के दौरान अदालत ने पाया कि सर्वेक्षक का यह निष्कर्ष कि शॉर्ट-सर्किट अपीलकर्ता के कारण हुआ था किसी भी साक्ष्य पर आधारित नहीं था। पीठ ने कहा इस बात पर कोई विवाद नहीं है कि सह-यात्री भी चोट के कारण मर गया था, यह कल्पना करना भी मुश्किल है कि वह खाई में गिरे वाहन में शॉर्ट-सर्किट को कैसे रोक सकता था। कोर्ट ने पाया कि शॉर्ट-सर्किट का कारण अपीलकर्ता नहीं था और एनसीडीआरसी का आदेश खारिज कर दिया।

# चश्मा अगर विदेशी हो, तो संविधान में नहीं दिखेगा भारत: अमित शाह

**सिम्मी कौर बब्बर**

नई दिल्ली, 17 दिसंबर। राज्यसभा में मंगलवार को भारत के 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर चर्चा जारी है। इस पर जवाब देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, यह चर्चा हमारे संविधान के कारण हमारा देश कितना आगे बढ़ा, इसका अहसास हमारी जनता को कराएगा। उन्होंने कहा, संविधान पर दोनों सदनों में जो चर्चा हुई है, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरक होगी। गृह मंत्री ने कहा, सरदार पटेल की वजह से देश मजबूत हुआ है। गृह मंत्री ने कहा, बहुत लंबी आजादी की लड़ाई के बाद हम आजाद हुए। जब हम आजाद हुए तब दुनियाभर के राजनीतिक पंडितों ने कहा था कि यह देश बिखर जाएगा। शायद बन ही नहीं पाएगा। कुछ लोगों ने कहा था कि यहां लोकतांत्रिक मूल्य प्रतिस्थापित हो ही नहीं पाएंगे। एकता हो ही नहीं पाएगी और यह देश आर्थिक रूप से कभी आत्मनिर्भर नहीं होगा। आज 75 साल के समय के बाद संविधान को स्वीकार करने के बाद पीछे मुड़कर देखते हैं, तो सरदार पटेल का मैं धन्यवाद करना चाहता हूं। सरदार पटेल के अथक परिश्रम के कारण देश आज एकजुट होकर दुनिया के सामने मजबूती से खड़ा है। शाह ने आगे कहा, जो कहते थे कि इस देश में लोकतंत्र सफल नहीं होगा। मैं उन सभी लोगों को सदन के माध्यम से कहना चाहता हूं कि 75 साल हो गए, हमारे पास-पड़ोस और दुनियाभर में लोकतंत्र सफल नहीं हुए। लेकिन हमारा लोकतंत्र आज पाताल तक गहरा है। रक्त की एक बूंद बहाए बगैर हमने अनेक परिवर्तन किए और विचारधाराओं के आधार पर भी हमने परिवर्तन किए। शाह ने कहा, अनेक तानाशाहों के गुमान को चकनाचूर करने का काम इस देश की जनता ने किया है। लोकतांत्रिक तरीके से किया है। जो कहते थे कि भारत आर्थिक तौर पर कभी आत्मनिर्भर नहीं हो पाएगा, उन्हें भी हमारी जनता और संविधान की खूबसूरती ने जवाब दिया है। हम आज दुनिया का पांचवां अर्थ तंत्र बनकर दुनिया के सामने खड़े हैं। संविधान पर चर्चा के जवाब में केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा, आज हम जिस मुकाम पर खड़े हैं, उस मुकाम पर महर्षि अरविंद और स्वामी विवेकानंद की वो भविष्यवाणी सच होती दिखाई पड़ती है कि भारत माता अपनी देदीप्यमान ओजस्वी स्वरूप में जब खड़ी होंगी, तब दुनिया की आंखें चकाचौंध हो जाएगी और पूरी दुनिया रोशनी के साथ भारत की ओर देखेगी। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, कोई ये न समझे कि हमारा संविधान दुनिया के संविधानों की नकल है। हां, हमने हर संविधान का अभ्यास जरूर किया है, क्योंकि हमारे यहां ऋग्वेद में कहा गया है, हर



कोने से हमें अच्छाई प्राप्त हो, सुविचार प्राप्त हो, और सुविचार को स्वीकारने के लिए मेरा मन खुला हो। हमने सबसे अच्छा लिया है, लेकिन हमने हमारी परंपराओं को नहीं छोड़ा है। पढ़ने का चश्मा अगर विदेशी है, तो संविधान में भारतीयता कभी दिखाई नहीं देगी। राज्य सभा में संविधान पर चर्चा का जवाब देते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, संविधान की रचना के बाद डॉ अंबेडकर ने बहुत सोच समझकर एक बात कही थी कि कोई संविधान कितना भी अच्छा हो, वह बुरा बन सकता है, अगर जिन पर उसे चलाने की जिम्मेदारी है, वो अच्छे नहीं हों। उसी तरह से कोई भी संविधान कितना भी बुरा हो, वो अच्छा साबित हो सकता है, अगर उसे चलाने वालों की भूमिका सकारात्मक और अच्छी हो। ये दोनों घटनाएं हमने संविधान के 75 साल के कालखंड में देखी हैं। हमारे संविधान को कभी भी अपरिवर्तनशील नहीं माना गया। समय के साथ साथ देश भी बदलना चाहिए, समय के साथ साथ कानून भी बदलने चाहिए और समय के साथ साथ समाज भी बदलना चाहिए।

परिवर्तन इस जीवन का मंत्र है, सत्य है। इसको हमारे संविधान सभी ने स्वीकार किया था। इसलिए आर्टिकल 368 में संविधान संशोधन के लिए प्रावधान किया गया था।

## उद्धव ठाकरे ने सीएम देवेंद्र फडणवीस से की मुलाकात

**कौमी संवाददाता**

मुंबई, 17 दिसंबर। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को नागपुर में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से विधान भवन में उनके कक्ष में मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान, उद्धव ठाकरे के साथ शिवसेना (यूबीटी) के विधायक आदित्य ठाकरे, अनिल परब और वरुण सरदेसाई भी मौजूद थे। बता दें कि उद्धव ठाकरे राज्य विधानमंडल के चल रहे शीतकालीन सत्र में भाग लेने के लिए मंगलवार को नागपुर पहुंचे थे। जहां वे शाम को शिवसेना (यूबीटी) विधायक दल की बैठक में भी शामिल होंगे। सीएम देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात के बाद शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने कहा आज हमारे पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने सीएम देवेंद्र फडणवीस और विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर से मुलाकात की। यह एक कदम आगे है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र सरकार के लिए काम करते समय,



दोनों (सत्तारूढ़ पार्टी और विपक्ष) को देश और राज्य के हित के लिए एक साथ काम करने के लिए राजनीतिक परिपक्वता दिखानी चाहिए। इसके साथ ही आदित्य ठाकरे ने ये भी कहा कि मुलाकात के दौरान विपक्ष के नेता के पद पर कोई चर्चा नहीं हुई। शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे की सीएम देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात पर महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि देवेंद्र फडणवीस सीएम हैं, हम भी उनसे मिलते हैं और अब वह (उद्धव ठाकरे) उनसे मिले हैं, इसमें क्या मुद्दा है? बता दें कि 15वीं विधानसभा में विपक्ष का नेता नहीं है क्योंकि महा विकास अघाड़ी (एमवीए) की तीनों पार्टियां 20 नवंबर को हुए चुनाव में 10 प्रतिशत सीटें नहीं जीत पाईं। शिवसेना (यूबीटी) को 20, कांग्रेस को 16 और एनसीपी (एसपी) को 10 सीटें मिलीं। गौरतलब है कि भाजपा, शिवसेना और एनसीपी के महायुति गठबंधन ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में 288 में से 230 सीटें जीतीं, जबकि विपक्षी महा विकास अघाड़ी केवल 46 सीटों पर सिमट गया। इससे पहले नागपुर पहुंचने के साथ ही उद्धव ठाकरे ने महाराष्ट्र सरकार पर तंज कसा। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत के दौरान राज्य सरकार से एक राष्ट्र, एक चुनाव विधेयक लागू करने से पहले पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया की मांग की। साथ ही कहा कि चुनाव आयुक्तों का चयन भी चुनावों के माध्यम से होना चाहिए। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि इसे कैसे किया जा सकता है। विज्ञाप ठाकरे ने महाराष्ट्र सरकार की लड़की बहिन योजना पर भी तंज कसा। उन्होंने कहा कि पिछले महीने विधानसभा चुनाव के दौरान किए वादे के अनुसार देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार को लड़की बहिन योजना के तहत महिलाओं को 2100 रुपये देना चाहिए। बता दें, फिलहाल महिलाओं को 1500 रुपये हर महीने दिए जाते हैं।

## सीएम नीतीश कुमार 23 से प्रगति यात्रा पर

पटना, 17 दिसंबर। सीएम नीतीश कुमार की ताजा यात्रा का नाम- प्रगति यात्रा दिया गया है। इसकी शुरुआत 23 दिसंबर को पश्चिम चंपारण से होगी और 28 दिसंबर को वैशाली से इस यात्रा का समापन होगा। यह यात्रा कई चरणों में होगी। पहले चरण में सीएम नीतीश 23 दिसंबर से 28 दिसंबर तक पांच जिलों की यात्रा करेंगे। बिहार सरकार की ओर से इसके लिए पत्र जारी किया गया है। इस यात्रा



के दौरान मुख्यमंत्री सरकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे। इस दौरान वह संवाद भी कर सकते हैं, जिसकी सूचना यात्रा के समय दी जाएगी। कुछ दिन पहले ही राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने सीएम नीतीश कुमार की यात्रा में महिला संवाद को लेकर विवादित बयान दिया था। लालू प्रसाद ने कहा था कि सीएम नीतीश कुमार आंख सेंकने जा रहे हैं। इस बयान से सियासत गरमा गई थी। जदयू और भाजपा के नेताओं ने लालू प्रसाद को जमकर खरी-खोटी सुनाई थी। दरअसल, सीएम नीतीश कुमार 15 दिसंबर से यात्रा की शुरुआत करने वाले थे। दूसरी बार यह तारीख आई थी। तब कहा जा रहा था कि वह इस बार महिला संवाद के लिए ही मुख्य रूप से निकल रहे हैं। किसी कारणवश उनकी यात्रा की यह तारीख कैंसिल हो गई।

## लोकसभा में एक देश एक चुनाव विधेयक का विपक्ष ने किया विरोध: मनीष तिवारी

**सौरभ शर्मा**

नई दिल्ली, 17 दिसंबर। लोकसभा में मंगलवार को कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के नेताओं ने एक देश एक चुनाव विधेयक का विरोध किया। उन्होंने इसे संविधान के मूल ढांचे पर हमला बताया। इसके साथ ही विपक्ष ने सरकार पर देश को तानाशाही की तरफ ले जाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति के पास भेजा जाना चाहिए। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने मंगलवार को देश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के प्रावधान वाले संविधान (129वां समशोधन) विधेयक 2024 और उससे जुड़े संघ राज्य क्षेत्र विधि (संशोधन) विधेयक, 2024 को पुनः स्थापित करने के लिए संसद के निचले सदन में रखा। विधेयक का विरोध करते हुए कांग्रेस नेता मनीष तिवारी ने बताया कि संविधान के बुनियादी पहलू हैं जिसमें संशोधन इस सदन के अधिकार क्षेत्र से बाहर है। उन्होंने इस विधेयक को संविधान के बुनियादी ढांचे पर हमला बताया। कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि इस सदन के विधायी अधिकार क्षेत्र से परे है। उन्होंने भारत को राज्यों का संघ बताते हुए कहा कि केंद्रीकरण का यह प्रयास पूरी तरह संविधान विरोधी है। इसके साथ ही उन्होंने इस विधेयक को वापस लेने का आग्रह किया।



विधेयक का विरोध करते हुए समाजवादी पार्टी (सपा) के धर्मेंद्र यादव ने कहा, दो दिन पहले सत्तापक्ष ने संविधान पर चर्चा के दौरान बड़ी-बड़ी कसमें खाई थीं। अब दो ही दिन के अंदर संविधान के मूल ढांचे और संघीय ढांचे को खत्म करने के लिए यह विधेयक लाए हैं। उन्होंने दावा किया कि यह संविधान की मूल भावना को खत्म करने का प्रयास है। सपा नेता ने कहा कि यह तानाशाही की तरफ ले जाने वाला कदम है। धर्मेंद्र यादव ने कटाक्ष करते हुए कहा, जो लोग दो राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव एक साथ नहीं करा पाते हैं, वे पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने की बात कर रहे हैं। उन्होंने भी इस विधेयक को वापस लेने की अपील की। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सासंद कल्याण बनर्जी ने भी इस विधेयक को संविधान के मूल ढांचे पर हमला बताया। उन्होंने इसे अल्टा वायरस कहा। टीएमसी सांसद ने दावा किया कि इस विधेयक को स्वीकार नहीं किया जा सकता है। कल्याण बनर्जी ने कहा, राज्य विधानसभाएं केंद्र और संसद के अधीनस्थ नहीं होती हैं, यह बात समझने की जरूरत है। जिस तरह से संसद को कानून बनाने का अधिकार है, उसी तरह विधानसभाओं को भी कानून बनाने का अधिकार है। यह राज्य विधानसभाओं की स्वायत्ता छीनने का प्रयास है। भाजपा पर तंज कसते हुए उन्होंने आगे कहा, कोई भी दल हमेशा सत्ता में नहीं रहेगा, एक दिन सत्ता बदल जाएगी।

## मंत्रिमंडल में शामिल न किए जाने पर अजित पर भड़के भुजबल

**तेजिन्दर कौर बब्बर**

मुंबई, 17 दिसंबर। वरिष्ठ एनसीपी नेता छगन भुजबल ने मंगलवार को महाराष्ट्र सरकार की नई मंत्रिपरिषद से बाहर किए जाने को लेकर अजित पवार पर निशाना साधा है। उन्होंने दावा किया कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस उन्हें मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने के पक्ष में थे। उन्होंने कहा कि एनसीपी अध्यक्ष अजित पवार पार्टी के लिए उसी तरह फैसले लेते हैं, जैसे फडणवीस भाजपा के लिए और एकनाथ शिंदे शिवसेना के लिए। इससे पहले छगन भुजबल ने सोमवार को एक्स पर लिखा था कि, जहां नहीं चैना, वहां नहीं रहना। अब मंगलवार को भुजबल ने कहा कि वह एनसीपी कार्यकर्ताओं और येओला निर्वाचन क्षेत्र के लोगों से चर्चा करने के बाद बुधवार को अपनी बात रखेंगे। प्रमुख ओबीसी नेता ने कहा कि वह मंत्री नहीं बनाए जाने से निराश नहीं हैं, लेकिन अपने साथ हुए व्यवहार से अपमानित महसूस कर रहे हैं। नासिक में पत्रकारों से बात करते हुए भुजबल ने दावा किया कि, उन्हें मई में लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए कहा गया था, लेकिन उनके नाम को फाइनल नहीं किया गया। येओला सीट से विधानसभा चुनाव जीतने के कुछ हफ्ते बाद भुजबल ने कहा कि, हाल ही में उन्हें राज्यसभा सीट की भी पेशकश की गई थी। उन्होंने कहा, मैंने नासिक



से लोकसभा चुनाव लड़ने का सुझाव स्वीकार कर लिया। इस साल की शुरुआत में जब मैं राज्यसभा में जाना चाहता था, तो मुझे विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए कहा गया। आठ दिन पहले मुझे राज्यसभा सीट की पेशकश की गई थी, जिसे मैंने अस्वीकार कर दिया। भुजबल ने पूछा, उन्होंने तब मेरी बात नहीं सुनी, अब वे इसे (राज्यसभा सीट) दे रहे हैं। क्या मैं आपके हाथों का खिलौना हूं? क्या आपको लगता है कि जब भी आप मुझे कहेंगे मैं खड़ा हो जाऊंगा, जब भी आप मुझे कहेंगे मैं बैठ जाऊंगा और चुनाव लड़ूंगा? अगर मैं इस्तीफा दे दूं तो मेरे निर्वाचन क्षेत्र के लोग क्या महसूस करेंगे? उन्होंने कहा, मैं इस बात की पुष्टि करता हूं कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राज्य मंत्रिमंडल में मुझे शामिल करने पर जोर दिया था। महायुति गठबंधन में प्रत्येक पार्टी का प्रमुख अपनी पार्टी के लिए फैसला करता है। भाजपा के लिए फडणवीस, शिवसेना के लिए एकनाथ शिंदे और राकांपा के लिए अजित पवार फैसला करते हैं। फडणवीस ने रविवार को नागपुर में अपने मंत्रिमंडल का विस्तार किया और अपनी टीम में 39 नए सदस्यों को शामिल किया। इसमें भाजपा से 19, शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना से 11 और अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा से नौ विधायक शामिल थे। भुजबल उन 10 मंत्रियों में शामिल हैं जिन्हें नयी मंत्रिपरिषद से हटा दिया गया है, जिसमें 16 नए चेहरे हैं।


## क्या आरक्षण को आर्थिक आधार पर बदल देना चाहिए? : देवेगौड़ा

नई दिल्ली, 17 दिसंबर। पूर्व प्रधानमंत्री और जेडीएस नेता एच डी देवेगौड़ा ने मंगलवार को संसद में इस पर विचार करने का आह्वान किया कि क्या जाति के आधार पर आरक्षण जारी रखना चाहिए या इसे आर्थिक आधार पर बदल देना चाहिए। राज्यसभा में भारत के संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर चर्चा करते हुए देवेगौड़ा ने कहा कि सदन को यह सोचना होगा कि अतीत में क्या हुआ और क्या हमें इस देश में सिर्फ गरीबी के आधार पर आरक्षण देना चाहिए। देवेगौड़ा ने राज्यसभा में आरक्षण प्रणाली को लेकर सुझाव दिया कि सदन को इस पर विचार करना चाहिए कि क्या आरक्षण को पहले जैसा जारी रखना चाहिए या केवल उन्हीं लोगों को प्राथमिकता दी जाए जो सबसे ज्यादा गरीबी से पीड़ित हैं और जिनकी जीवन स्थिति बहुत खराब है। उन्होंने कहा कि जो आरक्षण अतीत में दिया गया, उसके बावजूद लोग अभी भी संघर्ष कर रहे हैं और जिनकी हालत खराब है, उन्हें कोई राहत नहीं मिली। एचडी देवेगौड़ा ने आगे कहा कि अगर सदन इस मुद्दे पर विचार करता है, तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस पर फैसला कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर द्वारा तैयार किया गया संविधान समय की कसौटी पर खरा उतरा है।

# फलस्तीन पर सियासी दलों की क्या स्थिति, कांग्रेस के साथ कौन?

**नरेश मल्होत्रा**

नई दिल्ली, 17 दिसंबर। कांग्रेस महासचिव और सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा अब संसदीय राजनीति के स्तर पर कितनी सक्रिय हो चुकी हैं, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उनके एक कदम ने देश की राजनीति में हलचल मचा दी। दरअसल, प्रियंका सोमवार को फलस्तीन के लोगों के प्रति एकजुटता दिखाते हुए सोमवार को एक ऐसा हैंडबैग लेकर संसद पहुंचीं जिस पर 'फलस्तीन' लिखा हुआ था। उनके इस कदम को लेकर देश में सियासत भी शुरू हो गई। खासकर केंद्र की भाजपा सरकार ने उनके इस कदम को राजनीतिक स्टंट करार दिया और उनसे बांग्लादेश का मुद्दा उठाने के लिए कहा। मजेदार बात यह है कि भाजपा नेताओं के इन बयानों के बाद प्रियंका मंगलवार को बांग्लादेश लिखा एक बैग लेकर भी संसद पहुंचीं। उनका यह बैग बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं के लिए उनके समर्थन के तौर पर देखा जा रहा है। इस लिहाज से जहां बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा पर सत्तापक्ष और विपक्ष काफी हद तक एक साथ दिखाई दे रहे हैं, वहीं फलस्तीन के मुद्दे पर कई राजनीतिक दलों की राय काफी बंटी हुई है। ऐसे में यह जानना जरूरी है कि फलस्तीन को लेकर भारत का आधिकारिक पक्ष क्या रहा है? इस मुद्दे पर भारत की राजनीति कितनी बंटी हुई है? राजनीतिक दलों की फलस्तीन के मुद्दे पर क्या प्रतिक्रिया है? भारत ने ऐतिहासिक तौर पर फलस्तीन को लेकर आधिकारिक तौर पर समर्थन जताया है। फिर चाहे भारत की आजादी के बाद पहली सरकार की तरफ से रखा गया पक्ष हो या नरेंद्र मोदी सरकार की तरफ से बार-बार अलग-अलग मंचों पर दिए जा रहे जवाब। भारत ने इस्राइल और फलस्तीन के मुद्दे पर हमेशा से टू स्टेट सॉल्यूशन यानी दो राष्ट्रों के समाधान का समर्थन किया है। इसके तहत भारत सुरक्षित और मान्यता प्राप्त सीमाओं के भीतर एक संप्रभु, स्वतंत्र और व्यवहार्य फलिस्तीन राज्य की स्थापना, जो इस्राइल के साथ शांति से रह सके, का समर्थक है। भारत संयुक्त राष्ट्र में फलिस्तीन की सदस्यता का भी समर्थन करता है। इस्राइल और फलस्तीन के बीच संघर्ष को लेकर भी भारत कई बार अपनी स्थिति साफ कर चुका है। 13 दिसंबर 2024 को लोकसभा में डीएमके सांसद ए. राजा के सवालों पर विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने जवाब में कहा था कि भारत पश्चिम एशिया में उभरती स्थिति और गाजा में मानवीय संकट को लेकर चिंतित है। सरकार ने फलिस्तीन के लोगों को मानवीय सहायता की सुरक्षित, समय पर और निरंतर वितरण की आवश्यकता पर जोर दिया है।



संघर्ष की शुरुआत से, भारत ने दो किस्तों में 16.5 मीट्रिक टन दवाओं और चिकित्सा आपूर्ति सहित लगभग 70 मीट्रिक टन मानवीय सहायता प्रदान की है। इसने पिछले साल 5 मिलियन डॉलर जारी किए और इस साल निकट पूर्व में फिलिस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) को 5 मिलियन डॉलर का वितरण किया। हाल ही में, अक्तूबर और नवंबर 2024 में यूएनआरडब्ल्यूए और फलिस्तीन स्वास्थ्य मंत्रालय को 65 टन दवाएं भी भेजी गईं। हालांकि, भारत की तरफ से इस्राइल पर हमास की तरफ से किए गए हमलों को भी आतंकी हमले बताया गया है। कीर्तिवर्धन सिंह ने लोकसभा में दिए जवाब में कहा, भारत ने 7 अक्टूबर 2023 को इस्राइल पर हुए आतंकी हमलों और इस्राइल-हमास संघर्ष में नागरिकों की जान जाने की कड़ी निंदा की है। भारत ने युद्ध विराम, सभी बंधकों की रिहाई और बातचीत और कूटनीति के माध्यम से संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान का आह्वान किया है। आधिकारिक तौर पर भारत ने फलस्तीन के अलग राष्ट्र के तौर पर मान्यता और उसकी क्षेत्रीय अखंडता का हमेशा से समर्थन किया है। इस्राइल की तरफ से फलस्तीन पर किए जा रहे हमलों और उसके क्षेत्र पर कब्जा करने की कोशिशों की भी भारत ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर आलोचना की है। यानी मोदी सरकार ने अपनी पूर्ववर्ती सरकारों की तरह ही फलस्तीन विवाद पर निरंतरता जारी रखी है।

## अहंकार को दूर रखें नहीं तो गड्ढे में गिर सकते हैं: आरएसएस प्रमुख भागवत

पुणे, 17 दिसंबर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि किसी को अहंकार को दूर रखना चाहिए नहीं तो वह गड्ढे में गिर सकता है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति में एक सर्वशक्तिमान होता है, जो समाज की सेवा करने की प्रेरणा देता है, लेकिन अहंकार भी होता है। उन्होंने निस्वार्थ सेवा पर जोर दिया। भारत विकास परिषद के विकलांग केंद्र के रजत जयंती समारोह के समापन संबोधन भागवत ने अहंकार के बारे में अपनी बात रखने के लिए



रामकृष्ण परमहंस की पका हुआ मैं और कच्चा मैं की शिक्षाओं का हवाला दिया। संघ प्रमुख ने कहा कि रामकृष्ण परमहंस के अनुसार हर व्यक्ति में दो मैं होते हैं। एक कच्चा और दूसरा पका हुआ। व्यक्ति को पके हुए मैं को थामे रखना चाहिए और अहंकार को दर्शाने वाले कच्चे मैं को दूर रखना चाहिए। अगर कोई उस कच्चे मैं के साथ जीवन जीता है, तो वह गड्ढे में गिर जाएगा। संघ प्रमुख ने यह भी कहा कि भारत के विकास को सुनिश्चित करने के लिए समाज के हर वर्ग को सशक्त बनाना आवश्यक है। राष्ट्र की प्रगति केवल सेवा तक सीमित नहीं है। सेवा का उद्देश्य नागरिकों को विकास में योगदान देने में सक्षम बनाना होना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे सक्षम नागरिक ही देश की प्रगति को आगे बढ़ाते हैं। भागवत ने कहा कि ऐसी धारणा बढ़ती जा रही है कि समाज में सब कुछ गलत हो रहा है। लेकिन प्रत्येक नकारात्मक पहलू के लिए, समुदाय में 40 गुना अधिक अच्छी और शानदार सेवा गतिविधियां हो रही हैं।

## पाकिस्तान में रहमान बाबा एक्सप्रेस ट्रेन की तीन बोगी पटरी से उतरीं

एजेंसी

**कराची।** पाकिस्तान में कराची से पेशावर जा रही रहमान बाबा एक्सप्रेस के तीन डिब्बे आज ड्रिघ रोड स्टेशन पर पटरी से उतर गए। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, डिब्बों को जोड़ने वाले कपलर के टूट जाने के कारण यह हादसा हुआ। खबर के अनुसार, सौभाग्य से किसी भी यात्री को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। हादसे की वजह से रेल सेवाएं बाधित हो गईं। डाउन ट्रैक पर परिचालन दो घंटे बाद शुरू हो पाया। पहली ट्रेन के रूप में पाकिस्तान एक्सप्रेस रवाना हुई। अप ट्रैक पर यातायात सामान्य होने पर समय लगेगा। काराकोरम एक्सप्रेस और बिजनेस एक्सप्रेस सहित कई सेवाएं प्रभावित हुईं।रेल अधिकारियों ने कहा कि ईरान से सल्फर कार्गो लेकर आ रही एक मालगाड़ी को रास्ते में रोक दिया गया है। इसके अतिरिक्त अल्लामा इकबाल एक्सप्रेस और मिल्लत एक्सप्रेस को भी देरी का सामना करना पड़ रहा है।

## नेपाल में आठ घंटे तक बिजली कटौती से उद्योग हलकान, भारत से 650 मेगावाट बिजली देने का आग्रह

**काठमांडू।** नेपाल में बिजली किल्लत शुरू होने के साथ ही 8-8 घंटे तक बिजली कटौती शुरू हो गई है। इसका सबसे अधिक नुकसान उद्योग क्षेत्र को हो रहा है। पीक आवर में बिजली की डिमांड बढ़ने से उद्योग और कल कारखानों में आवश्यकता के मुताबिक बिजली की सप्लाई नहीं होने से मुश्किलें बढ़ गई हैं। नेपाल ने भारत से अगले चार महीनों के लिए 650 मेगावाट बिजली देने का आग्रह किया है। नेपाल के ऊर्जा मंत्री दीपक खड़का ने कहा कि भारत के ऊर्जा मंत्रालय और भारतीय एक्सचेंज बोर्ड से बिजली सप्लाई करने का आग्रह किया गया है। उन्होंने कहा कि मंगलवार या बुधवार से भारत से बिजली देने (आयात)की अनुमति मांगी गई है। गर्मी के दिनों में अत्यधिक मात्रा में बिजली उत्पादन होने से नेपाल की तरफ से भारत को करीब 950 मेगावाट तक बिजली निर्यात किया जाता है। लेकिन जाड़े के दिनों में नेपाल में बिजली का उत्पादन कम होने से आंतरिक खपत के लिए बिजली की आवश्यकता की पूर्ति नहीं हो पाती है। इसलिए हर वर्ष भारत से 350 से 450 मेगावाट तक की बिजली का आयात किया जाता है। ऊर्जा मंत्री खड़का ने बताया कि पिछले साल तक 450 मेगावाट बिजली आयात करने पर ही नेपाल की आवश्यकता को पूरा किया जा सकता था।

## दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति येओल के खिलाफ महाभियोग मुकदमे की सुनवाई 27 दिसंबर से

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के संवैधानिक न्यायालय ने कहा कि राष्ट्रपति यून सुक येओल के खिलाफ महाभियोग मुकदमे की प्रारंभिक सुनवाई 27 दिसंबर को दोपहर दो बजे होगी। इससे पहले कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश जसिट्स मून ह्युंग-बे ने सुबह 10 बजे वर्तमान सभी छह जजों की बैठक बुलाई। इस बैठक में पहली सुनवाई 27 दिसंबर को करने का फैसला किया गया। महाभियोग की सुनवाई से पहले यून ने अपनी कानूनी टीम को अंतिम रूप दिया है। टीम का नेतृत्व कोरिया संचार आयोग के पूर्व अध्यक्ष किम होंग-इल करेंगे। द कोरिया टाइम्स समाचार पत्र के अनुसार, प्रारंभिक सुनवाई उद्देश्य मुकदमे के प्रमुख मुद्दों को स्पष्ट करना, साक्ष्य परीक्षण पर चर्चा करना और गवाहों के चयन पर निर्णय लेना है। संवैधानिक न्यायालय के प्रवक्ता ने कहा कि इस दौरान अभियोजन, पुलिस और अन्य अधिकारियों से जांच संबंधी रिकॉर्ड प्राप्त किए जाएंगे। राष्ट्रपति यून को इसकी सूचना दी गई है। संवैधानिक न्यायालय ने नेशनल असेंबली से राष्ट्रपति यून सुक येओल का महाभियोग प्रस्ताव शीर्षक वाला दस्तावेज प्राप्त होने के बाद शनिवार को मुकदमे की प्रक्रिया शुरू की। रविवार को न्यायाधीशों ने अपने आवासों से इसकी समीक्षा की। न्यायालय ने महाभियोग परीक्षण के लिए जस्टिस चेओंग ह्युंग-सिक को पीठासीन न्यायाधीश नियुक्त किया।

## पाकिस्तान में पोलियो उन्मूलन अभियान कार्यकर्ताओं पर हमला, पुलिसकर्मी समेत दो लोगों की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में राष्ट्रव्यापी पोलियो उन्मूलन अभियान का पहला दिन हिंसा की भेंट चढ़ गया। खैबर पख्तूनख्वा में अलग-अलग हमलों में अज्ञात बंदूकधारियों ने पोलियो कार्यकर्ताओं पर गोली चला दी। इस गोलीबारी में दो लोग मारे गए।जियो न्यूज चैनल की खबर के अनुसार, करक में बांदा दाउद शाह तहसील के शकर खेल इलाके में पोलियो उन्मूलन टीम को सुरक्षा प्रदान कर रहा एक पुलिसकर्मी सशस्त्र हमलावरों की गोली लगने से शहीद हो गया। इस हमले में एक पोलियो कार्यकर्ता भी घायल हो गया। इसके अलावा बन्नू के काला खेल मस्ती खान इलाके में एक पोलियो कार्यकर्ता की गोली मारकर हत्या कर दी गई। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के गवर्नर फैसल करीम कुंडी ने करक में पोलियो टीम पर हमले को अफसोसजनक बताया और पुलिसकर्मी की शहादत पर दुख व्यक्त किया।पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) की नेता और मुल्क की प्रथम महिला आसिफा भुट्टो जरदारी ने एक्स पोस्ट में पोलियो कार्यकर्ताओं को निशाना बनाकर किए गए हमलों की निंदा की।

# प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने डोमिनिक लेब्लांक को कनाडा का नया वित्त मंत्री नियुक्त किया

एजेंसी

**ओटावा** । कनाडा के सार्वजनिक सुरक्षा मंत्री डोमिनिक रहे लेब्लांक ने ओटावा के रिड्यू हॉल में वित्त मंत्री पद की शपथ ली। नए वित्त मंत्री ने समारोह के बाद कहा कि उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता कनाडाई लोगों के लिए जीवनयापन की लागत कम करना और संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ संबंधों को मजबूत करना होगा।

प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के खास सहयोगी लेब्लांक हाल ही में अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ट्रूडो संग रात्रिभोज में शामिल हुए थे। 57 वर्षीय न्यू ब्रंसविक पहली बार 2000 में चुने सांसद गए, वह पूर्व गवर्नर-जनरल रोमियो लेब्लांक के बेटे हैं। लेब्लांक ने कहा कि वह अंतर-सरकारी मामलों के मंत्री का पद अपने पास रखेंगे। इससे पहले क्रिस्टिया फ्रीलैंड ने ट्रूडो को लिखे एक पत्र में सोमवार सुबह अचानक वित्त मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने कहा था कि वे देश के लिए सर्वोत्तम रास्ते को लेकर असमंजस में हैं। लिबरल सरकार का आर्थिक अपडेट सोमवार दोपहर जारी किया गया, जिससे पता



चला कि घाटा 31 मार्च को समाप्त वित्तीय वर्ष के लक्ष्य से बहुत बड़ा था। अपने त्याग पत्र में फ्रीलैंड ने खुलासा किया कि ट्रूडो ने उन्हें पिछले सप्ताह सूचित किया था कि वह अब उन्हें इस भूमिका में नहीं देखना चाहते हैं और इसके बजाय उन्हें एक और कैबिनेट पद की पेशकश की थी।ट्रूडो ने इस्तीफे पर तुरंत कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। ट्रूडो सरकार कथित तौर पर प्रतिक्रिया में बढ़ी हुई सीमा सुरक्षा और निगरानी में निवेश करने की योजना विकसित कर रही है, लेकिन ट्रंप के सख्त रुख का दबाव भी महसूस कर रही है। फ्रीलैंड द्वारा दिए जाने वाले आर्थिक अपडेट में सरकार कनाडा की संसद में सीमा योजना का विवरण पेश करने वाली थी। फ्रीलैंड का भी सरकारी खर्च को लेकर ट्रूडो के साथ मतभेद था और उनके इस्तीफा देने के बाद अपडेट का विवरण सामने आया। ये अपडेट तब आए हैं, जब ट्रूडो की लिबरल पार्टी चुनाव की तैयारी कर रही है जो अगले साल अक्टूबर के अंत से पहले होना चाहिए। ट्रूडो ने कहा है कि उनकी योजना पार्टी के शीर्ष पर बने रहने की है। उदारवादियों के पास पूर्ण बहुमत नहीं है, यदि सहयोगी न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी अपना समर्थन खींच लेती है तो इससे किसी भी समय एक नया चुनाव हो सकता है। इस बीच ट्रंप की जीत ने घरेलू चिंताओं को जन्म दिया है कि कनाडा वैश्विक सत्ता-विरोधी रुझानों के अधीन हो सकता है, जो लोकलुभावन पियरे पोइलिव्रे के नेतृत्व वाली कंजर्वेटिव पार्टी को 2015 के बाद पहली बार सत्ता में देख सकता है।

## बांग्लादेश में नरसंहार के आरोप में पूर्व मंत्रियों, नौकरशाहों, जज समेत 16 को अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण के समक्ष पेश किया गया

एजेंसी

**ढाका।** बांग्लादेश में जुलाई-अगस्त में सामूहिक विद्रोह के दौरान मानवता के खिलाफ अपराध और नरसंहार के आरोपों के सिलसिले में आज 16 आरोपितों को अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण के समक्ष पेश किया गया। इनमें पूर्व मंत्री, पूर्व नौकरशाह, एक पूर्व न्यायाधीश व अन्य गणमान्य शामिल हैं। इनको अंतरिम सरकार के गठन के बाद गिरफ्तार किया गया था। द डेली स्टार समाचार पत्र ने अपनी खबर में यह जानकारी दी। विवरण के अनुसार, इन 16 में से 12 को सुबह करीब 10:20 बजे अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण लाया गया। इनके नाम हैं-पूर्व कानूनमंत्री अनीसुल हक, पूर्व उद्योगमंत्री अमीर हुसैन अमू, पूर्व खाद्यमंत्री कमरुल इस्लाम, पूर्व नागरिक उड्डयन और पर्यटनमंत्री लेफ्टिनेंट कर्नल (सेवानिवृत्त) फारुक खान, पूर्व कृषि मंत्री अब्दुर रज्जाक, पूर्वमंत्री और वर्कर्स पार्टी के अध्यक्ष राशेद खान मेनन, पूर्व राष्ट्रपति हसनुल हक इनु, बिजली, ऊर्जा और खनिज संसाधनों पर पूर्व प्रधानमंत्री के सलाहकार तौफीक-ए-इलाही चौधरी, पूर्व मंत्री कमाल अहमद मजूमदार, पूर्व मंत्री गुलाम दस्तगीर गाजी, पूर्व न्यायाधीश शम्सुद्दीन चौधरी माणिक और पूर्व गृह सचिव जहांगीर आलम।

इसके बाद सुबह करीब 10:40 बजे पूर्व मंत्री दीपू मोनी को अकेले लाया गया। पांच मिनट बाद पूर्व डाक, दूरसंचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री जुनैद अहमद पलक, पूर्व शिपिंग मंत्री शाजहान खान और हसीना के सलाहकार और व्यवसायी सलमान एफ रहमान को परिसर में लाया गया।

## दक्षिण कोरिया के सेना प्रमुख जनरल पार्क एन-सु गिरफ्तार

एजेंसी

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के सेना प्रमुख जनरल पार्क एन-सु को आज गिरफ्तार कर लिया गया। उन पर अल्पकालिक मार्शल लॉ लागू करने में मुख्य भूमिका निभाने का आरोप है। जनरल पार्क को गिरफ्तार करने की पुष्टि अभियोजकों ने की है। द कोरिया टाइम्स समाचार पत्र की खबर के अनुसार, अभियोजकों ने कहा कि सेना प्रमुख जनरल पार्क एन-सु को मंगलवार को



गिरफ्तार कर लिया गया। पार्क को विद्रोह में मुख्य भूमिका निभाने और सत्ता के दुरुपयोग के आरोप में अदालत से वारंट होने के बाद गिरफ्तार किया गया। इस मामले में इससे पहले पूर्व रक्षामंत्री किम योंग-ह्यून, डिफेंस काउंटर इंटेलिजेंस कमांड के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल येओ इन-ह्युंग, आर्मी स्पेशल वार फेयर कमांड के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल क्वाक जोंग-क्यून और लेफ्टिनेंट जनरल ली कैपिटल डिफेंस कमांड के प्रमुख जिन-वू को गिरफ्तार किया जा चुका है।

# जॉर्जिया के रेस्त्रां में काम करने वाले 11 भारतीयों की मौत

एजेंसी

**त्बिलिसी** । यूरोपीय देश जॉर्जिया में एक भारतीय रेस्त्रां में काम करने वाले 11 भारतीय लोगों की मौत पर जॉर्जिया स्थित भारतीय दूतावास ने दुख जताया है।सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर जारी एक प्रेस वक्तव्य में जॉर्जिया स्थित भारतीय दूतावास ने लिखा, त्बिलिसी स्थित भारतीय दूतावास जॉर्जिया के शहर गुडौरी में 11 भारतीय नागरिकों की दुर्भाग्यपूर्ण मौत के बारे में जानकर दुखी है। हम उनके परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। प्रेस वक्तव्य में कहा गया, दूतावास स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहा है ताकि शवों को शीघ्र भारत भेजा जा सके। हम शोक में डूबे परिवारों के संपर्क में हैं और हर संभव सहायता प्रदान



करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।गुडौरी स्थित एक भारतीय रेस्त्रां में भारतीय नागरिकों की मौत हुई। इस घटना की जांच जॉर्जिया के आंतरिक मामलों के मंत्रालय द्वारा की जा रही है।प्रारंभिक रिपोर्टों में कहा गया है कि यह मौत संभवतः कार्बन मोनोऑक्साइड गैस के कारण हुई हैं।ज्ञात हो कि 14 दिसंबर को जॉर्जिया के गृह मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ÷गुडौरी में हुई दुर्घटना के संबंध में आंतरिक मामलों के मंत्रालय के मत्सखेता मटियानेटी पुलिस विभाग के कर्मचारियों ने जॉर्जिया के आपराधिक संहिता के अनुच्छेद 116 के तहत जांच शुरू की है। इसमें लापरवाही के कारण हत्या का आरोप लगाया गया है। बयान में कहा गया है कि रेस्ट एरिया में उसी रेस्त्रां में काम करने वाले 12 लोगों के शव मिले। प्रारंभिक जांच में शरीर पर किसी तरह की चोट या किसी अन्य प्रकार के निशान नहीं पाए गए। प्रारंभिक जांच के अनुसार, बेडरूम के पास बंद जगह में एक बिजली जनरेटर रखा हुआ था, जिसे कल शायद बिजली आपूर्ति बंद होने के बाद चालू किया गया था।

# विस्कॉन्सिन स्कूल में गोलीबारी से मरने वालों की संख्या दो

एजेंसी

**न्यूयॉर्क** । विस्कॉन्सिन के मैडिसन स्थित एबंडैंट लाइफ क्रिश्चियन स्कूल में हुई गोलीबारी में एक शिक्षक और एक किशोर छात्र की मौत हो गई, जबकि छह छात्र घायल हो गए। पुलिस ने पहले मृतकों की संख्या अधिक बताई थी, लेकिन बाद में इसे सही करार दिया। पुलिस ने बताया कि स्कूल का संदिग्ध किशोर छात्र अब मर चुका है। सिन्हुआ समाचार एजेंसी के अनुसार, संदिग्ध ने हैंडगन का इस्तेमाल किया था। मैडिसन के पुलिस प्रमुख शॉन बार्न्स ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि हमले का मकसद अभी तक साफ नहीं है। उन्होंने बताया कि छह घायल छात्रों में से दो की हालत गंभीर है और उन्हें गंभीर चोट आई है, जबकि बाकी चार छात्रों को हल्की चोट आई हैं। अधिकारी छात्रों को उनके माता-पिता से मिलाने की कोशिश कर रहे हैं। एबीसी न्यूज के अनुसार, इस स्कूल में किंडरगार्टन से 12वीं कक्षा तक लगभग 390 छात्र पढ़ाई करते हैं। विस्कॉन्सिन के सार्वजनिक निर्देश अधीक्षक जिल अंडरली ने एक बयान में कहा, यह घटना हमें याद दिलाती है कि हमें अपने बच्चों और शिक्षकों की सुरक्षा



के लिए और मेहनत करनी चाहिए, ताकि ऐसी दुखद घटनाएं फिर से न हों। हम तब तक आराम नहीं करेंगे जब तक हम ऐसे उपाय नहीं ढूंढ लेते, जो हमारे स्कूलों को सुरक्षित बना सकें। विस्कॉन्सिन के गवर्नर टोनी एवर्स ने लिखा, मैं मैडिसन के एबंडैंट लाइफ क्रिश्चियन स्कूल में हुई घटना पर नजर बनाए हुए हूं। हम बच्चों, शिक्षकों और पूरे स्कूल के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। हम और जानकारी का इंतजार कर रहे हैं और पहले उत्तरदाताओं के लिए आभारी हैं, जिन्होंने त्वरित प्रतिक्रिया दी। मैडिसन पुलिस विभाग ने कहा कि वे पीड़ितों के परिवारों से संपर्क करने के बाद ही जानकारी देंगे, इसलिये सोमवार सुबह एक ईसाई स्कूल में गोलीबारी में मारे गए दो लोगों के बारे में जानकारी नहीं दी। संघीय जांच ब्यूरो और शराब, तंबाकू, फायर आर्म्स और विस्फोटक ब्यूरो के अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं और स्थिति की जांच कर रहे हैं।

# कनाडा की डिप्टी पीएम क्रिस्टिया फ्रीलैंड ने दिया इस्तीफा, ट्रूडो से नीतिगत टकराव बना वजह

एजेंसी

**ओटावा** । कनाडाई वित्त मंत्री और उप प्रधानमंत्री क्रिस्टिया फ्रीलैंड ने मंत्रिमंडल से इस्तीफा देने की घोषणा की है। उन्होंने यह कदम प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा उनका मंत्रालय बदलने की बात कहने के बाद उठाया। फ्रीलैंड को 2024 की आर्थिक गिरावट को लेकर बयान देना था। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किए गए एक पत्र में फ्रीलैंड ने खुलासा किया कि कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने उनका विभाग बदल कर दूसरा कैबिनेट पद देने की पेशकश की थी। जिसके बाद उन्होंने ये फैसला लिया। कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो को संबोधित पत्र में फ्रीलैंड ने लिखा, सरकार में सेवा करना, कनाडा और कनाडाई लोगों के लिए काम करना मेरे लिए सम्मान की बात रही है। हमने साथ मिलकर बहुत कुछ हासिल किया है। आपने मुझसे कहा कि आप नहीं चाहते कि मैं अब आपकी वित्त मंत्री रहूं और मुझे कैबिनेट में दूसरा पद देने की पेशकश की। पत्र में आगे कहा गया, इस पर विचार करने के बाद, मैं इस निष्कर्ष पर पहुंची हूं कि मेरे लिए मंत्रिमंडल से इस्तीफा देना ही



एकमात्र ईमानदारी वाला रास्ता है। एक मंत्री पर प्रधानमंत्री का पूर्ण विश्वास होना चाहिए। तभी वो प्रभावी तरीके से अपनी बात रख सकता है। अपने निर्णय में आपने स्पष्ट कर दिया है कि अब मुझ पर आप विश्वास नहीं रखते और मेरे पास वह अधिकार नहीं है जो इसके साथ आता है। पिछले कुछ हफ्तों से, आप और मैं कनाडा के लिए कुछ फैसलों पर असहमत हुए। उन्होंने आगे कहा कि कनाडा को अमेरिका के 'आक्रामक आर्थिक राष्ट्रवाद' से गंभीर चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। पत्र में उन्होंने कहा, ÷आज कनाडा एक गंभीर चुनौती का सामना कर रहा है। अमेरिका में आने वाला प्रशासन (ट्रंप प्रशासन) आक्रामक आर्थिक राष्ट्रवाद की नीति अपना रहा है। इस नीति के तहत कनाडा पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी जा रही है। हमें उस खतरे को बेहद गंभीरता से लेने की जरूरत है।

# बांग्लादेश में 2025 के अंत या 2026 तक राष्ट्रीय चुनाव की योजना

एजेंसी

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने कहा कि अगले राष्ट्रीय चुनाव 2025 के अंत या 2026 की पहली छमाही में कराना संभव हो सकता है। उन्होंने देश के विजय दिवस के अवसर पर स्थानीय समयानुसार सुबह 10 बजे राष्ट्र के नाम अपने टेलीविजन संबोधन में कहा, ÷चुनाव 2025 के अंत और 2026 की पहली छमाही के बीच आयोजित किए जा सकते हैं। यूनुस ने कहा कि उन्होंने बार-बार सभी से सभी आवश्यक बड़े सुधारों को पूरा करने के बाद चुनाव कराने की अपील की है। लेकिन, राजनीतिक सहमति के कारण, सटीक मतदाता सूची तैयार करने के आधार पर छोटे सुधारों को पूरा करने के बाद 2025 के अंत तक चुनाव कराना संभव हो सकता है। यूनुस ने चुनाव आयोग



और सभी सामाजिक संस्थाओं और राजनीतिक दलों से इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रम चलाने की अपील की। उन्होंने ऐसी परंपरा बनाने का सुझाव दिया कि स्थानीय निकाय चुनावों सहित सभी चुनावों में पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं के लिए सभी केंद्रों पर लगभग 100 प्रतिशत मतदान सुनिश्चित किया जाए।बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार ने कहा, यदि हम यह सुनिश्चित कर सकें तो भविष्य में कोई भी सरकार लोगों के मताधिकार को छीनने का साहस नहीं कर सकेगी।बांग्लादेशी अर्थशास्त्री यूनुस ने 8 अगस्त को देश की अंतरिम सरकार के प्रमुख के रूप में शपथ ली। यूनुस की नियुक्ति का फैसला बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन, तीनों सेनाओं के प्रमुखों और भेदभाव विरोधी छात्र आंदोलन के संयोजकों द्वारा लिया गया। शहाबुद्दीन ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के नेतृत्व वाली सरकार के पतन के बाद राजधानी ढाका में राष्ट्रपति भवन में यूनुस और अंतरिम सरकार के अन्य सदस्यों को शपथ दिलाई थी। 76 वर्षीय हसीना ने इस साल जनवरी में देश के प्रधानमंत्री के रूप में अपने चौथे लगातार पांच साल के कार्यकाल के लिए पदभार संभाला था, जब उनकी सत्तारूढ़ बांग्लादेश अवामी लीग (एएल) पार्टी ने संसदीय चुनावों में भारी जीत हासिल की थी।

## तख्तापलट की साजिश रचने वालों को मिलेगी कड़ी सजा, अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद राष्ट्रपति का ऐलान

एजेंसी

**साओ पाउलो** । ब्राजील के राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला डा सिल्वा ब्रेन सर्जरी के बाद अस्पताल से डिस्चार्ज हो गए हैं। उन्होंने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया और 2022 में तख्तापलट की कोशिश में शामिल लोगों को 'कड़ी सजा' देने का ऐलान किया है। लूला के डिस्चार्ज होने के तुरंत बाद सिरियो लिबनेस अस्पताल में यह प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित हुई जो पिछले सप्ताह हुई सर्जरी के बाद से उनकी पहली सार्वजनिक उपस्थिति थी। उनकी मेडिकल टीम और प्रथम महिला रोसांगेला डा सिल्वा उनके साथ मौजूद थीं। लूला ने हिरासत में लिए गए रिटायर जनरल वाल्टर ब्रागा नेट्टो का जिक्र करते हुए कहा, मेरा मानना ??है कि जनरल ब्रागा को निर्दोष होने का पूरा अधिकार है।' ब्रागा ने पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो के अधीन रक्षा मंत्री के रूप में कार्य किया था। जांच में हस्तक्षेप करने के प्रयास के आरोपी ब्रागा नेट्टो को सुप्रीम फेडरल कोर्ट के



आदेश के बाद गिरफ्तार कर किया गया। फेडकरल पुलिस के अनुसार, बोल्सोनारो कथित तौर पर 2022 में लूला को राष्ट्रपति पद संभालने से रोकने के लिए तख्तापलट की योजना बना रहे थे। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार लूला ने कहा कि राष्ट्रपति की हत्या की साजिश में उच्च पदस्थ सैन्य अधिकारियों का शामिल होना अस्वीकार्य है। छुट्टी मिलने के बाद लूला गुरुवार तक साओ पाओलो स्थित अपने आवास पर काम करेंगे। उसके बाद उन्हें राजधानी ब्रासीलिया की यात्रा के लिए परमिट प्राप्त करने के लिए सीएटी स्कैन कराना होगा, ताकि वे प्लानाल्टो पैलेस में अपना काम फिर से शुरू कर सकें।79 वर्षीय लूला ने गंभीर सिरदर्द की शिकायत की थी, जब उनके मस्तिष्क और मेनिन्जियल झिल्ली के बीच हेमेटोमा पाया गया तो उन्हें इमरजेसी सर्जरी के लिए भर्ती किया गया था। डॉक्टरों ने पुष्टि की कि हेमेटोमा से कोई चोट या अन्य बीमारियां नहीं हुई हैं। यह मामला अक्टूबर महीने के अंत में राष्ट्रपति निवास, पैलेसियो डा अलवोराडा में लूला के गिरने से जुड़ा था, जब उनके सिर के पिछले हिस्से में चोट लगी थी ।

## जर्मनी के ओलाफ़ स्कोल्ज़ विश्वास मत हार गए

**बर्लिन।** चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़ जर्मन संसद में विश्वास मत हार गए हैं। जिसके बाद यूरोपीय संघ के सबसे अधिक आबादी वाले सदस्य और सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था को फरवरी में जल्दी चुनाव कराने की नौबत आ गई। स्कोल्ज़ ने 733 सीटों वाले निचले सदन या बुंडेस्टाग में 207 सांसदों का समर्थन हासिल किया, जबकि 394 ने उनके खिलाफ मतदान किया। वहीं 116 सांसद अनुपस्थित रहे। इस तरह चांसलर ओलाफ जीत के लिए जरूरी 367 के बहुमत से काफी पीछे रह गए।

**कौमी पत्रिका**

**संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।

**Corporate Office:**
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002

फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300

**E - mail address :** qpatrika@gmail.com
**Website:** www.qaumipatrika.in

**R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472**

**Legal Advisors:**
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

# पाकिस्तान में पुलिस चेक पोस्ट पर आतंकी हमला, एएसआई और कांस्टेबल की मौत

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में आज तड़के सिंधु नदी के पास गुननगर काराकोरम राजमार्ग पर एक पुलिस चेक पोस्ट पर हुए आतंकी हमले में दो पुलिसकर्मियों की जान चली गई। जान गंवाने वालों में एक सहायक उप निरीक्षक और एक हेड कांस्टेबल है। इस हमले में तीन अन्य पुलिस कर्मचारी घायल हो गए, जिन्हें बट्टग्राम के जिला मुख्यालय अस्पताल पहुंचाया गया है। डॉन समाचार पत्र के अनुसार पुलिस अधिकारियों ने कहा कि यह हमला खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शांगला जिले की चकेसर तहसील के गुननगर इलाके की पुलिस चेकपोस्ट पर किया गया। आतंकवादियों के हमले में दो पुलिसकर्मी शहीद हो गए, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने कहा कि प्रतिबंधित आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी)





के 2022 में सरकार के साथ हुए युद्धविराम समझौते को तोड़ने के बाद हमलों में तेजी आई है। आतंकवादी बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में लगातार पुलिस और सुरक्षा बलों को निशाना बना रहे हैं। आंतरिक मंत्रालय के अनुसार पिछले 10 महीनों में 1,566 आतंकवादी घटनाएं हुई हैं। इनमें अकेले खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में 948 हमले हुए। इनमें 924 जवान और अधिकारी मारे गए। शांगला जिला पुलिस अधिकारी (डीपीओ) के प्रवक्ता उमर रहमान के अनुसार गुननगर चेक पोस्ट हमले में अलपुरी के सहायक उप निरीक्षक मोहम्मद हसन और हेड कांस्टेबल निसार अहमद की मौत हुई, जबकि तीन कांस्टेबल घायल हो गए। रहमान ने कहा कि चेक पोस्ट पर रॉकेट लॉन्चर और हथगोले फेंके गए। इससे चेक पोस्ट की दीवारें ढह गई और एक कांस्टेबल नीचे दब गया। घायल पुलिसकर्मियों को बट्टग्राम के जिला मुख्यालय अस्पताल पहुंचाया गया। उन्होंने बताया कि हमले के बाद दूसरे जिलों से पुलिस बल बुलाया गया और इलाके की घेराबंदी की गई है। पिछले तीन दिनों में यह दूसरा आतंकी हमला है। इससे पहले पूरन तहसील में मुस्लिम कांडाव चेक पोस्ट पर हुए हमले में एक नागरिक की मौत हो गई थी और दो पुलिसकर्मी घायल हो गए थे।

## एनसीईआरटी देश का सामूहिक शैक्षणिक भंडार है : धर्मेंद्र प्रधान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने भारतीय शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की शुरुआत पर कहा कि एआई आज दुनिया में हर चीज को प्रभावित कर रहा है। एनसीईआरटी को देश का सामूहिक शैक्षणिक भंडार बताते हुए उन्होंने कहा कि जिस तरह से वीडियो और एनीमेशन के साथ बोलने वाली किताब की कल्पना की जा रही है, उसे पारंपरिक पुस्तक मुद्रण के साथ जोड़कर, एनसीईआरटी ऐसा करने के लिए सही मंच है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री आज राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) मुख्यालय में नए एनसीईआरटी ऑडिटोरियम के लिए भूमि पूजन के बाद संबोधित कर रहे थे। उन्होंने एनसीईआरटी और ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर की भी अध्यक्षता की। इससे देशभर में, खासकर टियर 2 और टियर 3 शहरों में एनसीईआरटी प्रकाशनों की सस्ती और निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकेगी। मंत्री ने गुगल लर्निंग सेंटर का भी उद्घाटन किया, जो एआई सहित डिजिटल टूल्स पर शिक्षकों और शिक्षाविदों की क्षमता निर्माण की सुविधा प्रदान करेगा। यह अत्याधुनिक लैब 40 लोगों के लिए पर्याप्त कंप्यूटर और नेटवर्किंग सुविधाओं के साथ बनाई गई है। इसके साथ ही, पीएमईविद्या डीटीएच टीवी चैनलों के प्रसारण के लिए 200 यूट्यूब चैनल बनाए गए हैं। उन्होंने निष्ठा एकीकृत शिक्षक प्रशिक्षण मॉड्यूल, निष्ठा-ईटी, कौशल और एड्-लीडर भी जारी किए।

## 'झूठ' बोलने पर भड़कीं निर्मला सीतारमण, बोलीं - जयराम रमेश लिखित में मांगें माफी

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में संविधान के 75 गौरवशाली वर्ष पर केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने चर्चा की शुरुआत की। चर्चा के दौरान निर्मला सीतारमण ने संविधान संशोधन को लेकर कांग्रेस की गलतियां गिनवाईं। इस बीच केन्द्रीय मंत्री सीतारमण और कांग्रेस सांसद जयराम रमेश के बीच तीखी नोकझोंक हुई। जीएसटी के मुद्दे पर कांग्रेस के सांसद जयराम रमेश ने केन्द्रीय मंत्री पर झूठ बोलने का आरोप लगाया, जिस पर निर्मला सीतारमण भड़क गईं और उनसे लिखित में माफी देने की मांग की। निर्मला सीतारमण ने कहा कि जीएसटी का कांग्रेस ने विरोध किया था। इस पर जयराम रमेश ने कहा कि भाजपा शासित प्रदेश गुजरात ने सबसे पहले इसका विरोध किया था।इस पर जयराम रमेश ने उन पर झूठ बोलने का आरोप लगाया। इस आरोप पर निर्मला भड़क गईं और सभापति से आग्रह करने लगीं कि जयराम रमेश इसके लिए लिखित में माफी मांगें।

## आर्मेनिया के संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति से मुलाकात की

**नई दिल्ली।** आर्मेनिया के एक संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने आर्मेनिया की नेशनल असेंबली के अध्यक्ष एलेन सिमोनियन के नेतृत्व में राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए राष्ट्रपति मुर्मु ने भारत और आर्मेनिया के बीच सदियों पुराने सांस्कृतिक संबंधों तथा लोकतंत्र के साझा मूल्यों पर आधारित बहुमुखी समकालीन संबंधों को याद किया। राष्ट्रपति ने वैश्विक बहुपक्षीय मंचों पर दोनों देशों के बीच घनिष्ठ सहयोग पर भी ध्यान दिया तथा आर्मेनिया की अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन की सदस्यता और तीनों वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलनों में उसकी भागीदारी की सराहना की। राष्ट्रपति ने हमारे विभिन्न विकास साझेदारी कार्यक्रमों के माध्यम से आर्मेनिया में क्षमता निर्माण और कौशल विकास में योगदान जारी रखने की भारत की इच्छा व्यक्त की। उन्होंने द्विपक्षीय व्यापार का विस्तार करने और दोनों देशों के बीच भौतिक और वित्तीय संपर्क बढ़ाने की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला। राष्ट्रपति ने कहा कि नियमित संसदीय वार्ता एक दूसरे की शासन प्रणालियों और कानूनों की समझ बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि आर्मेनियाई संसदीय प्रतिनिधिमंडल की यह यात्रा हमारे द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करेगी।

## प्रियंका के 'फिलिस्तीन' बैग पर राजनीति, भाजपा ने कहा कंधे पर टांगा तुष्टिकरण

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी संसद परिसर में 'फिलिस्तीन' लिखा हुआ बैग लेकर पहुंचीं। इस पर भारतीय जनता पार्टी ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। पार्टी का कहना है कि गांधी परिवार हमेशा से कंधे पर तुष्टिकरण का बैग लिये घूम रहा है। कांग्रेस सांसद पहले भी फिलिस्तीन के गाजा में इजराइली बलों द्वारा की जा रही कार्रवाई का मुद्दा उठा चुकी है। बैग में वाटरमेलन का चित्र है, जो कि फिलिस्तीन एकजुटता का सिंबल बनकर उभरा है। कांग्रेस नेता शमा मोहम्मद ने एक्स पर एक तस्वीर साझा की और कहा कि प्रियंका गांधी ने एक विशेष बैग लेकर फिलिस्तीन के साथ अपनी एकजुटता दिखाई हैं। यह करुणा, न्याय और मानवता के प्रति प्रतिबद्धता का संकेत है। उनका स्पष्ट कहना है कि कोई भी जिनेवा कन्वेंशन का उल्लंघन नहीं कर सकता। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद एवं प्रवक्ता संबित पात्रा ने पत्रकार वार्ता में प्रियंका के फलिस्तीन के साथ एकजुटता दिखाने पर कटाक्ष किया है। उन्होंने कहा कि नेहरू के ही समय से गांधी परिवार तुष्टिकरण का थैला अपने कंधों पर लेकर घूमता है, उन्होंने कभी देशभक्ति का थैला अपने कंधों पर नहीं लटकाया।प्रियंका गांधी का कहना है कि कोई अन्य कैसे निर्धारित करेगा कि हमें क्या पहनना चाहिए। हालांकि साथ ही उन्होंने बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों का मुद्दा भी उठाया ।

## असम पोंजी अनियमित जमा घोटाले में सीबीआई ने दाखिल किये आरोप पत्र

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने असम सरकार अनुशंसित अनियमित जमा घोटाला मामले की जांच में 18 आरोपियों के विरुद्ध राजधानी गुवाहाटी में विशेष सीबीआई अदालत के समक्ष पांच अलग-अलग मामलों में पांच और आरोप पत्र दायर किये हैं। सीबीआई की विज्ञप्ति के अनुसार जांच एजेंसी ने असम पोंजी घोटाले के विभिन्न मामलों की जांच को गति देते हुए 18 आरोपियों के विरुद्ध पांच अलग-अलग मामलों में पांच और आरोपपत्र दायर किये, जिनमें 16 निजी व्यक्ति एवं दो संगठन यथा मेसर्स अपऐपिथेट्स होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड (यूएचपीएल) तथा ब्रह्मपुत्र संचय और विनियोग कोआपरेटिव सोसायटी लिमिटेड (बीएसबीसीएसएल) शामिल हैं।

# पहली विदेश यात्रा पर भारत आए राष्ट्रपति दिसानायके, कहा- भारत की सुरक्षा चिंताओं को ध्यान में रखेगा श्रीलंका

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत और श्रीलंका ने पारंपरिक और गैर-पारंपरिक खतरों का मुकाबला करने के साथ-साथ एक स्वतंत्र, खुले, सुरक्षित और संरक्षित हिंद महासागर क्षेत्र को सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता दोहराई है। इस संबंध में श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके ने अपने देश की स्थापित नीति को दोहराते हुए आश्वस्त किया है कि वह भारत की सुरक्षा के साथ-साथ क्षेत्रीय स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि श्रीलंका अपनी धरती का किसी भी तरीके से प्रतिकूल उपयोग करने की अनुमति नहीं देगा।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके ने भारत की अपनी राजकीय यात्रा के दौरान आज नई दिल्ली में अपनी बैठक में व्यापक और उपयोगी चर्चा की। दोनों नेताओं ने इस बात की पुष्टि की कि भारत-



श्रीलंका द्विपक्षीय साझेदारी गहरे सांस्कृतिक और सभ्यतागत संबंधों, भौगोलिक निकटता और लोगों से लोगों के संबंधों पर आधारित है। दोनों देशों की ओर से जारी संयुक्त वक्तव्य में कहा गया कि आतंकवाद, नशीली दवाओं/मादक पदार्थों की तस्करी, मनी लॉन्ड्रिंग जैसे विभिन्न सुरक्षा खतरों का संज्ञान लेते हुए दोनों नेता प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण, खुफिया जानकारी और सूचना साझा करने के प्रयासों को और मजबूत करने पर सहमत हुए। इस संबंध में बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले जहाजों को जब्त करने में भारतीय और श्रीलंकाई नौसेनाओं के सहयोग प्रयासों में हाल की सफलता का उल्लेख किया गया और राष्ट्रपति दिसानायके ने भारतीय नौसेना का आभार जताया। भारत और श्रीलंका के बीच बुधवार को आय पर करों के संबंध में राजकोषीय चोरी की रोकथाम से जुड़े प्रोटोकॉल में संशोधन और श्रीलंका के 1500 सिविल सेवकों के लिए प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण दो समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए। भारत की ओर से लाभार्थियों के शैक्षणिक पाठ्यक्रमों के अंत तक जाफना विश्वविद्यालय और पूर्वी विश्वविद्यालय से प्रत्येक वर्ष 100 नए छात्रों को वित्तीय सहायता योजना और महो-अनुराधापुरा खंड में सिग्नलिंग परियोजना के लिए 14.9 मिलियन अमेरिकी डॉलर की अनुदान सहायता की घोषणा की गई।

## केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज ने बजट पूर्व हितधारकों से किया परामर्श

एजेंसी

**नई दिल्ली।**केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कृषि भवन, नई दिल्ली में बजट पूर्व हितधारकों से विस्तृत परामर्श किया। इस दौरान किसानों के साथ ही कृषि उद्यमियों, कृषि से जुड़े विभिन्न संगठनों, कृषक उत्पादक संघ तथा अन्य हितधारकों ने विभिन्न महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बैठक में केंद्रीय मंत्री शिवराज ने कहा कि सभी प्राप्त सुझावों का हम गंभीरता से अध्ययन कर वित्त मंत्री को अवगत कराएंगे। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र से जुड़े सभी पक्षों से हम लगातार संवाद करते रहेंगे। बैठक में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय आंतरिक रूप से भी गहन अध्ययन कर रहा है ताकि बजट के संबंध में अपने प्रस्ताव वित्त मंत्रालय को शीघ्र दिए जा सकें। चौहान ने कहा कि विभिन्न पुरानी योजनाओं की समीक्षा भी की जा रही है। आज जिन किसानों तथा अन्य संस्थाओं के साथ ही विभिन्न हितधारकों ने जो सुझाव दिए हैं, वे महत्वपूर्ण है क्योंकि ये लोग फील्ड में काम करते हुए अपने अनुभव प्राप्त करते हैं, जो खेती-किसानी के फायदे के लिए उपयोगी होते हैं। इन लोगों से कृषि क्षेत्र में वैल्यू एडिशन, कृषि उपज के निर्यातकों के लिए सुविधाएं बढ़ाने, कृषि अनुसंधान का विस्तार करने, कृषि आदानों की कीमत पर नियंत्रण एवं गुणवत्ता, किसानों को नुकसान नहीं होने आदि के संबध में अनेक सुझाव प्राप्त हुए हैं। केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) द्वारा विकसित विभिन्न फसलों की 109 नई किस्में देश को समर्पित की थी।

## रेखा शर्मा सहित छह राज्यसभा के नए सदस्यों ने ली शपथ

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में टीडीपी, भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के छह नए सदस्यों ने शपथ ली।





राज्यसभा की कार्यवाही शुरू होते ही हरियाणा से भाजपा नेता और राष्ट्रीय महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष रेखा शर्मा को सदन की सदस्यता की शपथ दिलाई। इसके साथ आंध्र प्रदेश से तेलगू देशम पार्टी के सना सतीश बाबू और रयागा कृष्णैया को शपथ दिलाई गई। इसी प्रदेश से भाजपा से बीधा मस्थान राव को शपथ दिलाई गई। ओडिशा से भाजपा के सुजीत कुमार और और तृणमूल कांग्रेस से रीताब्रता बनर्जी को शपथ दिलाई गई।

# गति शक्ति विश्वविद्यालय और नौसेना ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

एजेंसी

**नई दिल्ली।** गति शक्ति विश्वविद्यालय, वडोदरा ने नई दिल्ली में भारतीय नौसेना के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य भारतीय नौसेना के लिए रसद-संबंधी शिक्षा, अनुसंधान और प्रशिक्षण को बढ़ाना है। वाइस एडमिरल दीपक कपूर (लॉजिस्टिक्स नियंत्रक, भारतीय नौसेना) और प्रो. मनोज चौधरी (कुलपति, गति शक्ति विश्वविद्यालय) द्वारा हस्ताक्षरित यह समझौता भारतीय नौसेना की लॉजिस्टिक्स क्षमताओं और परिचालन दक्षता को बढ़ाने में एक प्रमुख मील का पत्थर है।

यह सहयोग आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, मल्टीमॉडल परिवहन और रसद में स्थिरता पर ध्यान केंद्रित करके भारतीय नौसेना के रसद ढांचे को मजबूत करने के लिए तैयार है। यह पीएम गति शक्ति



राष्ट्रीय मास्टर प्लान 2021 और राष्ट्रीय रसद नीति 2022 जैसी राष्ट्रीय विकास पहलों के साथ भी संरेखित है। यह समझौता ज्ञापन एआई अनुप्रयोगों, पूर्वानुमान विश्लेषण और ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञता और केस स्टडी के आदान-प्रदान की सुविधा प्रदान करता है, ताकि रसद प्रथाओं को बेहतर बनाया जा सके। भारतीय नौसेना के कुछ अधिकारियों को गति शक्ति विश्वविद्यालय (जीएसवी) में अकादमिक डिग्री हासिल करने का अवसर मिलेगा, साथ ही उनके लिए विशेष रूप से डिजाइन किए गए प्रबंधन विकास कार्यक्रम भी होंगे। भारतीय सेना और भारतीय वायु सेना के साथ अपनी मौजूदा साझेदारी को आगे बढ़ाते हुए, गति शक्ति विश्वविद्यालय अब तीनों रक्षा सेवाओं की शिक्षा और अनुसंधान आवश्यकताओं को पूरा करता है। परिवहन और रसद पर विश्वविद्यालय का मुख्य ध्यान इसे इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में कौशल विकास और नवाचार के मामले में सबसे आगे रखता है। वाइस एडमिरल दीपक कपूर ने इस बात पर जोर दिया कि यह सहयोग नौसेना को उन्नत रसद क्षमताओं और व्यावहारिक अंतर्दृष्टि से सशक्त बनाएगा, जबकि गति शक्ति विश्वविद्यालय को नौसेना की परिचालन विशेषज्ञता से लाभ होगा।

## भाजपा के लिए प्रतिष्ठा का सवाल बनी है करोलबाग विधानसभा सीट पढ़ें लिखे और कर्मठ जुझारू नेता को ही बनाना होगा उम्मीदवार

नई दिल्ली। दिल्ली की करोलबाग विधानसभा सीट भाजपा के लिए बेहद प्रतिष्ठा का सवाल बन गई है,दरअसल यह सीट से पिछले तीन बार से आम आदमी पार्टी के खाते में है और यहां से विशेष रवि विधायक हैं,आप ने एक बार फिर से विशेष रवि पर ही अपना दाव लगाया और चौथी बार टिकट देकर मैदान में उतारा है। करोलबाग दिल्ली की अहम विधानसभा सीट में शामिल है और यह दिल्ली का सबसे बड़ा थोक और फुटकर बाजार कहा जाता है। भाजपा के लिए अब यह बेहद जरूरी हो गया है कि इस सीट पर पढ़ें लिखे कर्मठ और योग्य शख्स को उम्मीदवार बनाए। करोलबाग सीट पर पहले चुनाव में बीजेपी के एसपी रतवाल ने कांग्रेस की सुंदरवती नवल प्रभाकर को हराया और विधायक बने। फिलहाल आम आदमी पार्टी के नेता विशेष रवि यहां से विधायक हैं। वह लगातार तीसरी बार इस सीट से विधायक चुने गए हैं। करोलबाग विधानसभा सीट दिल?ली की 70 विधानसभा सीटों में अहम स?थान रखती है। सेंट्रल दिल?ली जिले का हिस?सा यह इलाका नई दिल?ली लोकसभा क्षेत्र में आता है। 1993 में इस इलाके को विधानसभा सीट बनाया गया था। इस सीट पर 1993 में हुए पहले चुनाव में बीजेपी के एसपी रतवाल ने कांग्रेस की सुंदरवती नवल प्रभाकर को हराया और विधायक बने। फिलहाल आम आदमी पार्टी के नेता विशेष रवि यहां से विधायक हैं। एस सी कोटे में आने वाली इस सीट पर हर बार की तरह इस बार भी कांग्रेस और भाजपा इस सीट पर किसी दमदार नेता को मैदान में उतारेगी। आप विधायक विशेष रवि के बारे में कहा जाता है कि वह स्थानीय जनता के लिए सदैव मौजूद रहते हैं और उनके कार्यकाल में विकास कार्य भी बखूबी किए गए,ऐसे में अब यह भाजपा के लिए अहम हो जाता है कि वह भी किसी ऐसे पढ़ें लिखे और समाज के कामों में ब?चकर हिस्सा लेने वाले शख्स को टिकट देकर मैदान में उतारे। कहने को करोलबाग विधानसभा में ट्रैफिक जाम,अतिक्रमण की समस्या भी कुछ कम नहीं है जिसकी वजह से आम लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बात की जाए साप्ताहिक बाजार के अलावा मुख्य बाजारों की तो यहां मार्केट एसोसिएशन ही पुलिस प्रशासन के सहयोग से व्यवस्था बनाने में अहम भूमिका निभाती है। स्थानीय विधायक के लिए भी इलाके में होने वाली जाम की समस्या खासी सिरदर्द बनती है। अब देखने वाली बात यह है कि आम आदमी पार्टी ने जहां अपने विधायक विशेष रवि पर ही भरोसा जताया है वहीं भाजपा से अब तक किसी के नाम का ऐलान नहीं हुआ है। ऐसे में यह उम्मीद जताई जा रही है कि पिछले चुनाव से सबक लिए हुए भाजपा किसी पढ़ें लिखे और जुझारू शख्स को ही उम्मीदवार बनाएगी। इस सीट पर आप के अलावा अब तक न तो कांग्रेस और न ही भाजपा ने अपने प्रत्याशियों के नाम का ऐलान किया है। माना जा रहा है कि भाजपा अभी कांग्रेस के उम्मीदवार को देख रही है उसके बाद ही किसी दमदार प्रत्याशी के नाम का ऐलान किया जाएगा।


**NAME CHANGE**

I, Harman Singh S/o Jagpreet Singh Kanwar R/o H-154, Spaze Privvy, Sector-93, Hayatpur (114),Gurgaon, Haryana-122505, Have Changed My name To Harman Singh Kanwar For All Future Purpose

**NAME CHANGE**

I, EKTA W/O SAHEB KHARBANDA residing at H NO-786, 3RD FLOOR, POCKET-1, NEAR K D PROPERTIES, PASCHIM PURI, DELHI-110063. Have changed my name to EKTA MALIK for all future purpose.

**NAME CHANGE**

I, NEENA W/O SATISH MALIK residing at H NO-C-14-C, SECOND FLOOR, NEW DDA FLATS, PASCHIM PURI, PASCHIM VIHAR, DELHI-110063. Have changed my name to NEENA MALIK for all future purpose.

**NAME CHANGE**

I, IMRAN S/O ISLAMUDDIN residing at H NO-292 GALI NO-6 BABU NAGAR MUSTAFABAD DELHI-110094. Have changed my name to IMRAN KHAN for all future purpose.

**NAME CHANGE**

I Sarita Bhardwaj W/O Rajive Kamal D/O Late Ramesh Bhardwaj R/O C-6 -Soami Nagar South, Malviya Nagar, New Delhi-110017 Have Changed my name to Sarita Kamal for all future purposes

**NAME CHANGE**

I MOHAMMAD ANAS S/O MOHAMMED MOHSIN R/O 7748 3RD FLOOR SADAR NALA ROAD BASTI KHATIKAN SADAR BAZAR DELHI-110006.HAVE CHANGED MY NAME TO MOHAMMED ANAS

**NAME CHANGE**

I, Suman Karhana R/o House No-203, 2nd Floor, Tower-3, Fresco Appartment, Sector-50, Nirvana Country, Gurgaon, Haryana-122018, Have Changed My Minor Daughter Name Amaira to Amaira Singh For All Future Purpose

**NAME CHANGE**

I, Dinesh Kumar S/o Rajender Singh R/o House No-290, Takhan, Okhla industrial Area Phase -1, South Delhi, Delhi-110020, Have Changed My Name To Dinesh Bidhuri For All Future Purpose

**NAME CHANGE**

I, RAVINDAR KUMAR S/O RAMDAS residing at H NO-299, NEW PRIYANKA CAMP, MADANPUR KHADAR, SARITA VIHAR, NEW DELHI-110076. Have changed my minor son's name from SAAMARTH to SAAMARTH ANDREAS KUMAR for all future purposes.

**NAME CHANGE**

I, JC-777707K Rank-SUB Name-SREE KUMAR S Father of ANIKA S.N residing at OZHUKUPARA, PO-NEDUNGOLAM, DISTT KOLLAM, KERALA-691334 have changed my minor daughter's name from ANIKA S.N to ANIKA. N. SREEKUMAR for all future purposes vide Affidavit dated 17/12/2024 Before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**

I Sarfaraz Masood S/O Masood Alam R/o I-52 A, Abul Fazal Enclave part 1, Jamia Nagar New Delhi, 110025 inform that my mother name is written in in my documents i.e Naseem Masood which is to be Nasim Masood correct permanently

**NAME CHANGE**

I hitherto known as Mukesh Mishra alias Chandan Kumar S/O: Satyanarayan Mishra,R/O 147, Akbarpur behrampur vijay nagar, Chipyana Buzurg, Gautam Buddha Nagar, Uttar Pradesh - 201009,have changed my name and shall hereafter be known as MUKESH MISHRA.

**NAME CHANGE**

I Mahendr nath S/O KAMAL NATH R/O HOUSE NO 29 VILL GHIRTOLI POST DYONAI TEHSIL GARUR BHAGESHWAR PIN 263641 have changed my name to MAHENDRA NATH

**NAME CHANGE**

I MOHD MOHSIN S/O MUNIRUDDIN R/O 7748 3RD FLOOR SADAR NALA ROAD BASTI KHATIKAN SADAR BAZAR DELHI-110006.HAVE CHANGED MY NAME TO MOHAMMED MOHSIN

**NAME CHANGE**

I RAJINDER PAL KAUR SONDHI D/O INDRA SINGH R/O T2/907 PURI PRATHAM KHERI KALAN (113) SECTOR-84 FARIDABAD B P T P HARYANA 121002.HAVE CHANGED MY NAME TO RAJINDER PAUL KAUR SONDHI

**NAME CHANGE**

I, Jawahar Lal S/O Dharam Singh R/O H. No-6, Kh. NO -31/18, Ranholla , Meera Enclave, Nangloi, West Delhi, Delhi -110041, have changed the name of my minor Son namely Devraj aged 15 years and he shall hereafter be known as Dev

**NAME CHANGE**

I, No-15732732H, Rank-NK, Name-PANGARKAR NILESH SHIVAJI Residing at AT MOHARI KH, TEHSIL-BHOR, DIST-PUNE, MAHARASHTRA-412213 have changed my mother's name from SUNITA to SUNITA SHIVAJI PANGARKAR for all future purposes vide Affidavit dated 17/12/2024 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**

I, SANTARAM Father of No-16135371Y, Rank-SPR, Name-WAGHMODE SAMADHAN SANTARAM residing at AANANTPUR, TALUK ATHANI, ANANTPUR BELAGAVI, KARNATAKA-591212, have changed my name from SANTARAM to SANTARAM WAGHMODE for all future purposes vide Affidavit dated 17/12/2024 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**

It is for general information that I,Devender Kumar S/O Chander Bhan , R/O House No. 439 VTC: Bankner, District North West Delhi, Delhi-110040, declare that name of my wife has been wrongly written as Anita Khatri in my PPO No 3732118, the actual name of my wife is Anita Devi.

**NAME CHANGE**

I, No-14859434P, Rank-L/NK Name-MOHD. ADIL KHAN R/o H NO-267D, ROAD NO-7, KRISHNA NAGAR, IZZAR NAGAR, BAREILLY, UP-243122 have changed my father's name from MOHAMED ASLAM KHAN to MOHAMMAD ASLAM KHAN for all future purposes vide Affidavit dated 17/12/2024 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**

I, MALAN Mother of No-16135371Y, Rank-SPR, Name-WAGHMODE SAMADHAN SANTARAM Residing at TALUK ATHANI, ANANTPUR BELAGAVI, KARNATAKA-591212, have changed my name from MALAN to MALAN WAGHMODE for all future purposes vide Affidavit dated 17/12/2024 before Notary Public, Delhi.

**सार्वजनिक सूचना**

मैं, अवधेश कुमार चौधरी, पुत्र मधु कांत चौधरी, निवासी मकान संख्या 130, दुर्गा मंदिर गली, गांव कोंडली, कोंडली, पूर्वी दिल्ली, दिल्ली-110096, यह है की इशी नाम से एसबीआई और पंजाब नेशनल बैंक में बैंक खाता है और इशी नाम से मेरा आधार कार्ड और पैन कार्ड है। पहले मेरे सभी रिकॉर्ड में मेरा नाम कंचन चौधरी था और उस समय मेरा निवासी AB-211, अमर पुरी नबी करीम, पहाड़ गंज, मध्य दिल्ली, दिल्ली-110055 था, लेकिन अब मैं अवधेश चौधरी के नाम से जाना जाता हूँ और दोनों व्यक्ति एक ही हैं और कृपया इसे इंडियन बैंक में मेरे बैंक रिकॉर्ड और अन्य सभी उद्देश्यों के लिए ले लें।

**NAME CHANGE**

I, hitherto known as MOHD ARSHAD S/o MOHD. AQIL R/o 2962, Kalan Masjid, Sita Ram Bazar, Delhi G.P.O., North Delhi, Delhi - 110006 have changed my name and shall hereafter be known as MOHD ARSHAD QURESHI.

**NAME CHANGE**

It is for general information that I, IRSHAD S/o ANWAR R/o B-13/59,, Gali No. 6/2, Near Chappar Wali Masjid, Kabir Nagar, Gokal Pur, North East Delhi, Delhi-110094, declare that name of mine and my wife has been wrongly written as MD. IRSHAD AHMED and RUBINA BANO in my minor Daughter MANTASHA aged 15 years in her School Record and as MOHD IRSHAD AHMED and RUBINA BANO in her Birth Certificate No. 3432959 . The actual name of mine and my wife are IRSHAD and RUBINA respectively, which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**

It is for general information that I, BALACHANDRAN KALLATHUPARAMBIL PARAMESWARAN S/O KALLATHUPARAMBIL PARAMESWARAN R/O 101, C-BLOCK, CENTRAL GOVT. QUARTERS, MOHAMMEDPUR, R K PURAM, OPPOSITE K V, R K PURAM MAIN, SOUTH WEST DELHI, DELHI-110066, declare that name of mine and my wife has been wrongly written as K. P. BALACHANDRAN and SREE LATHA in my minor daughter ARADHYA BALACHANDRAN aged 14 years in her School Records. The actual name of mine and my wife are BALACHANDRAN KALLATHUPARAMBIL PARAMESWARAN and SREELATHA PULICKATH NARAYANAPILLAI, which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**

I, RAVINDAR KUMAR S/O RAMDAS residing at H NO-299, NEW PRIYANKA CAMP, MADANPUR KHADAR, SARITA VIHAR, NEW DELHI-110076. Have changed my minor son's name from SHIMON to SHIMON ABHINAV KUMAR for all future purposes.

**NAME CHANGE**

I, SARANYA PODALI Wife of No. 15813423A Rank- L/NK Name-SUNEEEL KUMAR VEMULAPATI R/o 7-1-263, YADAVA STREET, VILL-RANGANAYAKULA PETA, PO-TIKKANA TELEGRAM, TEHNELLORE, DIST-NELLORE, ANDHRA PRADESH-524001, have changed my name from SARANYA PODALI to PODALI SARANYA for all future purposes and in my husband's service records my date of birth wrongly mentioned as 20/06/1997 instead of my correct date of birth as 20/06/1998 vide Affidavit dated 17/12/2024 before Notary Public Delhi.

**PUBLIC NOTICE**

"Be Known to all, that my clients Sh. Mahesh Kumar S/o Late Sh. MOTI RAM and Smt. Sheela W/o Sh. Mahesh Kumar Both R/0 House No.1170, Gali No 12, Govindpuri, Kalkaji, New Delhi 110019 has debarred & disowned their son Sh. Manish kumar along with his wife Sarita and child namely Namish Kumar Prajapati from their all moveable and immovable properties. My clients had also severed all their relations and connections from the above said persons. If anybody deals with them in any manner, then my clients will not be responsible for any of their deeds and acts."

**Pawan Gupta**
ADVOCATE
673, LAWYERS CHAMBER
BLOCK SAKET COURT
NEW DELHI 110017

**NAME CHANGE**

It is for the general information that I, JITENDRA KUMAR S/o AKALU KUMAR, R/o RZ-33/200B, Gali No. 11, Durga Park, Nasirpur, South West Delhi, Delhi - 110045, declare that name of mine has been wrongly written as JITENDER KUMAR in my minor son namely NIKHIL KUMAR, aged 16 years in his school record. The actual name of mine is JITENDRA KUMAR, which may be amended accordingly.

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform the general public that **Mr. Dharambir** is the GPA Holder of Property Bearing No. B-285-B, area measuring 45 Sq. Yds., out of Khasra No. 18/15, Situated in the area of Village Hastsal, Colony Known as Vikas Vihar, Block-B, Vikas Nagar, Uttam Nagar, New Delhi. He is in possession through Notarized GPA, ATS & WILL dated 17.10.2023 executed by Mr. Parveen Yadav in favour of Mr. Dharambir in respect of Said property. **Mr. Dharambir** intends to transfer the ownership of aforementioned Property by way of Sale Deed to **Mr. Anuj Kumar Singh and Mrs. Ranjana Singh.** Subsequently, **Mr. Anuj Kumar Singh and Mrs. Ranjana Singh** are in the process of mortgaging the said property with **SMFG India Home Finance Co. Ltd. (Formerly Fullerton India Home Finance Co. Ltd.).** Any objections or concerns regarding this transaction should be raised within a period of 07 days from the date of this public notice. Any objections submitted after the completion of this 07-day period will not be considered binding with respect to the said property or the interests of our client. If anyone wishes to raise an objection, please do so within the stipulated 07-days period by contacting

**Law Veritas: North (Advocates & Legal Consultants) at Office No. 11, 1st Floor, Building No. A-44/A, Sector-16, Noida, Uttar Pradesh-201301;**
Landline(s): +910120-3101683,
E-mail: accounts@lvnorth.in

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform the general public that **Mr. Akshay Kumar** Rastogi is the GPA Holder of Property bearing no. B-4/14-A, area measuring 60 sq. yards., out of Total area 125 sq. yards., out of Khasra no. 207 situated in the abadi of Gamri Extn., in the area of village Ghonda Gujran Khadar, Illaqa Shahdara, Delhi. He is in Possession through Regd. GPA, SPA, Will & Notarized ATS dated 16.06.2004 executed by Rishi Kumar Gupta in favour of **Mr. Akshay Kumar Rastogi** in respect of Said Property. **Mr. Akshay Kumar Rastogi** intends to transfer the ownership of aforementioned Property by way of Sale Deed to **Mr. Satyam.** Subsequently, **Mr. Satyam** is in the process of mortgaging the said property with **Aditya Birla Housing Finance Limited.** Any objections or concerns regarding this transaction should be raised within a period of 15 days from the date of this public notice. Any objections submitted after the completion of this 15-day period will not be considered binding with respect to the said property or the interests of our client.
If anyone wishes to raise an objection, please do so within the stipulated 15-days period by contacting

**Law Veritas: North (Advocates & Legal Consultants) at Office No. 11, 1st Floor, Building No. A-44/A, Sector-16, Noida, Uttar Pradesh-201301;**
Landline(s): +910120-3101683,
E-mail: accounts@lvnorth.in

**NAME CHANGE**

It is for general information that I, SHASHI W/o SATY PARKASH TIWARI R/o 9/277, Khichripur, Kalyanpuri, Preet Vihar, East Delhi, Delhi-110091, declare that name of my Husband and my minor son have been wrongly written as SATYA PRAKASH and SAKSHAM in my minor son namely SAKSHAM TIWARI aged 10 year in his school record. The actual name of my Husband and my minor son are SATY PARKASH TIWARI and SAKSHAM TIWARI respectively, which may be amended accordingly.

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को यह जानकारी दी जाती है कि हमारी ग्राहक श्री वीरेंद्र कुमार कुशवाह, श्री उदय सिंह, श्री मेघराज, श्री लालमन सिंह, श्री अजय कुमार से ग्राम नूरनगर, परगना लोनी, तहसील एवं जिला गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश में स्थित खसरा नंबर 99 में से 397.22 वर्ग गज फ्रीहोल्ड आवासीय प्लॉट नंबर 61 क्षेत्र खरीद रहे हैं। श्री गुलशन और श्री कौशल, श्रीमती माया देवी और श्रीमती देवंद्री, स्वर्गीय श्रीमती शांति देवी पत्नी श्री लिखीराम के कानूनी उत्तराधिकारी की मृत्यु हो गई और उन्हें खरीद लिया गया। उक्त संपत्ति, सेल डीड दिनांक 22.11.2004 के अनुसार दस्तावेज़ संख्या 9712, खंड संख्या 1838 पृष्ठ संख्या 104-117 SR- GZB-II हमारा ग्राहक घोषणा कर रहा है कि किसी अन्य व्यक्ति का उक्त संपत्ति पर कोई अधिकार नहीं है, जो होना है पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड शाखाः झंडेवालान दिल्ली द्वारा वित्त पोषित। यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में अधिकार@स्वामित्व या हित के संबंध में कोई आपत्ति या दावा है तो इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 07 दिनों के भीतर हमसे संपर्क करें या उसी को संपर्क करें। यदि किसी को मिला तो अधोहस्ताक्षरित। इसके बाद किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

**Naveen Kumar Verma (advocate)**
F-211,sector-3 Vaishali Ghaziabad
Uttar Pradesh-201010, Contact at 09958871432

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को यह जानकारी दी जाती है कि हमारी ग्राहक श्रीमती अंजलि माथुर और श्रीमती खुशबू जैन बिना छत/छत के पूरी दूसरी मंजिल पर निर्मित फ्रीहोल्ड आवासीय की मालिक हैं, जो नगर पालिका क्रमांक 947 की संपत्ति का हिस्सा है, जो वार्ड में स्थित 91 वर्ग गज यानी 76.08 वर्ग मीटर भूमि क्षेत्र पर बनी है। नंबर XII, पंजाबी मोहल्ला, सब्जी मंडी, क्लॉक टॉवर, दिल्ली-110007। विक्रय विलेख के आधार पर दिनांक 28.08.2023 को एसआर- ढ्ढ दिल्ली के कार्यालय में दस्तावेज़ संख्या 9725, पुस्तक संख्या 1, खंड संख्या 9,958, पृष्ठ 108-115 पर विधिवत पंजीकृत किया गया। श्रृंखला दस्तावेज़ों में नीचे उल्लिखित दस्तावेज़ उपलब्ध नहीं हैं अर्थात प्रोबेट ऑर्डर ऑफ़ पंजीकृत। वसीयत दिनांक 27.06.2013, अब हमारा ग्राहक घोषणा कर रहा है कि उक्त संपत्ति पर किसी अन्य व्यक्ति का कोई अधिकार नहीं है, और वही संपत्ति श्री रमेश चंद्र मिश्रा द्वारा बेची गई है और इसे पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड शाखा एनएसपी द्वारा वित्तपोषित किया गया है, नई दिल्ली। यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में अधिकार@स्वामित्व या हित के संबंध में कोई आपत्ति या दावा है तो इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 07 दिनों के भीतर हमसे संपर्क करें या उसी को संपर्क करें। यदि किसी को मिला तो अधोहस्ताक्षरित। इसके बाद किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

**Naveen Kumar Verma (advocate)**
F-211,sector-3 Vaishali Ghaziabad
Uttar Pradesh-201010, Contact at 09958871432

**NAME CHANGE**

I, SONAL PRADEEP CHORGE Wife of No. 14848870M, Rank-NK Name-PRADIP RAGHUNATH CHORGE Residing at VILL-KHINDWADI, PO-KHINDWADI, PS-SATARA, TEHSIL-SATARA, DISTT-SATARA, MAHARASHTRA-415004, have changed my name from SONAL PRADEEP CHORGE to SONAL PRADIP CHORGE for all future purposes vide Affidavit dated 17/12/2024 before Notary Public, Delhi.

## हरियाणा के स्कूली बच्चे प्रार्थना सभा में पढ़ेंगे अखबार

**एजेंसी**
**चंडीगढ़।** हरियाणा में अब सभी सरकारी स्कूलों में विद्यार्थी सुबह प्रार्थना सभा में अखबार पढ़ते नजर आएंगे। इतना ही नहीं, विद्यार्थी अपनी पसंद का समाचार प्रार्थना सभा में पढ़कर अपने विचार भी रखेंगे। इससे बच्चों में समसामयिक घटनाओं की जानकारी, सोच और आलोचनात्मक दृष्टिकोण को प्रोत्साहन मिलेगा। समग्र शिक्षा के संयुक्त राज्य परियोजना निदेशक डा. मयंक वर्मा ने इस संबंध में सभी जिला शिक्षा अधिकारियों, मौलिक शिक्षा अधिकारियों और जिला परियोजना समन्वयकों को आदेश जारी कर दिए हैं। समाचार पत्र पढ़ने से छात्रों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय घटनाओं के बारे में जानने का अवसर मिलेगा। इससे उनका सामान्य ज्ञान बढ़ेगा और वे उन घटनाओं पर अपनी राय व्यक्त करेंगे, जो उनकी विचारशीलता को प्रोत्साहित करेगा। विद्यार्थियों को अपनी पसंद के समाचार का चयन करने और सभा में उसे पढ़कर अपने विचार व्यक्त करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

## मतदान के दिन सेल्फी प्रतियोगिता में ख्वाहिश गर्ग रही प्रथम

**सोनीपत।** लोकसभा आम चुनाव के दौरान स्वीप गतिविधि के तहत आयोजित मतदान के दिन सेल्फी अपलोड प्रतियोगिता में ख्वाहिश गर्ग ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने अपने कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विजेताओं को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। डॉ.मनोज कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में विजेताओं का चयन डिजिटल ड्रा के माध्यम से किया गया। ब्राइट स्कॉलर सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा ख्वाहिश गर्ग ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और दस हजार रुपये का नकद पुरस्कार जीता। द्वितीय स्थान पर श्री राम कृष्ण सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा शिवांशी रही, जिसे पांच हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। तृतीय स्थान विजय हाई स्कूल के छात्र मोक्ष चुघ को मिला, जिन्हें 2500 रुपये की नकद राशि देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी भी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर उपायुक्त नेकहा कि इस तरह की गतिविधियां मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने और छात्रों को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में शामिल करनेमेंसहायकहैं।

## हर समस्या का समाधान त्वरित आधार पर करके रिपोर्ट भेजें अधिकारी-श्रुति चौधरी

**हिसार।** कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह समस्याओं का त्वरित आधार पर समाधान करके रिपोर्ट भिजवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को ये भी निर्देश दिए कि सोरखी माइनर को पक्का करने के लिए जल्द प्रस्ताव तैयार करें। कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी फतेहाबाद जाते समय कुछ समय के लिए जिले के गांव सीसर में आजाद पेट्रोल पंप पर रुकी थी। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और उनका समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सोरखी माइनर को पक्का करने के लिए प्रस्ताव तैयार कर भिजवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने लोगों द्वारा पेटवाड़ माइनर में पूरा पानी छोड़ने की मांग पर कहा कि हर किसान को उनके हक का पानी हर हाल में उपलब्ध करवाया जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों से सोरखी-सीसर माइनर की पुलिया को चौड़ा करके पुलिया की दीवार को ठीक करने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर आजाद सिंह बेरवाल, आनंद यादव, कपूर सिंह पूनिया, राजपाल सिंह, कृष्णा सोरखी, जय भगवान सीसर तथा कई अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## नगर निगम कर्मचारियों ने सरकार की वायदा खिलाफी के विरोध में किया प्रदर्शन

**रोहतक।** नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के बैनर तले कर्मचारियों ने सरकार पर वायदा खिलाफी का आरोप लगाते हुए शहर में झाड़ू लेकर प्रदर्शन किया और चेताया कि सरकार ने जल्द स्वीकृत समझौते को लागू नहीं किया तो कर्मचारी बडे स्तर पर आंदोलन करने पर मजबूर होगे।

नगर निगम रोहतक ईकाई प्रधान संजय बिडलान के नेतृत्व में काफी संख्या में कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर सडक़ पर उतरे और सरकार के खिलाफ रोष प्रदर्शन किया।

संजय बिडलान ने बताया कि कई बार सरकार को कर्मचारियों की मांगों बारे अवगत कराया जा चुका है, जिसमें से कुछ मांगों को लेकर सरकार के साथ सहमति भी बन चुकी है, लेकिन आज तक सरकार ने एक भी मांग को पूरा नहीं किया है, जिससे कर्मचारियों में सरकार के खिलाफ काफी रोष है। उन्होंने सरकार से ठेका प्रथा बंद कर कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की मांग की। साथ ही चेताया कि अगर कर्मचारियों की प्रमुख मांग को सरकार ने तुरंत पूरा नहीं किया तो जल्द ही प्रदेश स्तरीय बैठक बुलाकर सरकार के खिलाफ आगामी आंदोलन की घोषणा कर दी जाएगी। उन्होंने सरकार पर कर्मचारियों के साथ भेदभाव रवैया अपनाने का भी आरोप लगाया। इस अवसर पर अनिल कांगडा, श्रवण बोहत, विक्की बिडलान, रवि चढा, संजय, अंकित आदिवाल, जतिन, मोनू चावरिया, सुरेन्द्र, सतपाल बिडलान, सौरभव बांगडी, अंजना, दर्शना, अनिता, कविता प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# हरियाणा के मुख्यमंत्री सभी हलकों में सुनेंगे जनता की शिकायतें

**एजेंसी**
**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अपने धन्यवादी दौरे के दौरान विधानसभा क्षेत्रों में जनता की शिकायतें भी सुनेंगे और पूरी हो चुकी परियोजनाओं का उद्घाटन करके जनता को समर्पित की जाएंगी। इस संबंध में अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। हरियाणा के मुख्य सचिव डा. विवेक जोशी ने सभी प्रशासनिक सचिवों को उनके विभाग की विभिन्न जिलों व विधानसभा स्तर पर पूरी हो चुकी परियोजनाओं की रिपोर्ट तैयार करने को कह दिया गया है। साथ ही उन विकास कार्यों की सूची भी तैयार कर ली गई है, जिनका शिलान्यास होना है। इनमें सीएम की घोषणाएं शामिल हैं। प्रदेश के राजनीतिक इतिहास में भाजपा लगातार तीसरी बार सत्ता में



आई है। इसके लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी 18 दिसंबर से राज्य में धन्यवादी दौरों पर निकलने वाले हैं। पहले चरण में 11 विधानसभा क्षेत्रों के दौरे फाइनल हो चुके हैं। मुख्यमंत्री इन विधानसभा क्षेत्रों को कवर करते रहेंगे और नई विधानसभाओं के दौरे, विकास की परियोजनाएं और कार्यक्रम तैयार होते रहेंगे। सभी सांसदों, मंत्रियों और विधायकों को इन कार्यक्रमों की सूचना पार्टी के स्तर पर दी जाएगी। प्रत्येक जिले के अधिकारियों को इन कार्यक्रमों में अनिवार्य रूप से रहने को कहा गया है। मुख्यमंत्री अपने चंडीगढ़ निवास पर हर रोज सैकड़ों लोगों की समस्याएं सुनते हैं। कई समस्याएं ऐसी होती हैं, जिनका निस्तारण जिला स्तर पर ही संभव है, लेकिन वहां कोई सुनवाई नहीं होने की वजह से लोग सीधे सीएम कार्यालय पहुंचते हैं। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव और अपने प्रधान सचिव के माध्यम से जिले के अधिकारियों को कहा है कि यदि जिला स्तर पर कोई समस्या ऐसी है, जिसका समाधान पालिसी मैटर अथवा कानूनी मामले की वजह से संभव नहीं है तो उसकी लिखित में सीएम कार्यालय को जानकारी दी जाए, अन्यथा अधिकतर समस्याओं का समाधान जिला स्तर पर ही होना चाहिए।

## नए साल में अनुबंधित सहायक प्राध्यापकों को मिलेगी जॉब गारंटी

**एजेंसी**
**चंडीगढ़।** हरियाणा के विश्वविद्यालयों में अनुबंध आधार पर सेवाएं दे रहे सहायक प्राध्यापकों (असिस्टेंट प्रोफेसर) की सेवानिवृत्ति आयु तक नौकरी सुरक्षित की जाएगी। इसके लिए नए साल में विधानसभा में बिल लाया जाएगा। किसी सहायक प्राध्यापक को नहीं हटाया जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंचकूला में हरियाणा यूनिवर्सिटी कांट्रेक्चुअल टीचर्स एसोसिएशन (हुकटा) के प्रतिनिधिमंडल से कहा कि आपको चिंतित होने की जरूरत नहीं है। पंचकूला में माता मनसा देवी गोशाला में स्वर्गीय रतनलाल कटारिया के 73वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित रक्तदान शिविर में मुख्यमंत्री ने कहा कि मैंने विधानसभा के शीतकालीन सत्र में भी कहा था कि विधानसभा के लगभग 1500 अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसरों को कालेज के एक्सटेंशन लेक्चरर की तरह सेवा सुरक्षा देंगे।रोजगार सुरक्षित होने तक किसी भी अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसर का रोजगार हमारी सरकार नहीं जाने देगी। हुकटा के प्रदेशाध्यक्ष विजय मलिक ने मुख्यमंत्री को बताया कि हमारा चयन विश्वविद्यालय अनुदान आयोग(यूजीसी) द्वारा निर्धारित सभी पात्रता शर्तों एवं चयन प्रक्रिया के मापदंड जैसे विज्ञापन तथा गठित चयन समिति द्वारा साक्षात्कार के आधार पर किया गया है। अधिकतर अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसर लंबे समय से नियमित होने तक सेवा सुरक्षा की प्रतीक्षा करते हुए भर्ती में अपने आवेदन करने की आयु सीमा को भी पार चुके हैं।

## गुरुग्राम में दो पक्षों में हुई झड़प के दौरान 10 गाडियों में तोडफ़ोड़, एक फूंकी

**एजेंसी**
**गुरुग्राम।** सोहना चौक स्थित ओल्ड जेल कॉम्पलेक्स में दो पक्षों के बीच हुए रविवार की रात को विवाद के बाद भयंकर लड़ाई हो गई। किसी तरह से झगड़े को शांत किया गया। सोमवार की सुबह 11 बजे फिर से उनके बीच झगड़ा हुआ और वहां खड़ी गाडियों को तोड़ा। एक गाड़ी को आग के हवाले कर दिया गया। किसी भी पक्ष ने पुलिस में शिकायत नहीं दी। इस घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पूरे घटनाक्रम की बारीकी से जांच की जा रही है।

जानकारी के अनुसार ओल्ड जेल कॉम्पलेक्स में मौजूद कुछ लोगों ने जानकारी दी कि एक पक्ष के लोगों का पार्किंग को लेकर होटल चलाने वाले व्यक्ति से झगड़ा हो गया। मामूली सी बात का यह झगड़ा खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया। वहां मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। इस झगड़े में होटल संचालक की तरफ के दो लोगों को चोटें आईं। उन्हें अस्पताल ले जाया गया। बताया यह भी जा रहा है कि हमलावरों ने होटल संचालक से रंगदारी मांगी थी। वे अवैध रूप से गाडियों को निशाना बनाना शुरू कर दिया। वहां पर 10 वाहनों में बुरी तरह से तोडफ़ोड़ की गई है। एक गाड़ी को जला दिया गया।



शराब भी बेचते थे। किसी ने इस घटना की सूचना शिवाजी नगर पुलिस को दी। पुलिस मौके पर भी पहुंची।

किसी भी पक्ष ने पुलिस में कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है। सोमवार की सुबह फिर से लोग वहां पर पहुंचे। फिर से झगड़ा हुआ तो हमलवारों ने वहां खड़ी पुलिस ने घटनास्थल से कई वाहनों को जब्त किया। पुलिस द्वारा शुरुआती पूछताछ में सामने आया है कि हमलावर टैंपो चलवाते हैं। वे होटल के सामने ही खाली जगह पर टैंपो खड़े करते हैं। इनका होटल संचालक से रात को झगड़ा होने के बाद सुबह फिर से झगड़ा हुआ।

## अंत्योदय महिलाओं को हरियाणा सरकार देगी 500 रुपये में गैस सिलेंडर

**एजेंसी**
**हिसार।** अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा ने कहा है कि खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की ओर से संचालित हर घर-हर गृहिणी योजना अंत्योदय परिवारों की महिलाओं को रसोई में धुआं रहित स्वच्छ वातावरण देने में कारगर साबित होगी। इस योजना के अंतर्गत बीपीएल परिवार की महिलाओं को 500 रुपए की रियायती दरों पर एलपीजी सिलेंडर हर महीने दिया जाएगा।अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि हरियाणा सरकार ने बीपीएल परिवार की महिलाओं को प्रति माह 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने की हर घर-हर गृहणी योजना शुरू कर दी है। अंत्योदय परिवारों की महिलाएं योजना के आधिकारिक पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करवा सकती हैं। बीपीएल परिवारों को स्वच्छ ईंधन मिले और महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार हो, इसी उद्देश्य से हर घर-हर गृहिणी योजना का शुभारंभ किया गया है। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि अभी तक जिले की अनेकों महिलाओं ने सीएससी के माध्यम से इस पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन किया है। कम आमदनी वाले घर, जो फुल प्राइस पर एलपीजी नहीं खरीद



सकते और खाना पकाने के लिए पारंपरिक संसाधनों पर निर्भर करते थे, उन्हें इस योजना से खासकर फायदा होगा। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि हिसार जिले में सरकार द्वारा एलपीजी कनेक्शन देने के लिए उज्जवला योजना पहले से शुरू की हुई थी जिसमें 500 रुपए में गैस कनेक्शन मिल जाता है। अब जिन परिवारों की वार्षिक आय 1.80 लाख रुपए या इससे कम है, वे महिला उपभोक्ता के नाम से हर घर-हर गृहिणी योजना का लाभ ले सकते हैं। इस योजना के तहत हर महीने 500 रुपए में एलपीजी रिफिल मिलेगा। उन्होंने बताया कि महिलाएं इस योजना का लाभ उठाने के लिए बड़ी संख्या में पंजीकरण करवा रही हैं। जिले में उज्जवला स्कीम के 88751 हजार कनेक्शन हैं। एलपीजी की आपूर्ति में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

# बरोदा में भाजपा के 62 हजार नए सदस्य बनाएंगे: मोहन लाल बडौली

**एजेंसी**
**सोनीपत।** बरोदा विधान सभा क्षेत्र से भाजपा के पूर्व उम्मीदार प्रदीप सांगवान के कार्यालय पर आयोजित बैठक में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडौली ने कहा कि बरोदा हलका से 62 हजार नए सदस्य बनाएंगे। जो कार्यकर्ता 50 सदस्य बनाएगा, वह सक्रिय सदस्य बनाएगा। सक्रिय सदस्य का शुल्क 100 रुपए का होगा।

बडौली ने कहा कि प्रत्येक बूथ से तीन सक्रिय सदस्य बनाए जाएंगे। इस सारे अभियान की देखरेख के लिए जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में 3 सदस्यों की टीम का




गठन किया जाएगा। भाजपा विश्वकी सबसे बड़ी पार्टी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र उन्नति की नई बुलंदियों को छू रहा है। प्रदेश की नायब सरकार से का हर वर्ग खुश है।

कार्यकर्ता सभा का आयोजन भाजपा नेता प्रदीप सांगवान ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष जसबीर दोदवा ने की। इस मौके पर उनके साथ जिला प्रभारी सतीश नांदल,जिला अध्यक्ष जसबीर दोदवा,सदस्यता अभियान के प्रदेश प्रभारी राजकुमार कटारिया, निशांत छौक्कर,मनोज जैन, डॉ. राममेहर राठी, आजाद जागसी, राजेश भावड़, सूरत सिंह, जितेन्द्र शर्मा, ओमबीर शर्मा, मनोज शर्मा, सुरेन्द्र पूनिया, भीम सरपंच, मनोज शर्मा, कश्मीरी खासा, महावीर गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का आम चुनाव 19 को

**एजेंसी**
**नारनौल।** आयुक्त गुरुद्वारा चुनाव, न्यायमूर्ति एचएस भल्ला द्वारा हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के प्रदेश भर में बने सभी 40 वार्डों के प्रथम आम चुनाव के लिए शेड्यूल जारी कर दिया गया है। उपायुक्त डॉक्टर विवेक भारती ने बताया कि आम चुनाव 19 जनवरी 2025 को होंगे।

नामांकन आमंत्रित करने के लिए अधिसूचना का प्रकाशन बुधवार, 18 दिसंबर 2024 को होगा। इसके बाद 20 दिसंबर से लेकर 28 दिसंबर 2024 तक नामांकन भरे जाएंगे। उन्होंने बताया कि 30 दिसंबर को नामांकन पत्रों की जांच और छटनी की जाएगी। इसी प्रकार रिटर्निंग अधिकारी के आदेश में संशोधन के लिए डीसी को आवेदन दायर करने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2024 की है। डीसी द्वारा संशोधन आवेदन पर निर्णय 1 जनवरी 2025 को दोपहर 3 बजे तक लिया जाएगा। वैध नामांकन पत्रों की सूची का प्रकाशन 1 जनवरी 2025 को किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि कोई भी उम्मीदवार 2 जनवरी 2025 तक उम्मीदवारी वापस ले सकते हैं और फिर उसी दिन चुनाव चिह्न दोपहर 3 बजे के बाद आवंटित किए जाएंगे। 19 जनवरी 2025 को हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनाव सुबह 8 बजे से लेकर सायं 5 बजे तक करवाए जाएंगे। मतदान पूरा होने के तुरंत बाद बूथ पर ही मतगणना करवा दी जाएगी।

## पलवल में खेल मंत्री ने बीस दिव्यांगों को बांटी बैटरी चलित ट्राई साइकिल

**एजेंसी**
**पलवल।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस इनडोर स्टेडियम में आदित्य गौतम मेमोरियल ट्रस्ट पलवल द्वारा जिला प्रशासन और जिला रेडक्रॉस सोसाइटी पलवल के तत्वावधान में चिन्हित 20 और दिव्यांगजनों को खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने वितरित की। गौरतलब है पहले विश्व दिव्यांग दिवस पर आयोजित शिविर में 75 लोगों को बैटरी चलित तिपहिया साइकिल और कृत्रिम उपकरण देने के लिए चयनित किया गया था, जिनमें से 55 लोगों को यह बैटरी चलित तिपहिया साइकिल और कृत्रिम उपकरण प्रदान कर दिए गए थे और बचे हुए 20 लोगों को बैटरीचलित तिपहिया साइकिल इस कार्यक्रम के माध्यम से वितरित की गई है। खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि उनके छोटे भाई आदित्य गौतम की स्मृति में आदित्य गौतम मेमोरियल द्वारा जिला प्रशासन और जिला रेडक्रॉस सोसाइटी पलवल के तत्वाधान में एलिम्को कम्पनी और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सीएसआर के सहयोग से रक्तदान, स्वास्थ्य जांच और दिव्यांग जनों के लिए ट्राई साइकिल वितरण के लिए जांच शिविर आयोजित किया गया था। इस शिविर के माध्यम से 75 दिव्यांग जनों को निशुल्क ट्राई साइकिल देने के लिए चयनित किया गया था,





जिनमें से आज बचे हुए 20 लोगों को और ट्राई साइकिल वितरित कर दी गई है।उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन हमारे समाज का वह हिस्सा है जो हमें जीवन में पॉजीटिव रहना व जीवन को संघर्ष के साथ जीना सिखाते हैं। उन्होंने कहा कि आगे भी पलवल जिला में इस प्रकार के शिविरो का आयोजन किया जाता रहेगा। खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने एलिम्को कम्पनी और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सीएसआर के सहयोग की सराहना भी की। इस मौके पर दिव्यांग जनों ने भी खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनको यह बैटरी चलित तिपहिया साइकिल मिलने से आने-जाने में काफी सुविधा मिलेगी और उनकी जीवन शैली काफी आसान बनेगी।

इस मौके पर जिला रेड क्रॉस सोसाइटी पलवल के सचिव बिजेंद्र सौरोत, अंजलि भयाना नीतू सिंह, समाजसेवी अजनीत कालड़ा, कनुज खुराना, परमिंदर सिंह, अभिषेक देशवाल , धर्मेन्द्र दीक्षित,पंकज विरमानी और गुलशन सहित रैड क्रॉस कर्मचारी व दिव्यांगजन मौजूद रहे।

## 'ड्रग फ्री हरियाणा' की ओर बढ़ते कदम

**एजेंसी**
**नारनौल।** हरियाणा राज्य को ड्रग फ्री करने की दिशा में कार्य करते हुए सेवा विभाग की ओर से नशामुक्ति के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने के लिए सर्वश्रेष्ठ व्यक्तियों, संस्थानों व नशामुक्ति केंद्रों को 20 हजार से 50 हजार की राशि से सम्मानित करने का फैसला किया है। विभाग ने वर्ष 2024-25 के लिए राज्य पुरस्कार देने के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक व्यक्ति व संस्था 31 दिसंबर तक राज्य पुरस्कार के लिए विभागीय अवार्ड पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। यह जानकारी उपायुक्त डा. विवेक भारती ने दी।

उन्होंने बताया कि इस संबंध में नियम एवं शर्तें जिला समाज कल्याण अधिकारी के कार्यालय तथा विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर प्राप्त की जा सकती हैं। उन्होंने बताया कि इसमें प्रथम पुरस्कार 50 हजार रुपए, द्वितीय 30 हजार रुपए व तृतीय पुरस्कार 20 हजार रुपए दिया जाएगा।उन्होंने बताया कि इस पुरस्कार को आठ श्रेणियों में बांटा गया है। इनमें बेस्ट नशा मुक्ति केंद्र, पंचायती राज संस्थाएं, शहरी निकाय, स्कूल व कॉलेज शामिल हैं। इसी प्रकार नशा छुड़वाने के लिए लगातार सघन व जागरूकता अभियान के लिए भी सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा किसी गैर पेशेवर द्वारा उत्कृष्ट व्यक्तिगत



उपलब्धि तथा पेशेवर द्वारा उत्कृष्ट व्यक्तिगत उपलब्धि पर भी 20 हजार से लेकर 50 हजार तक का पुरस्कार रखा गया है। उपायुक्त ने बताया कि इस अभियान का मकसद नागरिकों को जागरूक करना तथा इस कार्य में लगी संस्थाओं तथा लोगों को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा हरियाणा सरकार युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम चल रहे हैं। शिक्षण संस्थानों में लगातार युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

## भारतीय सैनिकों ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए बांगलादेश को करवाया आजाद: धीरेंद्र खडगटा

**एजेंसी**
**रोहतक।** उपायुक्त धीरेन्द्र खडगटा ने विजय दिवस के अवसर पर महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के युद्ध स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। साथ ही जिला सैनिक बोर्ड की ओर से युद्ध वीरांगणाओं तथा वीर शहीदों के 16 परिजनों को भी सम्मानित किया। उपायुक्त ने युद्ध स्मारक पर आपरेशन मेघदूत, आपरेशन रहीनो व अपरेशन रक्षक के शहीदों के नाम प्रदर्शित करते पट का अनावरण भी किया। उन्होंने कहा कि देश के वीर सैनिकों ने 1971 में पाकिस्तान बांगलादेश युद्ध में अपने आदम्य साहस का परिचय देकर बांगलादेश को पाकिस्तान की बरबरताओं से मुक्त करवाया तथा भारत माता का गौरव बढ़ाया। भारतीय सैनिकों की बदौलत बांगलादेश आजाद हुआ।

इस अवसर पर पुलिस टुकड़ी द्वारा सशस्त्र उल्टे कर एवं मातमी धुन बजाकर शहीदों को सलामी दी। उपायुक्त धीरेंद्र खडगटा ने जिला सैनिक बोर्ड की सचिव विंग कमांडर गोरिका सुहाग को निर्देश दिए कि वे हर माह सिविल मिलिट्री बैठक का आयोजन करवाए ताकि भूतपूर्व सैनिकों एवं वीर शहीदों के आश्रितों की जरूरतों बारे कार्रवाई की जा सकें। उन्होंने कहा कि हम किसी भी युद्ध या अन्य ऑपरेशन में शहीद होने वाले सैनिक को सरकार द्वारा शहीद का दर्जा दिए जाने तक उन्हें प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ दिया जा सके। इस अवसर पर पुलिस



शहीद की पूर्ति तो नहीं कर सकते, लेकिन शहीद के परिवार के दुख-दर्द में सांझीदार अवश्य बन सकते है। उन्होंने कहा कि भूतपूर्व सैनिकों व वीर शहीदों के परिजनों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निपटान करवाया जाए। वीर शहीदों के आश्रितों के कल्याण की योजनाओं का संबंधित परिवारों को पूरा लाभ दिया जाए तथा किसी भी उपाधीक्षक वीरेंद्र सिंह, जिला सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण अधिकारी विंग कमांडर गोरिका सुहाग, मेजर जनरल शमशेर सिंह, कर्नल जेएस बल्हारा, कर्नल संजीव दहिया, कर्नल आरएस सुहाग, कर्नल एसपी अहलावत, कैप्टन जगवीर मलिक, कैप्टन बलवान अहलावत, हवलदार नरेंद्र सिंह व रामफल हुड्डा ने भी शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

# हिसार के रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास का कार्य शीघ्र होगा पूर्ण

**एजेंसी**
**हिसार।** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत उत्तर-पश्चिम रेलवे, बीकानेर मंडल के हिसार स्टेशन के पुनर्विकास का कार्य तीव्र गति से चल रहा है। प्रथम चरण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। स्टेशन भवन के समरूप में बड़े स्तर पर सुधार कार्य, स्टेशन की ओर आने-जाने वाले मार्ग में प्रवेश और निकास के लिए अलग-अलग प्रावधान का कार्य, बाउंड्री वॉल, सर्कुलेटिंग एरिया में सौंदर्य करण, दोपहिया, चौपहिया वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग सुविधा, बुकिंग ऑफिस रिटायरिंग रूम आदि में सुधार, नए टॉयलेट ब्लॉक्स का कार्य अंतिम चरण में है और लगभग 94 प्रतिशत से अधिक कार्य हो चुका है।लगभग 27.54 करोड़ की लागत से होने वाले पुनर्विकास कार्यों में उपरोक्त कार्यों



के अलावा सौंदर्य वर्धन के लिए एलइडी लाइटिंग तथा दीवारों पर आर्टवर्क भी किया जाएगा। स्टेशन का मुख्य प्रवेश द्वार अत्यन्त आकर्षक है और आकर्षक आधुनिक स्टेशन भवन निर्माणाधीन है। सभी सुविधाओं का दिव्यांगजनों तक पहुंच बनाने के लिए उपयुक्त साइनेज भी लगाया जाएगा। स्टेशन की प्रकाश व्यवस्था में सुधार से संबंधित कार्य तथा हरित ऊर्जा उत्पादन के लिए सोलर प्लांट भी लगाया जाएगा। इसके अलावा यात्री सूचना प्रणाली में सुधार के लिए के कोच गाइडेंस डिस्प्ले बोर्ड, मल्टीलाइन डिस्पले बोर्ड्स, सिंगल लाइन डिस्प्ले बोर्ड, पब्लिक एड्रेस सिस्टम, बड़े एलइडी स्क्रीन्स तथा जीपीएस आधारित डिजिटल क्लॉक भी लगाया जाएगा। स्टेशन पर 12 मीटर चौड़ा पैदल पुल भी बनाया जाएगा जिसकी अनुमानित लागत लगभग 12.98 करोड़ रुपए है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत इस स्टेशन का निर्माण कार्य पूरा होने पर यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी एवं व्यापारी वर्ग भी लाभान्वित होगा।

## ममता मशीनरी का आईपीओ 19 दिसंबर को खुलेगा

**अहमदाबाद।** ममता मशीनरी लिमिटेड का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 19 दिसंबर को खुलेगा। कंपनी की ओर से यहां जारी बयान के अनुसार ममता मशीनरी लिमिटेड (एमएमएल) गुरुवार, 19 दिसंबर को इक्विटी शेयरों के अपने आरंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव के संबंध में बोली प्रस्ताव अवधि खोलेगी। ऑफर का मूल्य बैंड 230 से ??243 रुपये प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। मूल्य बैंड में प्रति इक्विटी शेयर 12 रुपये की छूट शामिल है, जो कर्मचारी आरक्षण हिस्से में बोली लगाने वाले पात्र कर्मचारियों को दी जा रही है। न्यूनतम 61 इक्विटी शेयरों के लिए तथा उसके बाद 61 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोलियां लगाई जा सकती हैं। एंकर निवेशक बोली/प्रस्ताव अवधि बुधवार, 18 दिसंबर को खुलेगी और बंद होगी। बोली/प्रस्ताव अवधि सदस्यता के लिए गुरुवार, 19 दिसंबर को खुलेगी और सोमवार, 23 दिसंबर को बंद होगी। इक्विटी शेयरों के कुल प्रस्ताव आकार में प्रमोटर विक्रय शेयरधारकों द्वारा 73.82 लाख इक्विटी शेयरों की बिक्री (ओएफएस) तक की बिक्री का प्रस्ताव शामिल है।

## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं




**नयी दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर सप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 0.80 प्रतिशत लुढ़ककर 70.72 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। इसी तरह इस दौरान लंदन ब्रेंट क्रूड 0.58 प्रतिशत उतरकर 74.06 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

## निर्यात पर नवंबर में पेट्रोलियम का असर, समग्र वार्षिक निर्यात 800 अरब डालर से ऊपर रहेगा: सुनील बर्थवाल

**नई दिल्ली।** देश से पेट्रोलियम उत्पाद साहित वाणिज्यिक वस्तुओं के निर्यात में नवंबर, 2024 में सालाना आधार पर 4.85 प्रतिशत की गिरावट के बावजूद सरकार को विश्वास है कि चालू वित्त वर्ष में मार्च 2025 के अंत तक देश का समग्र वस्तु एवं सेवा निर्यात 800 अरब डालर को अच्छी तरह पार कर जायेगा। वाणिज्य मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा कि नवंबर में वस्तु निर्यात पर पेट्रोलियम की अंतराष्ट्रीय कीमतों में गिरावट का असर पड़ा है। प्रारंभिक सरकारी आंकड़ों के असार अप्रैल-नवंबर 2024 के दौरान संचयी समग्र निर्यात 7.61 प्रतिशत की अनुमानित वृद्धि के साथ 536.25 अरब डॉलर होने का अनुमान है, जबकि अप्रैल-नवंबर 2023 में यह आंकड़ा 498.33 अरब डॉलर था। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी निर्यात-आयात के आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष नवंबर में भारत का वाणिज्यिक वस्तु निर्यात 4.85 प्रतिशत की गिरावट गिर कर 32.11 अरब डालर रहा। वाणिज्यिक निर्यात नवंबर,2023 में 33.75 अरब डालर था। नवंबर में वाणिज्यिक वस्तुओं का आयात एक वर्ष पहले के 55.06 अरब डालर से बढ़कर 69.95 अरब डालर पर पहुंच गया। नवंबर, 2024 में स्वर्ण आयात इसकी कीमतों में तीव्र उछाल के बीच भी 14.8 प्रतिशत के रिकार्ड स्तर पर पहुंच गया।

## अधिकांश खाद्य तेलों में तेजी; दालें सस्ती

**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर मांग निकलने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में अधिकांश खाद्य तेल महंगे जबकि उठाव कमजोर रहने से दालें सस्ती हो गई वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जनवरी का पाम ऑयल वायदा 94 रिंगिट गिरकर 4900 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह जनवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.93 सेंट लुढ़ककर 41.68 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में सरसों तेल में 146 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट को छोड़कर अधिकांश खाद्य तेलों के भाव चढ़ गए। सूरजमुखी तेल 365 रुपये, सोया रिफाइंड 220 रुपये, पाम ऑयल 732 रुपये और वनस्पति तेल 368 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हो गया वहीं मूंगफली तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में टिकाव रहा। इस औरान गुड़ और चीनी के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन :दाल-दलहन के बाजार में गिरावट का रुख रहा। चना 100 रुपये, दाल चना 100 रुपये, मूंग दाल 100 रुपये, उड़द दाल 100 रुपये और अरहर दाल 50 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हो गई।

# धनलक्ष्मी क्रॉप की स्टॉक मार्केट में जोरदार एंट्री, पहले दिन ही डबल हुए निवेशकों के पैसे

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** चना, कपास और गेहूं जैसी कई फसलों की हाई क्वालिटी बीज तैयार करने वाली कंपनी धनलक्ष्मी क्रॉप साइंस के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में जोरदार एंट्री की। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 55 रुपये के भाव पर जारी हुए थे। आज नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग 104.50 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के तुरंत बाद खरीदारी के सपोर्ट से कंपनी के शेयर 109.70 रुपये के अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गए। इस तरह पहले दिन ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों का पैसा लगभग डबल हो गया।

धनलक्ष्मी क्रॉप साइंस का 23.80 करोड़ रुपये का आईपीओ 9 से 11 दिसंबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को



निवेशकों की ओर से जोरदार रिस्पॉन्स मिला था, जिससे ये ओवरऑल 555.83 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन में 197.65 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन 1,241.27 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन में 441.18 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 43.28 लाख शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिए जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी वर्किंग कैपिटल की जरूरत को पूरा करने के साथ ही आम कॉर्पोरेट जरूरत को पूरा करने और इश्यू से जुड़े खर्चों को पूरा करने में करेगी। धनलक्ष्मी क्रॉप साइंस 2005 से ही चना, कपास, गेहूं जैसी 24 अलग अलग फसलों और सब्जियों के लिए हाई क्वालिटी बीज तैयार करती है। कंपनी का कारोबार देश के पांच राज्यों में फैला हुआ है। कंपनी की वित्तीय सेहत की बात करें तो 2021-22 में इसे 58.28 लाख रुपये का शुद्ध मुनाफा हुआ था, जो अगले वर्ष 2022-23 में उछल कर 3 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया, जबकि 2023-24 में कंपनी का मुनाफा 4.65 करोड़ रुपये हो गया?। इस दौरान कंपनी का रेवेन्यू सालाना 34 प्रतिशत की चक्रवृद्धि दर से बढ़ कर 63.75 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। मौजूदा वित्त वर्ष में अप्रैल से सितंबर के बीच की पहली छमाही में कंपनी को 8.21 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ और 119.96 करोड़ रुपये का रेवेन्यू हासिल हो चुका था।

## आईजीआईए से अब 150 गंतव्यों के लिए उड़ान सेवाएं उपलब्ध

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली का इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (आईजीआईए) 150 गंतव्यों के लिए उड़ान सेवाएं संचालित करने वाला देश का पहला एयरपोर्ट बन गया है। दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) ने यह जानकारी दी। डायल ने एक बयान में बताया कि दिल्ली एयरपोर्ट 150 गंतव्यों तक संपर्क मुहैया कराने वाला देश का पहला हवाई अड्डा बन गया है। रविवार को थाई एयरएशिया एक्स ने दिल्ली और बैंकॉक-डॉन मुआंग (डीएमके) के बीच सीधी उड़ानें शुरू कीं, जो दिल्ली हवाई अड्डे से जुड़ा 150वां गंतव्य है। नए मार्ग पर हफ्ते में दो बार एयरबस ‹330 विमानों के साथ संचालित होगा, जनवरी 2025 के मध्य तक आवृत्ति को सप्ताह में चार बार बढ़ाने की योजना है।

दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में दिल्ली एयरपोर्ट ने 20 से ज्यादा एक्सक्लूसिव इंटरनेशनल डेस्टिनेशन जोड़े हैं। इन गंतव्यों में नोम पेन्ह, बाली डेनपसार, कैलगरी, मॉन्ट्रियल, वैंकूवर, वाशिंगटन डलेस, शिकागो ओ हारे और टोक्यो हनेडा शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि भारत से सभी लंबी दूरी के गंतव्यों के लिए उड़ानों में 88 फीसदी गंतव्य राजधानी दिल्ली से जुड़े हुए हैं। भारत से प्रस्थान करने वाली सभी लंबी दूरी की साप्ताहिक उड़ानों में से 56 फीसदी दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से संचालित होती हैं।

## एचपीसीएल ने यूएलआईपी के साथ एपीआई के एकीकरण के लिए एनएलडीएस के साथ समझौता किया

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) ने अपने एपीआई को यूनिफाइड लॉजिस्टिक्स इंटरफेस प्लेटफॉर्म (यूएलआईपी) के साथ एकीकृत करने के लिए एनआईसीडीसी लॉजिस्टिक्स डेटा सर्विसेज लिमिटेड (एनएलडीएस) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह साझेदारी देश के लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में पारदर्शिता, परिचालन दक्षता और नवाचार को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि इस समझौते पर एनआईसीडीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक (एमडी) तथा एनएलडीएस के चेयरमैन रजत कुमार सैनी और एचपीसीएल के उत्तरी क्षेत्र के मुख्य महाप्रबंधक अविनाश जैन की उपस्थिति में एनएलडीएस के सीईओ गिरीश कुमार सुपुर और एचपीसीएल के दिल्ली रिटेल क्षेत्र की महाप्रबंधक अंजू जय मिश्रा के बीच हस्ताक्षर किए हैं। यूनिफाइड लॉजिस्टिक्स इंटरफेस प्लेटफॉर्म एक डिजिटल गेट-वे है, जो उद्योग जगत को एपीआई-आधारित एकीकरण के जरिए विभिन्न सरकारी प्रणालियों से लॉजिस्टिक्स-संबंधित डेटासेट




तक पहुंचने की अनुमति देता है। वर्तमान में ये प्लेटफॉर्म 125 एपीआई के माध्यम से 11 मंत्रालयों की 41 प्रणालियों के साथ एकीकृत है, जो 1800 से अधिक डेटा फील्ड को कवर करता है। यूएलआईपी में निजी क्षेत्र और सरकारी विभागों की भागीदारी इसके प्रभाव को बढ़ाने में सहायक रही है। उल्लेखनीय है कि यूएलआईपी पोर्टल www.goulip.in पर 1200 से ज्यादा संस्थाएं पंजीकृत हैं। इसके अतिरिक्त इन कंपनियों ने 150 से अधिक एप्लिकेशन विकसित किए हैं, जिससे 70 करोड़ से अधिक एपीआई लेन-देन हुए हैं।

## देश का निर्यात नवंबर में 4.85 फीसदी घटकर 32.11 अरब डॉलर रहा

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** देश के वस्तुओं का निर्यात नवंबर में 4.85 फीसदी घटकर 32.11 अरब डॉलर रहा है। पिछले साल इसी महीने में 33.75 अरब डॉलर का निर्यात हुआ था। वहीं, नवंबर में आयात 27 फीसदी बढ़कर 69.95 अरब डॉलर पर पहुंच गया है, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 55.06 अरब डॉलर रहा था। इस तरह नवंबर में व्यापार घाटा (आयात और निर्यात) के बीच का अंतर बढ़कर 37.84 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने जारी आंकड़ों में बताया कि देश के वस्तुओं का निर्यात नवंबर में 4.85 फीसदी घटकर 32.11 अरब डॉलर रहा है। इससे पिछले महीने अक्टूबर में भारत का वस्तुओं का निर्यात 17.25 फीसदी बढ़कर 39.2 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया था। वहीं, नवंबर के लिए भारत का कुल निर्यात (वस्तुएं और सेवाएं संयुक्त) 67.79 अरब यूएस डॉलर होने का अनुमान है, जो नवंबर 2023 की




तुलना में 9.59 फीसदी की सकारात्मक वृद्धि दर्ज करता है। मंत्रालय के मुताबिक चालू वित्त वर्ष 2024-25 में अप्रैल-नवंबर के दौरान देश का निर्यात 2.17 फीसदी बढ़कर 284.31 अरब डॉलर और आयात 8.35 फीसदी बढ़कर 486.73 अरब डॉलर हो गया है। वहीं, अप्रैल-नवंबर 2024 के दौरान देश का संचयी समग्र निर्यात 536.25 अरब अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है।

# थोक महंगाई दर नवंबर महीने में घटकर 1.89 फीसदी पर आई

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** खुदरा के बाद थोक महंगाई दर में गिरावट आई है। सब्जियों और खाने-पीने के चीजों के दाम घटने से थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित थोक महंगाई दर नवंबर माह में घटकर 1.89 फीसदी पर आ गई है। इससे पिछले महीने अक्टूबर में यह 2.36 फीसदी थी। सितंबर में थोक महंगाई दर 1.84 फीसदी पर थी। पिछले वर्ष नवंबर में थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित थोक महंगाई दर 0.39 फीसदी थी।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने जारी आंकड़ों में बताया कि नवंबर में खाद्य वस्तुओं की महंगाई घटकर 8.29 फीसदी पर आ गई है, जबकि अक्टूबर में यह 11.59 फीसदी थी। इसकी वजह सब्जियों की कीमतों में गिरावट रही, जो अक्टूबर में 63.04 फीसदी के मुकाबले नवंबर में घटकर 28.57 फीसदी पर आ गई है।मंत्रालय के मुताबिक प्याज की कीमतों में तेज गिरावट दर्ज हुई है, जिससे नवंबर के दौरान 2.85 फीसदी की



गिरावट देखने को मिली है। इसी तरह फ्यूल और बिजली में भी नवंबर में 5.83 फीसदी की गिरावट देखी गई, जबकि अक्टूबर में यह 5.79 फीसदी पर थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बताया कि मैन्युफैक्चर्ड प्रोडक्ट्स की कैटेगिरी में महंगाई नवंबर महीने में बढ़कर 2 फीसदी हो गई है, जो अक्टूबर महीने में 1.50 फीसदी थी। हालांकि, आलू की महंगाई 82.79 फीसदी के उच्चतम स्तर पर बनी रही। नवंबर माह में उपभोक?ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा महंगाई दर 5.48 फीसदी पर थी।

# आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स ने आईपीओ के लिए सेबी के पास डीआरएचपी दाखिल किया

**एजेंसी**
**मुंबई/नई दिल्ली।** आनंद राठी समूह की ‘ब्रोकरेज’ शाखा आनंद राठी शेयर और स्टॉक ब्रोकर्स लिमिटेड कंपनी ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है।यह समूह इस आईपीओ के जरिए 745 करोड़ रुपये जुटाना चाहता है। सेबी के समक्ष जमा दस्तावेज के अनुसार आनंद राठी समूह की ‘ब्रोकरेज’ इकाई आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स कंपनी नए निर्गम से प्राप्त 550 करोड़ रुपये की राशि का उपयोग दीर्घकालिक कार्यशील पूंजी को आवश्यकताओं और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए करेगी। कंपनी के इक्विटी शेयरों को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज




(एनएसई) और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) में सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है।आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स का 5 रुपये के अंकित मूल्य वाला यह आईपीओ पूरी तरह से 745 करोड़ रुपये तक के शेयरों का नया निर्गम है। कंपनी के इस प्रस्ताव में पात्र कर्मचारियों द्वारा सदस्यता के लिए आरक्षण शामिल है। यह इश्यू बुक-बिल्डिंग प्रक्रिया के माध?यम से जारी किया जा रहा है, जिसमें शुद्ध इश्यू का 50 फीसदी से अधिक योग्य संस्थागत खरीदारों को आवंटित नहीं किया जाता है। शुद्ध प्रस्ताव का 15 फीसदी और 35 फीसदी से कम हिस्सा क्रमशः गैर-संस्थागत और खुदरा व्यक्तिगत निवेशकों को आवंटित नहीं किया जाता है।

आनंद राठी ग्रुप की ब्रोकरेज शाखा, आनंद राठी शेयर और स्टॉक ब्रोकर्स लिमिटेड कंपनी भारत में 30 से अधिक वर्षों के अनुभव के साथ एक स्थापित पूर्ण-सेवा ब्रोकरेज हाउस है। यह ‘आनंद राठी’ब्रांड नाम के तहत ब्रोकिंग, मार्जिन ट्रेडिंग और वित्तीय उत्पादों के वितरण सहित वित्तीय सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है। कंपनी की निवेश पेशकशों में इक्विटी, डेरिवेटिव, कमोडिटीज और मुद्रा बाजार सहित परिसंपत्ति वर्गों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है।

# रुपये में हालिया गिरावट सबसे तीव्र गिरावट नहीं है: वित्त राज्यमंत्री

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया कि देश के विदेशी मुद्रा भंडार (एफईआर) में हालिया गिरावट देश के इतिहास में सबसे बड़ी गिरावट नहीं है। भारतीय रुपये और विदेशी मुद्रा भंडार पर हाल में आए दबाव के लिए विभिन्न बाहरी और घरेलू कारक जिम्मेदार हैं। केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने लोकसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में यह जानकारी दी। वित्त राज्यमंत्री चौधरी ने सदन को बताया कि 15 नवंबर, 2024 को समाप्त हफ्ते के दौरान इससे पिछले हफ्ते की तुलना में विदेशी मुद्रा भंडार में 2.63 फीसदी की गिरावट आई है। हालांकि, मंत्री ने कहा कि यह पिछले दो दशकों में फीसदी के लिहाज से सबसे बड़ी गिरावट नहीं है। सबसे बड़ी गिरावट 24 अक्टूबर, 2008 को समाप्त हफ्ते में दर्ज की गई थी, जब वैश्विक वित्तीय संकट के दौरान विदेशी मुद्रा भंडार में 5.65 फीसदी



की गिरावट आई थी। चौधरी ने कहा कि 15 नवंबर, 2024 को समाप्त हफ्ते के दौरान विदेशी मुद्रा भंडार में पिछले हफ्ते की तुलना में 2.63 फीसदी की कमी आई। हालांकि, फीसदी के लिहाज से पिछले 20 वर्षों में अब तक की सबसे ज्?यादा गिरावट 24 अक्टूबर, 2008 को समाप्त हफ्ते में देखी गई थी। भारत के विदेशी मुद्रा भंडार और भारतीय रुपये पर हाल ही में आए दबाव के लिए विभिन्न बाहरी और घरेलू कारक जिम्मेदार हैं। इनमें पूंजी का बहिर्वाह, डॉलर इंडेक्स में उतार-चढ़ाव, वैश्विक ब्याज दरों में वृद्धि और कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि शामिल है। वित्त राज्यमंत्री ने कहा कि इन सभी कारकों ने मिलकर भारतीय मुद्रा के लिए चुनौतीपूर्ण माहौल तैयार किया है। भारतीय रुपये का मूल्य बिना किसी निश्चित लक्ष्य या बैंड के बाजार की ताकतों द्वारा निर्धारित किया जाता है। कई कारक विनिमय दर को प्रभावित करते हैं, जैसे पूंजी प्रवाह, डॉलर सूचकांक, ब्याज दर का स्तर, कच्चे तेल की कीमतें और चालू खाता घाटा। मंत्री ने कहा कि भारतीय रुपये का मूल्य बाजार के द्वारा निर्धारित होता है, जिसका कोई लक्ष्य या विशिष्ट स्तर या बैंड नहीं होता है। आरबीआई भी रुपये के मूल्य में अत्यधिक अस्थिरता को रोकने के लिए जरूरी होने पर विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप करके महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने सदन को बताया कि स्थिति नियंत्रण में है, आरबीआई और अन्य तंत्र अनुचित उतार-चढ़ाव को दूर करने और वित्तीय स्थिरता बनाए रखने के लिए मौजूद हैं।

# जीके एनर्जी ने आईपीओ के लिए सेबी के समक्ष दाखिल किया डीआरएचपी

**एजेंसी**
**मुंबई/नई दिल्ली।** सौर ऊर्जा चालित कृषिजल पंप प्रणाली प्रदाता जीके एनर्जी लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के लिए भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है।

पूंजी बाजार नियामक सेबी के समक्ष जमा दस्तावेज के मुताबिक पुणे स्थित ईपीसी प्लेयर सौर ऊर्जा चालित कृषि जल पंप प्रणाली प्रदाता जीके एनर्जी लिमिटेड इसके जरिए 500 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है। कंपनी का प्रस्तावित यह आईपीओ 500 करोड़ रुपये के नए शेयर और 84 लाख शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है। पुणे स्थित ईपीसी प्लेयर जीके एनर्जी लिमिटेड के




मुताबिक निर्गम से प्राप्त 422.46 करोड़ रुपये का उपयोग कंपनी दीर्घकालिक कार्यशील पूंजी की जरूरतों को पूरा करने के लिए करेगी। इसके अलावा शेष धनराशि का उपयोग कंपनी के सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।

## 2030 तक ईवी के लिए सार्वजनिक चार्जिंग मांग को पूरा करने के लिए 16,000 करोड़ की जरूरत

**नई दिल्ली।** ‘फिक्की ईवी पब्लिक चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर रोडमैप 2030’ रिपोर्ट के अनुसार, 2030 तक 30 प्रतिशत से अधिक विद्युतीकरण के मिशन को प्राप्त करने के लिए, 2030 तक भारत की सार्वजनिक चार्जिंग मांग को पूरा करने के वास्ते 16,000 करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय की आवश्यकता होगी। रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि 2015 से 2023-24 तक उनकी ईवी बिक्री के आधार पर विश्लेषण किए गए 700 से अधिक शहरों में से शीर्ष 40 शहरों और 20 राजमार्ग खंडों को सार्वजनिक चार्जिंग बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए प्राथमिकता दी जा सकती है। वर्तमान ईवी अपनाने की दर और अनुकूल राज्य नीतियों को देखते हुए इन शीर्ष 40 शहरों में अगले 3-5 वर्षों में ईवी पैठ बढ़ने की उम्मीद है। और इन 40 प्राथमिकता वाले शहरों को जोड़ने वाले 20 राजमार्ग खंड वाहनों के 50 प्रतिशत यातायात में योगदान करते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों के लिए वर्तमान वित्तीय व्यवहार्यता 2 प्रतिशत से कम उपयोग दर पर बनी हुई है और लाभप्रदता और मापनीयता प्राप्त करने के लिए, हमें 2030 तक 8 से10 प्रतिशत उपयोग का लक्ष्य रखना होगा। एक केस स्टडी का हवाला देते हुए, रिपोर्ट ने इस बात पर प्रकाश डाला कि जर्मनी ने 5 से10 प्रतिशत उपयोग दरों और राजमार्गों पर 16 प्रतिशत से अधिक उपयोग दरों के साथ एक आर्थिक रूप से व्यवहार्य सार्वजनिक चार्जिंग नेटवर्क बनाया है।

# पूरे दिन दबाव में कारोबार करता रहा शेयर बाजार, गिरावट के साथ बंद हुए सेंसेक्स और निफ्टी

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।**घरेलू शेयर बाजार में ज्यादातर समय दबाव बना रहा। आज के कारोबार की शुरुआत भी कमजोरी के साथ हुई थी। शुरुआती कारोबार में खरीदारी के सपोर्ट से कुछ देर के लिए बाजार में मजबूती आती हुई नजर आई, लेकिन इसके बाद बिकवाली का जोर बन जाने के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक लगातार दबाव में ही कारोबार करते रहे। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.47 प्रतिशत और निफ्टी 0.40 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए। पूरे दिन के कारोबार के बाद फार्मास्यूटिकल, रियल्टी और पीएसयू बैंक इंडेक्स में तेजी बनी रही। इसी तरह ऑटोमोबाइल, कैपिटल गुड्स और कंज्यूमर ड्यूरेबल सेक्टर के शेयरों में भी खरीदारी होती रही। दूसरी ओर, आईटी, मेटल और एनर्जी सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। इसके अलावा एफएमसीजी, ऑयल एंड गैस, टेक और पीएसई इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.73 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.47 प्रतिशत की बढ़त के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज शेयर बाजार में आई कमजोरी के बावजूद स्मॉल और मिडकैप शेयरों में हुई खरीदारी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 60 हजार करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 460.04 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 459.42 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 62 हजार करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,240 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,342 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,798 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 100 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,555 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,359 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,196 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 6 शेयर बढ़त के साथ और 24 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 15 शेयर हरे निशान में और 35 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 132.81 अंक की गिरावट के साथ 82,000.31 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक उछल कर 82,116.44 अंक तक पहुंचा, लेकिन इसके बाद बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से इसमें गिरावट आ गई। लगातार हो रही बिकवाली के कारण दोपहर 12 बजे के थोड़ी देर बाद ये सूचकांक 581.84 अंक टूट कर 81,551.28 अंक के स्तर तक गिर गया। हालांकि, इसके बाद खरीदारी का सपोर्ट मिलने की वजह से इस सूचकांक की स्थिति में मामूली सुधार भी हुआ। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 384.55 अंक की कमजोरी के साथ 81,748.57 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 14.90 अंक टूट कर 24,753.40 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। शुरुआती कारोबार में खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक कुछ देर के लिए हरे निशान में 24,781.25 अंक तक पहुंचा, लेकिन इसके बाद बिकवाली का दबाव बनने के कारण इसमें गिरावट आती चली गई।

# 30 के बाद झुर्रियों से दूर रहने के लिए अपनाएं ये टिप्स, स्किन करेगी ग्लो



**उम्र बढ़ने का संकेत सबसे जल्दी स्किन पर नजर आने लगता है. ज्यादातर झुर्रियां जैसे एजिंग साइन चेहरे पर नजर आने लगते हैं. लेकिन अपनी लाइफस्टाइल में सुधार और 30 के बाद सही स्किन केयर रूटीन अपना कर एजिंग साइन को दूर रखने में मदद मिल सकती है.**

30 से 40 के बीच में चेहरे पर एजिंग साइन जैसे कि झुर्रियां नजर आने लगती हैं, जिसके कारण स्किन डल नजर आने लगती है. बढ़ती उम्र को रोकना तो मुमकिन नहीं है, लेकिन इसके कारण चेहरे पर दिखाई देने वाले एजिंग साइन झुर्रियां, फाइन लाइन और रिंकल्स को कम करने का प्रयास ज्यादातर लोग करते हैं. इसके लिए वह तरह-तरह के महंगे से महंगे स्किन केयर प्रोडक्ट्स का उपयोग करते हैं और कई तरह से स्किन ट्रीटमेंट लेते हैं जिससे की इन एजिंग साइन को कम किया जा सके.

बढ़ती उम्र में भी एजिंग साइन से दूर रहने के लिए आप कई तरह के घरेलू नुस्खे अपना सकती हैं. इसके लिए सबसे जरूरी है स्किन टाइप के मुताबिक स्किन केयर प्रोडक्ट्स का उपयोग करना. इसके अलावा कई लोग घरेलू नुस्खे भी अपनाते हैं, ये नेचुरल तरह से स्किन को हेल्दी और ग्लोइंग बनाए रखने में मददगार साबित हो सकते हैं. इसलिए आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताने जा रहे हैं, जो 30 के बाद भी स्किन पर एजिंग साइन से दूर रखने में मददगार साबित हो सकते हैं.

सही स्किन केयर रूटीन

30 प्लस के बाद एजिंग साइन से दूर रहने के लिए सबसे जरूरी है स्किन केयर रूटीन इसके लिए दिन में दो बार एक सुबह और दूसरा शाम के घर पहुंच कर चेहरे को फेश वॉश से साफ करें. अगर आप मेकअप का उपयोग करती हैं तो क्लींजर का उपयोग भी आप कर सकती हैं. इसके बाद टोनिंग ये स्किन को हाइड्रेट रखने में मदद करता है. एंटी-एजिंग सीरम लगाएं और 4 से 5 मिनट के लिए सही तरीके और हल्के हाथों से चेहरे की मसाज करें. ऐसे सीरम का उपयोग करें, जो एजिंग समस्या को दूर रखने में मददगार हों.

अब अपनी स्किन टाइप के मुताबिक मॉइस्चराइजर का उपयोग करें. दिन में दो बार मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करें, खासकर रात में, जब त्वचा खुद रिपेयर होती है. धूप में बाहर जाते समय सनस्क्रीन जरूर लगाएं. सूरज की हानिकारक किरणों से स्किन का बचाव करने के लिए आप एसपीएफ वाले सनस्क्रीन का उपयोग करें. ये स्किन को यूवी किरणों से बचाने और झुर्रियों से दूर रखने में मददगार साबित हो सकते हैं.

वीकली केयर

इसके अलावा हफ्ते में कम से कम दो दिन स्क्रब करें. इससे स्किन पर मौजूद डेड स्किन सेल्स को हटाने में मदद मिलती है, जिससे स्किन रिफ्रेश फिल होती है. क्योंकि इससे स्किन गहराई से साफ होती है साथ ही स्किन में मौजूद गंदगी और ऑयल को साफ करने में मदद मिलती है. चेहरे पर निखार आता है. अपनी स्किन टाइप के मुताबिक लाइट वेट स्क्रब का उपयोग करें. हाइड्रेटिंग मास्क चेहरे की त्वचा को गहरी नमी प्रदान करता है. हफ्ते में एक बार हाइड्रेटिंग मास्क का उपयोग करें. आप घर पर मौजूद नेचुरल चीजें जैसे कि ऑलिव ऑयल, शहद या एलोवेरा को भी हाइड्रेटिंग मास्क के रूप में उपयोग कर सकती हैं. इसके अलावा अपनी आंखों की भी केयर करें.

हेल्दी लाइफस्टाइल

हमारे लाइफस्टाइल का असर हमारी सेहत और चेहरे पर दिखाई देता है. इसके लिए हेल्दी और बैलेंस डाइट लें, रोजाना 8 घंटे की नींद लें, एक्सरसाइज करें. इसके साथ ही आप फेशियल योग या एक्सरसाइज भी कर सकते हैं. ये स्किन को टाइट बनाएं रखने में मददगार साबित हो सकती हैं.

# राहुल ने तय किया देश का भावी अजेंडा : संविधान वर्सेस मनुस्मृति




जिस संविधान के गौरवशाली 75 साल पूरे होने पर संसद में चर्चा हो रही है उसमें आरक्षण के लिए यह कहीं नहीं लिखा है कि इसका आधार आर्थिक होगा। डॉ. आम्बेडकर जिनका नाम यह सबसे ज्यादा लेते हैं मगर जिनकी विशाल प्रतिमा संसद भवन के सामने से पिछ्वाड़े रखवा दी उन्होंने आरक्षण का आधार सामाजिक बताया था। सदियों से सामाजिक रूप से पिछड़ों को आगे बढ़ने का मौका देने के लिए आरक्षण का प्रावधान रखा था।आखिर राहुल की पिच पर आ ही गए प्रधानमंत्री मोदी। लोकसभा में संविधान पर हुई चर्चा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जाति गणना और दलित पिछड़े आदिवासी के आरक्षण की सीमा पचास से ऊपर ले जाने की बात के जवाब में प्रधानमंत्री ने यह कह दिया कि हमने दस प्रतिशत आरक्षण सवर्णों को दिया है।जिस संविधान के गौरवशाली 75 साल पूरे होने पर संसद में चर्चा हो रही है उसमें आरक्षण के लिए यह कहीं नहीं लिखा है कि इसका आधार आर्थिक होगा। डॉ. आम्बेडकर जिनका नाम यह सबसे ज्यादा लेते हैं मगर जिनकी विशाल प्रतिमा संसद भवन के सामने से पिछ्वाड़े रखवा दी उन्होंने आरक्षण का आधार सामाजिक बताया था। सदियों से सामाजिक रूप से पिछड़ों को आगे बढ़ने का मौका देने के लिए आरक्षण का प्रावधान रखा था।प्रतिमा का जो हमने जिक्र किया वह इसलिए कि संसद में संविधान का जब भी जिक्र आता था सबके हाथ अपने आप बाबा साहब आम्बेडकर की प्रतिमा की तरफ देखते हुए जुड़ जाते थे। संसद के मुख्य प्रवेश द्वार से लेकर संसद के बाहर तक से दिखती थी। अगर वहीं मूल जगह होती तो सब सांसद संविधान पर चर्चा में सदन में जाने से पहले बाबा साहब को प्रणाम करके आते। मगर पिछ्वाड़े है। कोई नहीं गया। बाबा साहब वहीं दूर खड़े एक हाथ में संविधान लिए हंसते रहे कि इसी संविधान पर चर्चा हो रही है ना। मुझे पीछे धकेलकर!

खैर, प्रतिमा को चाहे जहां पुर्नस्थापित कर दो हटा दो बहुत जगह से तो हटा ही दी गई हैं, तोड़ दी गई हैं लेकिन राहुल गांधी ने डॉ. आम्बेडकर की भावनाओं को अभिव्यक्ति देते हुए बता दिया कि अब लड़ाई सीधे दलित पिछड़े आदिवासियों के अधिकारों की और उन्हें धर्म के नाम पर बरगला कर रोकने वालों के बीच होगी। वही बात जो डॉ. आम्बेडकर कहते थे राहुल ने कही कि मेहनत करने वालों का अंगूठा काट लेते हैं। राहुल का यह भाषण देश को एक दिशा देने वाले भाषणों में शामिल होगा। दलित पिछड़े आदिवासी के अधिकारों की पिछले दस साल से रुक गई लड़ाई को फिर से गति देने के लिए इसे या किया जाएगा।राहुल ने साफ शब्दों में कहा कि एकलव्य को अंगूठा इसलिए देना पड़ा था कि वह ऊंची जाति का नहीं था। धर्म तो उसका भी वही था। मगर जाति नहीं थी। धर्म के नाम पर तब भी एक नहीं माना जाता था बल्कि शोषण होता था। आज भी वही हो रहा है। और राहुल ने यह स्पष्ट कर दिया कि इसका आधार मनुस्मृति है। देश में एक संघर्ष था कि आजादी के बाद हम अपनी जनता को क्या दें। एक तरफ संघ के लोग थे जो मनुस्मृति देना चाहते थे। दूसरी तरफ डॉ. आम्बेडकर, नेहरु, सरदार पटेल, मौलाना आजाद थे जो सबको समान अवसर देने वाला संविधान देना चाहते थे।राहुल ने एक हाथ में संविधान और दूसरे में मनुस्मृति लेकर बता दिया की वह संघर्ष अभी भी जारी है। अब देश के दलित पिछड़ों आदिवासियों, गरीबों, युवाओं, किसानों को चुनना है कि वे किसके साथ हैं। अजेंडा साफ हो गया है। और अगर इसमें कोई कसर रह गई थी तो लोकसभा के नेता प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा के विपक्ष के नेता राहुल गांधी के दलित पिछड़े आदिवासी के अधिकारों की बात के जवाब में सवर्णों के आरक्षण को अपना मुद्दा बताते हुए पूरी कर दी।अब समझना देश के कमजोर वंचित वर्ग को है कि उसके मुद्दों को कौन उठा रहा है और किसने उन सवालों को रोकने के लिए सवर्ण सशक्तिकरण की बात की। प्रधानमंत्री राहुल की पिच पर आ गए। और यहां उनके लिए बेटिंग करना बहुत मुश्किल है। इसलिए उन्होंने केवल जनता को क्या करना है इसके 11 सूत्र दे दिए। जनता वोट देने के बाद भी सरकार को मजबूत करती रहे यह एक नई बात है। अभी तक तो यह माना जाता था कि वोट लेने के बाद सरकार जनता को मजबूत करती है। उसके हित में काम करती है।इन्दिरा गांधी ऐसे ही करती थीं। प्रधानमंत्री मोदी ने जो सूत्रों की बात कही है वह इन्दिरा के प्रभाव में ही कही है। नेहरू इन्दिरा थे ही ऐसे। इनके दिमाग में हमेशा हावी रहेंगे। कोसेंगे भी मगर उनकी नकल भी करेंगे। बीस सूत्र इन्दिरा गांधी लाईं थी। मगर उनके बीस सूत्रीय कार्यक्रम में सबसे पहला सूत्र था आवश्यक वस्तुओं की कीमतें कम करना। भूमिहीनों को जमीन देना। कृषि मजदूरों की आय बढ़ाना। युवाओं को रोजगार प्रशिक्षण। मध्यम वर्ग के लिए इनकम टैक्स की दरें कम करना। स्कूली बच्चों की किताबें स्टेशनरी सस्ती करना जैसे कार्यक्रम थे। और इन्हें सख्ती से लागू भी किया गया था।प्रधानमंत्री मोदी के सूत्रों में क्या है? कर्तव्य पालन, कानून का सम्मान जैसी जनता से मांगें। आम जनता के लिए क्या करना है यह इन्दिरा गांधी के सूत्रों में था। और यहां यह बताया गया है कि जनता को क्या करना चाहिए। संविधान बना इसलिए है कि देश की जनता के लिए अब क्या करना है। उसकी जरूरतों के मुताबिक संशोधन भी हुए। मोदी जी इसे कांग्रेस के मुंह से खून लगना कहते हैं। जनता की बेहतरी के लिए किया गया काम मुंह से खून लगना है! हो सकता वे सही हों। क्योंकि उनके हिसाब से जनता केवल कर्तव्य पालन के लिए बनी है। सरकार की आज्ञा पालक। लेकिन आजादी के आन्दोलन से निकली पार्टी के लिए संविधान का मतलब दूसरा था। जनकल्याण के लिए उसका ज्यादा से ज्यादा उपयोग।

तो देखिए आप जिस के इल्जाम वे नेहरू इन्दिरा पर लगा रहे थे उन्होंने संशोधन क्या किए। पहला जमींदारी उन्मूलन के लिए। जमींदारी उन्मूलन मतलब लाखों जोतने, बोने वालों को जमीन का मलिकाना हक। पहला क्रान्तिकारी काम। प्रसंगवश बता दें कि पाकिस्तान में यह नहीं हुआ। जमीनें जमींदारों के पास हैं और वहां की सत्ता व्यवस्था में जमींदार सबसे अहम हिस्सेदार हैं।बहुत लंबा हो जाएगा। मगर फिर भी कुछ संशोधनों के बारे बताने की कोशिश करते हैं। भारत को मजबूत बनाने वाले 12 वां संशोधन, गोवा दमन दीव को पुर्तगाल के कब्जे से छुड़ाकर भारत में शामिल करने के लिए। 35 वां और 36 वां संशोधन सिक्किम का भारत में विलय करने के लिए। इस पर वे सवाल उठा रहे हैं। असंवैधानिक बता रहे हैं!

ज्यादा नहीं पर कुछ और बताते हैं। 26 वां। ऐतिहासिक। राजा-रानियों के प्रिवीपर्स प्रिवलेज खत्म करना। वक्त की सुई उलटी घूमा देना। कौन था? किसने किया? वह इन्दिरा गांधी। असली आयरन लेडी। कह रहे हैं एक ही परिवार का शासन रहा। वह तो जनता तय करती है। और असली वोट। मतपत्र से किया। ईवीएम की तरह धोखे का काम नहीं। उस जनता पर सवाल कि एक परिवार को चुना!

खैर! तो जनता ने चुना तो जनता के लिए किया। 61 वां संशोधन राजीव गांधी। मताधिकार की उम्र 21 साल से घटाकर 18 कर दी। युवाओं को सबसे बड़ा तोहफा।इससे पहले 52 वां संशोधन करके दल बदल विरोधी कानून लागू कर चुके थे। जिसमें विधायकों की थोक खरीद के जरिए नया रास्ता निकाल लिया है। और लास्ट में संशोधन तो मोदी जी ने भी किया। कल इसी का जिक्र करते हुए कहा था कि हमने दस प्रतिशत सवर्णों को आरक्षण दिया। 103 वां संशोधन प्रतिगामी। लड़ाई यहीं साफ हो गई। राहुल की आरक्षण की बात दलित पिछड़ा आदिवासी के लिए 50 प्रतिशत से ऊपर और मोदी जी की बात सवर्ण के आरक्षण के लिए अपनी पीठ ठोकना।राहुल ने एक हाथ में संविधान लेकर यही कहा कि हम इसके लिए लड़ेंगे। और दूसरे हाथ में मनुस्मृति लेकर बताया कि वे इसके लिए लड़ेंगे।

संपादकीय

## मोदी का भाषण संविधान नहीं कांग्रेस पर

लोकसभा के लिये वह एक महत्वपूर्ण क्षण हो सकता था यदि %संविधान की 75 साल की गौरवशाली यात्रा% पर आयोजित दो दिवसीय चर्चा के अवसर पर दिये अपने भाषण में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वाकई कुछ ऐसा कहते जो भारत के संसदीय इतिहास के पन्नों में चमकदार अक्षरों में दर्ज़ होता। इससे वह एक उपयोगी सत्र भी होता। पिछले 11 वर्षों से मोदी जो कहते रहे हैं, वे उससे एक इंच भी आगे बढ़ते नज़र नहीं आये। यह ऊब और निराशा के नये स्तरों को छूता हुआ उनका भाषण था जबकि वे ऐसे दस्तावेज़ के बारे में बात कर रहे थे जिसने भारत को पिछला सब कुछ भूलकर आगे की ओर देखना-बढ़ना सिखाया है। इस संविधान ने देश को रातों-रात मध्य युग से निकालकर आधुनिक दुनिया के आलोक में खड़ा किया था लेकिन मोदी हैं कि आजादी के पहले के उसी प्राचीन अंधकार में लौटना चाहते हैं, जो उनके पहले के अनेक भाषणों से परिलक्षित तो होता ही रहा, शनिवार को लोकसभा में अपने उद्बोधन द्वारा उन्होंने पुष्टि कर दी वे इतिहास की बेड़ियों में खुद को जकड़े रखना चाहते हैं। वे देश को भी पीछे पलटाने पर आमादा हैं।साल 2013-14 में मोदी को उनकी भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया तो उन्होंने अपने चुनाव प्रचार का मुख्य आधार कांग्रेस विरोध को बनाया। उन्होंने पहले के प्रधानमंत्रियों एवं कांग्रेस की सरकारों को अपने निशाने पर लिया। उन्होंने यह कहकर विकास के सब्ज़बाग दिखाये कि भारत में पिछले 60 वर्षों में कुछ नहीं हुआ। मोदी ने यह कहकर जबर्दस्त जनसमर्थन हासिल किया कि कांग्रेस को 60 साल दिये गये, उन्हें केवल 60 माह दिये जायें। एक मजबूत प्रचार तंत्र के जरिये तथ्यों की तोड़-मरोड़ के साथ तथा राष्ट्रनायकों को लांछित एवं अपमानित करते हुए मोदी का प्रचार अभियान यह देश दशक भर से देख रहा है।

ऐसा नहीं कि चुनाव जीतने के बाद तथा पीएम बन जाने पर, वह भी एक बार नहीं वरन तीन बार, यह कुत्सित प्रचार रुक जाये- वह बदस्तूर जारी है। संसद के भीतर किसी भी विषय पर मोदी को कुछ कहना हो या स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर लाल किले की प्राचीर से सम्बोधित करना हो, चुनावी सभाएं हों या कोई विकास सम्बन्धी कार्यक्रम- मोदी के पास कांग्रेस एवं उसके नेताओं की आलोचना के अलावा मानों अन्य कुछ कहने के लिये है ही नहीं। मोदीजी ने इस काम के लिये विदेशी धरती तक को नहीं छोड़ा जहां उन्होंने यह तक कहा कि %2014 के पहले जो भी भारत में पैदा होता था वह खुद को कोसता था।% जवाहरलाल नेहरू से लेकर इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, सोनिया और राहुल-प्रियंका तक आलोचना का उनका कारवां चल रहा है। चर्चा का जवाब देते हुए कहीं से नहीं लगा कि मोदी इस पवित्र एवं उच्चतम सदन के नेता हैं।वैसे भाषण के दौरान दिखी अतिरिक्त घृणा का कारण यह भी हो सकता है कि हाल के दिनों में कांग्रेस एवं विपक्षी दलों ने उनकी संविधान व लोकतंत्र के नाम पर ऐसी घेराबन्दी की है कि अब मोदी मजबूर हो गये हैं कि वे स्वयं को इन दोनों का सबसे बड़ा रक्षक बतलाएं। इसके पहले राहुल ने सदन के भीतर अपने भाषण के दौरान संविधान और मनुस्मृति की प्रतियां दिखलाते हुए कहा कि सारी लड़ाई इन दोनों के बीच की है। कांग्रेस जहां संविधान बचाना चाहती है वहीं भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मनुस्मृति लागू करना चाहते हैं।वायनाड से चुनकर आईं प्रियंका गांधी सम्भवतः मोदी एवं भाजपा की बौखलाहट की एक बड़ी वजह हो सकती हैं जिन्होंने लोकसभा के अपने पहले भाषण में कहा कि %यदि नतीजे ऐसे न आते तो अब तक संविधान बदलने का काम शुरू हो चुका होता।% इस भाषण का जलवा देश भर में जो बिखरा है वह भाजपा के जले पर नमक का छिड़काव साबित हुआ। इसलिये मोदी दोगुना असलहा लेकर कांग्रेस और नेहरू खानदान पर टूट पड़े। उन्होंने उन्हीं तमाम मुद्दों को उठाया जिन पर वे अनगिनत बार बातें कर चुके हैं। उन्होंने देश विभाजन से लेकर आपातकाल तक की चर्चा फिर से की। उन्होंने बताया कि कैसे संविधान में कई बार संशोधन किये गये। वे इस स्तर तक गये कि %नेहरू परिवार के मुंह पर संविधान संशोधन के खून का स्वाद लग गया है।

# पूजा स्थल अधिनियम मुकदमों पर रोक से जगी धर्मनिरपेक्षता के बचने की नयी उम्मीद

**पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम 1991 के संबंध में सभी नये मुकदमों, कार्रवाइयों और आदेशों पर रोक लगाने का आदेश भारत के सर्वोच्च न्यायालय की तीन न्यायाधीशों की पीठ ने 12 दिसंबर को दिया**

अयोध्या मामले में सर्वोच्च न्यायालय की पांच जजों की बेंच ने पूजा स्थल अधिनियम को बरकरार रखा था, लेकिन 2020 और उसके बाद सुप्रीम कोर्ट में इसकी संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गयी थी। सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने को कहा था, लेकिन चार साल बाद भी केंद्र की ओर से जवाब दाखिल नहीं किया गया और मामला लंबित रहा।

पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम 1991 के संबंध में सभी नये मुकदमों, कार्रवाइयों और आदेशों पर रोक लगाने का आदेश भारत के सर्वोच्च न्यायालय की तीन न्यायाधीशों की पीठ ने 12 दिसंबर को दिया, जिसके निहितार्थ दूरगामी होंगे क्योंकि यह कानूनी सीमाओं से परे देश के लोगों के सामाजिक और राजनीतिक जीवन को प्रभावित करेगा। इस आदेश ने सांप्रदायिकता के खिलाफ धर्मनिरपेक्षता की अस्तित्व की लड़ाई में धर्मनिरपेक्षता के बचने की एक नयी उम्मीद जगाई है, जिस पर हिंदुत्ववादी ताकतों द्वारा सामाजिक, राजनीतिक और कानूनी रूप से लगातार हमला किया जा रहा है, हालांकि पूजा स्थल अधिनियम में ऐसे मुद्दों को उठाने पर कानूनी रोक है।देश भर की विभिन्न अदालतों में हिंदुत्ववादी ताकतों द्वारा 10 मस्जिदों या दरगाहों पर दावा करने वाले मुकदमों के कुल 18 मामले लंबित हैं, जबकि 2019 के अयोध्या फैसले में पूजा स्थल अधिनियम को बरकरार रखा गया था, जिसका मूल उद्देश्य था इतिहास में सुदूर अतीत की घटनाओं, जो 16वीं शताब्दी तक पीछे के हैं, को आज के लोगों के वर्तमान और भविष्य को नष्ट न करने देना।भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ द्वारा 2022 में पूजा स्थल अधिनियम के वास्तविक उद्देश्य की अनदेखी ने मस्जिदों और दरगाहों के खिलाफ मामलों की बढ़ती संख्या का मार्ग प्रशस्त किया, क्योंकि उन्होंने कहा कि उक्त अधिनियम के तहत पूजा स्थलों की प्रकृति का पता लगाने पर कोई रोक नहीं है, हालांकि यह 15 अगस्त, 1947 को भारत के स्वतंत्र होने की कट-ऑफ तिथि के साथ उनके चरित्र को बदलने से रोकता है। वर्तमान आदेश में, सीजेआई संजीव खन्ना के नेतृत्व वाली तीन सदस्यीय पीठ ने इस त्रुटि को सुधारा है।



अयोध्या मामले में सर्वोच्च न्यायालय की पांच जजों की बेंच ने पूजा स्थल अधिनियम को बरकरार रखा था, लेकिन 2020 और उसके बाद सुप्रीम कोर्ट में इसकी संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गयी थी। सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने को कहा था, लेकिन चार साल बाद भी केंद्र की ओर से जवाब दाखिल नहीं किया गया और मामला लंबित रहा। इस बीच, देश के विभिन्न हिस्सों में सामाजिक और राजनीतिक तनाव जारी रहा, जिससे जान-माल का नुकसान हुआ और अदालतों में मामलों की संख्या भी बढ़ती गयी।अभी हाल ही में उत्तर प्रदेश के संभल में 5 लोगों की मौत के बाद सर्वोच्च न्यायालय की बेंच के समक्ष सुनवाई में तेजी लाने के लिए नये अनुरोध किये गये। अब सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र को इस मामले में जवाब देने और अपना जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया है। केंद्र सरकार की मंशा तब स्पष्ट हो गयी जब सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि तीसरा पक्ष सिविल मुकदमे की कार्रवाई पर रोक नहीं लगा सकता। जाहिर है, केंद्र को मस्जिदों और दरगाहों पर दावा करने वाली हिंदुत्ववादी ताकतों द्वारा मामलों की बढ़ती संख्या पसंद आई। वरिष्ठ अधिवक्ता विजय हंसारिया ने यहां तक तर्क दिया कि पूजा स्थल अधिनियम से संबंधित रिट याचिकाओं पर विचार करते समय सिविल मुकदमों पर रोक नहीं लगाई जा सकती।

मुख्य न्यायाधीश खन्ना ने आपत्ति का जवाब देते हुए कहा, रिट याचिकाओं में सिविल मुकदमों का मामला उठाया गया है। इन याचिकाओं में पहले ही नोटिस जारी किया जा चुका है। दूसरे, अन्य रिट याचिकाओं में इन सिविल मुकदमों के खिलाफ 1991 के अधिनियम को लागू करने का मुद्दा उठाया गया है। उन्होंने निषेधाज्ञा की मांग की है।चूंकि केंद्र में सत्तारूढ़ प्रतिष्ठान के लोग हिंदुत्व के एजेंडे को आगे बढ़ा रहे हैं, इसलिए सर्वोच्च न्यायालय का यह रोक आदेश महत्वपूर्ण है, खासकर इस मामले में केंद्र के रवैये को देखते हुए जो अदालत में उजागर हो चुका है।आगे क्या होने वाला है, यह कल्पना का विषय है। जब वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह ने इस मुकदमे को पांच न्यायाधीशों की पीठ को संदर्भित करने की मांग की, तो मुख्य न्यायाधीश खन्ना ने कहा कि अदालत इस मामले पर नवंबर 2019 के अयोध्या फैसले को सुनाने वाली पांच न्यायाधीशों की पीठ के निर्णय के आलोक में विचार करेगी। अयोध्या फैसले ने न केवल पूजा स्थल अधिनियम को बरकरार रखा था, बल्कि यह कहा था कि %किसी भी व्यक्ति के लिए जो किसी भी प्राचीन शासकों के कार्यों के खिलाफ सांत्वना या सहारा चाहता है, कानून इसका जवाब नहीं है% ।इसके अलावा, न्यायमूर्ति विश्वनाथन ने कहा कि पूजा स्थल अधिनियम की धारा 3 %संवैधानिक सिद्धांतों की पुनरावृत्ति की एक प्रभावी अभिव्यक्ति% थी, और साथ में उन्होंने यह भी कहा कि अधिनियम में धर्मनिरपेक्षता, सम्मान, बंधुत्व और धर्म की स्वतंत्रता के विचार को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि 1991 के पूजा स्थल अधिनियम की अनुपस्थिति में भी इन बुनियादी संवैधानिक सिद्धांतों केउल्लंघन के आधार पर मुकदमों पर आपत्ति की जा सकती है।16वीं शताब्दी में मुगल आक्रमणकारियों द्वारा नष्ट किये गये हिंदू मंदिरों को पुनः प्राप्त करने की मांग करने वाले लंबित मामलों में अदालतों को नये मुकदमे दर्ज करने या आदेश पारित करने से रोकने वाला फ्रीज ऑर्डर भी महत्वपूर्ण है, जिसे हिंदुत्व ताकतों का प्रतिनिधित्व करने वाले याचिकाकर्ताओं द्वारा व्यवधानों के बीच पारित किया गया था। यह आदेश तब तक लागू रहेगा जब तक कि पीठ पूजा स्थल अधिनियम की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई नहीं कर लेती। मामले की अगली सुनवाई 17 फरवरी को होनी है।इस आदेश ने पूजा स्थल अधिनियम की अखंडता को संरक्षित किया है, जो तीन दशकों से अधिक समय से कागजों पर लागू है, लेकिन इसे समुचित ढंग से लागू नहीं किया गया है।इस आदेश का कानूनी अस्थिरता और सामाजिक अशांति को रोकने में तत्काल और दीर्घकालिक महत्व है, क्योंकि इस अधिनियम को धार्मिक स्थलों पर आगे के विवादों से बचने के लिए प्रभावी रूप से लागू किया गया, जो देश के सामाजिक और राजनीतिक जीवन को प्रभावित करने वाले सांप्रदायिक तनाव को बढ़ा सकते थे। सीजेआई खन्ना की अगुवाई वाली सर्वोच्च न्यायालय की पीठ का उद्देश्य धार्मिक स्थल के स्वामित्व और स्थिति से संबंधित कानूनी व्याख्याओं में स्थिरता प्रदान करना भी है। यह निश्चित रूप से सांप्रदायिक तनाव को फिर से भड़काने से रोकेगा, जो देश के समाज और राजनीति दोनों को बहुत ही विनाशकारी तरीके से प्रभावित करता है।रोक के आदेश से, सीजेआई संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति पी वी संजय कुमार और न्यायमूर्ति के वी. विश्वनाथन वाली सर्वोच्च न्यायालय की पीठ ने न केवल पूजा स्थल अधिनियम की रक्षा की है, बल्कि भारत के संविधान के %मूल ढांचे% की भी रक्षा की है, जो धर्मनिरपेक्षता पर आधारित है। केंद्र को चार सप्ताह में जवाब देने का समय दिया गया है, जिसे वे पिछले चार वर्षों से टाल रहे थे। इस आदेश ने केंद्र में हिंदुत्ववादी ताकतों के नेतृत्व वाली सत्ताधारी व्यवस्था को मुश्किल स्थिति में डाल दिया है- या तो उन्हें पूजा स्थल अधिनियम का समर्थन करना होगा या इसके खिलाफ बहस। स्पष्ट है अब टालमटोल नहीं चलेगा।

इस समय, सर्वोच्च न्यायालय के आदेश ने भारत में सांप्रदायिकता के हमले से बचने के लिए धर्मनिरपेक्षता को थोड़ी उम्मीद दी है, लेकिन आगे एक लंबी सामाजिक, राजनीतिक और कानूनी लड़ाई है।




वास्तु-दोष से निपटने के लिए सबसे पहले दिशा-ज्ञान होना जरूरी है। ऐसा होने पर आप खुद समझ जाएंगे आप कहां गलत हैं और कहां सही...

# सुख-समृद्धि के लिए दिशा ज्ञान जरूरी

घर में कौन-सा सामान कहां रखें? कहीं कबाड़ का इस दिशा में होना नुकसानदेह तो नहीं! किचन किस दिशा में हो, टॉयलेट का फलां दिशा में होना अशुभ तो नहीं? दिशा से जुड़े इस तरह के सवाल आपको परेशान करते हैं? वास्तु-दोष से निपटने के लिए सबसे पहले दिशा-ज्ञान होना जरूरी है। ऐसा होने पर आप खुद समझ जाएंगे आप कहां गलत हैं और कहां सही। जानिए और आज ही अपने घर के इंटीरियर को बदलकर शुरू कर दीजिए पॉजिटिव नतीजे पाना...

**उत्तर दिशा** - उत्तर दिशा के अधिष्ठित देवता कुबेर हैं जो धन और समृद्धि के द्योतक हैं। ज्योतिष के अनुसार बुद्ध ग्रह उत्तर दिशा के स्वामी हैं। उत्तर दिशा को मातृ स्थान भी कहा गया है। इस दिशा में स्थान खाली रखना या कच्ची भूमि छोड़ना धन और समृद्धि कारक है।

**पूर्व दिशा** - पूर्व दिशा के देवता इंद्र हैं। आत्मा के कारक और रासृष्टि प्रकाश सूर्य पूर्व दिशा से उदय होते हैं। पूर्व दिशा पितृस्थान का द्योतक है। इस दिशा में कोई रुकावट नही होनी चाहिए। पूर्व दिशा में खुला स्थान परिवार के मुखिया की लम्बी उम्र का प्रतीक है।

**पश्चिम दिशा** - वरुण पश्चिम दिशा के देवता है और ज्योतिष के अनुसार शनिदेव पश्चिम दिशा के स्वामी हैं। यह दिशा प्रसिद्धि, भाग्य और ख्याति का प्रतीक है।

**दक्षिण दिशा** - यम दक्षिण दिशा के अधिष्ठित देव हैं। दक्षिण दिशा में वास्तु के नियमानुसार निर्माण करने से सुख, सम्पन्नता और समृद्धि की प्राप्ति होती है।

**ईशान कोण** - पूर्व और उत्तर दिशाएं जहां पर मिलती हैं उस स्थान को ईशान कोण की संज्ञा दी गई है। यह दो दिशाओं का सर्वोतम मिलन स्थान है। यह स्थान भगवान शिव और जल का स्थान भी माना गया है। ईशान को सदैव स्वच्छ और शुद्ध रखना चाहिए। इस स्थान पर जलीय स्रोतों जैसे कुंआ, बोरिंग वगैरह की व्यवस्था सर्वोतम परिणाम देती है। पूजा स्थान के लिए ईशान कोण को विशेष महत्व दिया जाता है। इस स्थान पर कूड़ा करकट रखना, स्टोर, टॉयलट वगैरह बनाना वर्जित है।

**आग्नेय कोण** - दक्षिण और पूर्व के मध्य का कोणीय स्थान आग्नेय कोण के नाम से जाना जाता है। नाम से ही साफ हो जाता है कि यह स्थान अग्नि देवता का प्रमुख स्थान है इसलिए रसोई या अग्नि संबंधी (इलैक्ट्रॉनिक उपकरणों आदि) के रखने के लिए विशेष स्थान है। शुक्र ग्रह इस दिशा के स्वामी हैं। आग्नेय का वास्तुसम्मत होना निवासियों के उत्तम स्वास्थ्य के लिए जरूरी है।

**नैऋत्य कोण** - दक्षिण और पश्चिम दिशा के मध्य के स्थान को नैऋत्य दिशा का नाम दिया गया है। इस दिशा पर निरूति या पूतना का आधिपत्य है। ज्योतिष के अनुसार राहू और केतु इस दिशा के स्वामी हैं। इस क्षेत्र का मुख्य तत्व पृथ्वी है। पृथ्वी तत्व की प्रमुखता के कारण इस स्थान को ऊंचा और भारी रखना चाहिए। इस दिशा में गड्ढे, बोरिंग, कुंए इत्यादि नहीं होने चाहिए।

**वायव्य कोण** - उत्तर और पश्चिम दिशा के मध्य के कोणीय स्थान को वायव्य दिशा का नाम दिया गया है। इस दिशा का मुख्य तत्व वायु है। इस स्थान का प्रभाव पड़ोसियों, मित्रों और संबंधियों से अच्छे या बुरे संबंधों का कारण बनता है। वास्तु के सही उपयोग से इसे सदोपयोगी बनाया जा सकता है।





# घर में सुख शांति और धन लाभ हेतु चमत्कारी उपाय

क्या आपके घर में कलह क्लेश का माहौल रहता है? क्या घर में झगड़ों की वजह से आपका चित्त अशांत रहता है? घर में पैसों का अभाव रहता है? यदि ऐसा है तो कहीं न कहीं आपके घर का वास्तु ठीक नहीं है। घर में सुख शांति और धन लाभ हेतु चमत्कारी उपाय

- प्रतिदिन गणेश पूजन करें और मोदक का भोग लगाएं।
- नवग्रह शांति पूजा, वास्तु पुरुष की पूजा, नवचंडी यज्ञ, शांतिपाठ, अग्नि होत्र यज्ञ अपनी क्षमता अनुसार करवाते रहें।
- वास्तु पुरूष की मूर्ति, चांदी का नाग, तांबे की तार, मोती और पौला को थोड़ी सी लाल मिट्टी के साथ लाल कपड़े में डाल कर पूर्व दिशा में रखें।
- लाल रेती, काजू, पौला को लाल कपड़े में बांध कर मंगलवार के दिन पश्चिम दिशा में रख दें और रोजाना उसकी पूजा करें तो घर में शांति का माहौल बना रहता है।
- घर की दक्षिण-पश्चिम दिशा कटी हो अथवा पारिवारिक सदस्यों में मतभेद रहते हो तो घर में पितृशांति, पिंडदान, नागबली, नारायण बली करवाएं।
- प्रत्येक सप्ताह में पड़ने वाले सोमवार को और महीने में आने वाली अमावास्या के दिन रुद्री करें।
- भंडार घर को हमेशा भर कर रखने से घर में सकरात्मकता आती है।
- हर साल ग्रह शांति करवाने से पापों का क्षय होता है।
- परिवार के सभी सदस्यों का एक साथ खींचा हुआ चित्र किसी उपयुक्त स्थान पर लगाना चाहिए। घ्यान रहें कि सभी सदस्य प्रसन्न मुद्रा में मुस्कराते हुए दिखाई दें। यह चित्र दक्षिण-पश्चिम दिशा में लगाएं।

# जीवन में आकर्षण निर्धारित करना चाहते हैं तो...

बांस का पौधा फेंग शुई का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। सौभाग्य के लिए लम्बी आयु का होना आवश्यक है। बांस का पौधा लम्बी आयु तथा अच्छे स्वास्थ्य का प्रतीक है। भाग्य के लिए बांस के पौधे प्रतिकूल परिस्थितियों में भी भरपूर वृद्धि का प्रतिनिधित्व करते हैं। यह पौधा अच्छे स्वास्थ्य का प्रतीक है। यह अच्छे भाग्य का भी संकेत देता है। आफिस या दुकान के मुख्य द्वार के ऊपर बांस के दो टुकड़े छ इंच या नौ इंच के लाल रिबन में बांध कर टांग सकते हैं। बांस के टुकड़े के दोनों सिरे खुले होने चाहिए। इससे व्यवसाय प्रतीकात्मक रूप में बांस के पौधे की भांति संकट काल में स्थिर रहेगा तथा अनुकुल समय आने पर खुब समृद्ध होगा। बांस का पौधा ऊर्जा के संयंत्र घर और जीवन में आकर्षण निर्धारित करता है। बागान में जितने अधिक डंठल का पौधा होगा। जातक को उतनी अच्छी किस्मत और भाग्य का आशीर्वाद मिलेगा। लकी लॉग बांस समृद्धि से भरा है और मजबूत जीवन का प्रतीक है। बहुत से लोग उपहार, जन्मदिन, वर्षगांठ, भव्य उद्घाटन, पुरस्कार, उपलब्धियों और अन्य शुभ अवसरों पर बांस का पौधा उपहार के रूप में देते हैं। उपहार प्राप्त करने वाले का भाग्य चमकने लगता है। आप अपने घर में सद्भाव को प्राप्त करने के लिए भाग्यशाली बांस का उपयोग कर सकते हैं।



# घर में ईश्वरीय शक्तियों के प्रवेश से खोलें किस्मत का ताला

सनातन धर्म में व्रत व पूजा-पाठ का विशेष महत्व है। यह हमारे रीति-रिवाज व परंपरा के द्योतक है। पूजा-पाठ करने से पूर्व सिर पर पल्लू, हाथों में पूजन सामग्री और समर्पण भाव से झुकी हुई आंखें रखना हमारी विरासत है, जिसकी जिम्मेदारी विशेष रूप से घर की महिलाएं संभालती हैं।



जब आप किसी कारणवश मानसिक रूप से कमजोर पड़ जाते हैं अथवा घर में क्लेश, रोग या आर्थिक तंगी से परेशान होते हैं तो उस समय जादू टोने तंत्र मंत्र में पड़ने से बेहतर है भगवान की शरण में जाएं। पूजा-पाठ से समस्त कार्यों के अच्छा होने की उम्मीद जाग जाती है। भक्ति में बड़ी शक्ति है अवश्यकता है तो केवल विश्वास रखने की। यही विश्वास घर और ऑफिस की जिम्मेदारियों के बीच पूजन करने को विवश करता है। जब किसी भौतिक समस्या का निदान हम अपने प्रयासों से नहीं ढूंढ़ पाते तब पूजा-पाठ ही आखिरी रास्ता बचता है। यह महज धारणा नहीं, बल्कि हकीकत है। घर में देवालाय वास्तु शास्त्र के अनुरूप हो तो अत्यन्त शुभ फल प्रदान करता है और देवालाय के माध्यम से आपकी किस्मत का ताला भी खुल जाता है। देवालाय पूर्वी या उत्तरी ईशान कोण में बनाएं क्योंकि ईश्वरीय शक्तियां ईशान कोण से प्रवेश करती हैं और नैऋत्य कोण पश्चिम-दक्षिण से बाहर निकलती है। इसका एक हिस्सा शरीर द्वारा ग्राह्य बायोशक्ति में बदलकर जीवनोपयोगी बनता है। वास्तुशास्त्र प्रकृति से पूर्ण लाभ प्राप्त करने की व्यवस्था करता है न कि भाग्य को बदलने की। पूजा-पाठ करते समय जातक का मुंह पश्चिम दिशा में होना शुभ फलदायी होता है इसके लिए पूजा स्थल का द्वार पूर्व की ओर होना चाहिए। शौचालय तथा पूजा घर पास-पास नहीं होना चाहिए। जब भी आपका मन अशांत हो, यहां आकर आप नई ऊर्जा प्राप्त कर सकते हैं। कर्मों का फल शुभाशुभ जैसा भी हो हमें भोगना अवश्य पड़ेगा। इतना है कि सुकर्म कष्ट को कम कर देते हैं।

# रसोई होगी समृद्धशाली तो घर में आएगी खुशहाली

घर की रौनक होती है रसोई। गृह लक्ष्मी का भी ज्यादातर समय रसोई में ही बीतता है। ऐसे में रसोई का वास्तु के अनुसार होना बेहद जरूरी है क्योंकि इसका सीधा संबंध हमारे स्वास्थ्य से होता है। स्वच्छ चित्त, प्रसन्न मन और सर्वोत्तम आहार सभी में रसोई की अपनी भूमिका होती है। रसोई बनाने से पहले वास्तु के अनुसार आदर्श स्थान दक्षिण-पूर्व कोना (आग्नेय कोण) होता है। दूसरे स्थान के रूप में उत्तर-पश्चिम या वायव्य कोण में भी रसोई का निर्माण किया जाए तो अच्छा रहता है। दक्षिण, पश्चिम, उत्तर, ईशान कोण एवं नैऋत्य कोण रसोई के लिए वर्जित होते हैं। रसोई में गैस सिलैंडर और चूल्हा स्थापन इस प्रकार होना चाहिए कि खाना बनाने वाले का चेहरा पूर्व की तरफ हो। साथ ही प्लेटफार्म उत्तर एवं पूर्व की दीवार में एकदम न लगता हों।

जल और अग्नि साथ-साथ न हों इसके लिए बर्तन धोने का सिंक और पानी के नल चूल्हे से दूर होने चाहिएं। रसोई घर में अवन इत्यादि बिजली उपकरण अग्नि कोण में होने चाहिएं। फ्रिज दक्षिण-पश्चिम में तथा एग्जॉस्ट फैन ईशान कोण में होना चाहिए। गैस चूल्हे के ऊपर सामान रखने के लिए अलमारियों का निर्माण नहीं करवाना चाहिए। हवा का आवागमन सुगमता से हो सके, इसका विशेष ध्यान रखना चाहिए। रसोई घर की दीवार से सटा कर, इसके ऊपर या नीचे टॉयलैट नहीं होना चाहिए। रसोई घर के एकदम मध्य में बैठकर कभी भी भोजन नहीं करना चाहिए साथ ही रसोई घर का चूल्हा बाहर बैठे व्यक्ति को दिखाई नहीं देना चाहिए। रसोई के ऊपर या नीचे सोने का कमरा या पूजा कक्ष न हो, इसका भी ध्यान रखना जरूरी है। रसोई के उत्तर-पूर्व की ओर हल्के सामान का भंडारण करें, जबकि दक्षिण और पश्चिम की ओर भारी वस्तुओं का।



## राष्ट्रपति 17 से 21 दिसंबर तक आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के दौरे पर

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 17 से 21 दिसंबर तक आंध्र प्रदेश और तेलंगाना का दौरा करेंगी। इस यात्रा के दौरान राष्ट्रपति सिकंदराबाद के बोलारम में राष्ट्रपति निलयम में ठहरेंगी। राष्ट्रपति भवन ने एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति 17 दिसंबर को आंध्र प्रदेश के मंगलगिरी में एम्स के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। राष्ट्रपति 18 दिसंबर को सिकंदराबाद के बोलारम में राष्ट्रपति निलयम में विभिन्न पहलों का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगी। राष्ट्रपति 20 दिसंबर को सिकंदराबाद के रक्षा प्रबंधन कॉलेज को राष्ट्रपति कलर प्रदान करेंगी। उसी शाम वह राज्य के गणमान्य व्यक्तियों, शिक्षाविदों आदि के लिए राष्ट्रपति निलयम में एक एट होम रिसेप्शन की मेजबानी करेंगी।

## श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सेवा व सुविधा का संगम बनेगा खिचड़ी मेला

**गोरखपुर।** मकर संक्रांति के पर्व से शुरू होकर एक माह से अधिक समय तक चलने वाला गोरखनाथ मंदिर का विश्व प्रसिद्ध खिचड़ी मेला श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सेवा और सुविधा का संगम बनेगा। इसे लेकर प्रशासन के कई विभागों की तैयारियां जोरों पर हैं। गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खिचड़ी मेले की जारी तैयारियों की समीक्षा कर चुके हैं। इस बार मकर संक्रांति 14 जनवरी 2025 को मनाई जाएगी। इस अवसर पर लगने वाले खिचड़ी मेले को लेकर गोरखनाथ मंदिर का मेला परिसर सजने-संवरने लगा है। खिचड़ी मेले में पूर्वी उत्तर प्रदेश के अलावा, बिहार और नेपाल से भी श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ता है। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खिचड़ी मेले में श्रद्धालुओं के आने-जाने से लेकर मंदिर परिसर में उनकी सुरक्षा, स्वच्छता, पेयजल, ठंड से बचाव या फिर आकस्मिक जरूरत में चिकित्सा तक, हर दृष्टिकोण से जरूरी इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। विगत दिनों हुए समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा था कि खिचड़ी मेला में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सेवा और सुविधा विशेष प्राथमिकता होनी चाहिए।

## जान चली जाए लेकिन चिन्मय कृष्ण दास के लिए लड़ाई लड़ते रहूंगा: वकील रवींद्र घोष

**कोलकाता।** बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील और मानवाधिकार कार्यकर्ता रवींद्र घोष ने कहा है कि वह हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास के लिए न्याय की लड़ाई जारी रखेंगे, भले ही उनकी जान चली जाए। रवींद्र घोष, जो बांग्लादेश माइनॉरिटी वॉच संगठन के अध्यक्ष भी हैं, ने आरोप लगाया कि मौजूदा अंतरिम सरकार अल्पसंख्यकों को सुनियोजित तरीके से निशाना बना रही है। घोष ने कहा कि चिन्मय कृष्ण दास के बड़े सार्वजनिक आयोजनों और अल्पसंख्यकों को संगठित करने के प्रयासों से घबराकर सरकार और कट्टरपंथी समूहों ने उन्हें निशाना बनाया। घोष ने कहा कि मुझे लगातार धमकियां मिल रही हैं, लेकिन मैंने अपना जीवन हमेशा अन्याय के खिलाफ लड़ाई के लिए समर्पित किया है। चाहे कोई भी धर्म हो, मैंने हमेशा पीड़ितों के लिए आवाज उठाई है। मौत एक दिन आनी ही है, लेकिन मैं न्याय के लिए अपनी लड़ाई जारी रखूंगा। उन्होंने बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम को याद करते हुए कहा कि यह युद्ध समानता और न्याय के लिए लड़ा गया था। हिंदू और मुसलमानों ने मिलकर इस स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया। उन्होंने कहा, हिंदुओं ने इस संग्राम में बड़ी कुर्बानियां दीं, लेकिन आज उन्हें भुला दिया गया है। अल्पसंख्यकों पर अत्याचार 1971 के मूल सिद्धांतों का अपमान है। रवींद्र घोष ने यह भी कहा कि अदालतों में चिन्मय कृष्ण दास के समर्थन में खड़े वकीलों को धमकियां दी जा रही हैं और उन पर झूठे मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह पूरी प्रक्रिया न्याय का मजाक उड़ाने जैसा है।

## नेहरू की चिट्ठियों को लेकर भाजपा ने उठाए सवाल, पूछा- गांधी परिवार क्या छुपाना चाहता है

**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की चिट्ठियों पर अब विवाद शुरू हो गया है। दरअसल, प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय सोसाइटी के सदस्य ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को पत्र लिख कर नेहरू की चिट्ठियों को वापस करने को कहा है। इसके साथ ही इस मामले पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस से पूछा है कि वह आखिर जवाहर लाल नेहरू की चिट्ठियों को क्यों छुपा रही है। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने लोकसभा में भी यह मुद्दा उठाया और प्रेसवार्ता करके भी कांग्रेस पार्टी से जवाब मांगा।

उन्होंने कहा कि जवाहर लाल नेहरू के पत्राचार 1971 में जवाहर लाल नेहरू स्मारक संग्रहालय एवं पुस्तकालय को दिए गए थे। इन सभी पत्रों को उस समय के जवाहर लाल नेहरू स्मारक संग्रहालय एवं पुस्तकालय के डॉयरेक्टर ने स्वीकृति लेकर करीब 51 डिब्बों में भर कर 5 मई, 2008 को सोनिया गांधी के घर भेज दिया गया था। जवाहर लाल नेहरू ने ये पत्र एडविना माउंटबेटन, एल्बर्ट आइंस्टीन, जयप्रकाश नारायण, बाबू जगजीवन राम और गोविंद बल्लभ पंत आदि को लिखे थे। गांधी परिवार नहीं चाहता था कि ये पत्र जनता तक आएं। आखिर, इन पत्रों में ऐसा क्या था कि सोनिया गांधी नहीं चाहती थीं कि वो सार्वजनिक हों? उन्हें जनता को जवाब देना चाहिए।

# बीजापुर के गांव गुण्डम में महुआ पेड़ के नीचे केन्द्रीय गृह मंत्री ने लगाई चौपाल, ग्रामीणों से खुलकर की चर्चा

**एजेंसी**

**बीजापुर/रायपुर।** माओवादी आतंक से प्रभावित बीजापुर जिले के गुण्डम गांव में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने महुआ पेड़ के नीचे चौपाल लगाकर ग्रामीणों से आत्मीयतापूर्वक खुलकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर हमने माओवादी आतंक को 31 मार्च 2026 तक समाप्त करने का लक्ष्य रखा है जिसका परिणाम है कि आज नक्सलवाद एक छोटे से दायरे में सिमट कर रह गया है। इस मौके पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उप-मुख्यमंत्री विजय शर्मा उपस्थित थे। केन्द्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि माओवादी आतंक के भय से ग्रामीणों को मुक्त कराने के लिए बस्तर के विभिन्न स्थानों में सुरक्षा कैम्प स्थापित किए गए हैं। बस्तर अंचल में अमन और शांति का वातावरण स्थापित हो रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से ज्यादा से ज्यादा योजनाओं से



जुड़कर विकास की मुख्यधारा में शामिल होने की अपील की। शाह ने कहा कि बच्चों को स्कूल अवश्य भेजें। शिक्षा से ही विभिन्न समस्याओं का समाधान निकलेगा। केन्द्रीय गृह मंत्री ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि गुण्डम के नजदीक स्थापित कैम्प में अस्पताल की सुविधा भी है, जहां निःशुल्क उपचार के लिए ग्रामीण निःसंकोच होकर जाएं और झाड़-फूंक के भरोसे न रहें। उन्होंने ग्रामीणों को निःशुल्क 35 किलो चावल, महतारी वंदन योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया। उन्होंने गांव में स्थित प्राथमिक शाला का अवलोकन कर बच्चों से पढ़ाई सम्बधी जानकारी ली और नियमित स्कूल आने के लिए बच्चों को प्रेरित किया। वहीं उन्होंने महिलाओं को भी शिक्षा के लाभ से अवगत कराया। गृह मंत्री शाह ने ग्रामीणों के लिए जन सुविधा शिविर लगाकर आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक पासबुक, आयुष्मान कार्ड सहित अन्य सभी आवश्यक दस्तावेज बनाने के निर्देश कलेक्टर को दिए। उन्होंने कहा कि शासन की समस्त योजनाओं का लाभ लेने के लिए बैंक पासबुक अनिवार्य है, इसलिए सभी का बैंक पासबुक जरूरी है। उन्होंने कहा कि एक वर्ष के भीतर गांव में सड़क, बिजली, स्कूल, अस्पताल, पेयजल जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी।

# फ्रांस के राजदूत थियरी माथू ने मुख्यमंत्री योगी से की मुलाकात



**एजेंसी**

**लखनऊ।** फ्रांस के राजदूत डॉ. थियरी माथू ने एक प्रतिनिधिमंडल के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने फ्रांसीसी प्रतिनिधिमंडल के साथ प्रदेश में डिफेंस, फार्मा व एजुकेशन सेक्टर में एमओयू एवं निवेश को लेकर विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री ने फ्रांसीसी कंपनियों को एनसीआर और बुंदेलखंड में निवेश के लिए आमंत्रित किया। फ्रांस के राजदूत ने उत्तर प्रदेश और फ्रांस के बीच व्यापारिक और सांस्कृतिक साझेदारी को और प्रगाढ़ करने की इच्छा जताई। देश के सबसे बड़ी आबादी वाले राज्य उप्र के 60 प्रतिशत युवा शक्ति को लेकर विदेशी प्रतिनिधिमंडल निवेश के लिए उत्साहित है। प्रतिनिधिमंडल ने आईटी कॉरिडोर, स्मार्ट सिटीज व सांस्कृतिक उन्नयन को लेकर भी उत्तर प्रदेश के साथ काम करने को लेकर रुचि दिखाई है।

# समीर जानी को एआईएफटीपी का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया

**एजेंसी**

**कोलकाता।** आयकर अधिनियम के तहत पुनः कर निर्धारण प्रावधानों में कई बदलाव हुए हैं, जो राजस्व के हित और करदाताओं के अधिकारों को संतुलित करने के सरकार के इरादे को दर्शाते हैं, यह बात सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां ने ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ टैक्स प्रैक्टिशनर्स (एआईएफटीपी) के 27वें राष्ट्रीय सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में 14 और 15 दिसंबर, 2024 को जूनागढ़ (गुजरात) में कही।

न्यायमूर्ति बी.डी. करिया, न्यायाधीश, गुजरात उच्च न्यायालय, गुवाहाटी उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सौमित्र सैकिया और गुजरात उच्च न्यायालय के न्यायाधीश प्रणव त्रिवेदी ने भी सम्मानित अतिथि के रूप में संबोधित किया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए एआईएफटीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नारायण जैन ने कहा कि फेडरेशन तीन बुनियादी सिद्धांतों शिक्षा, नैतिकता और उत्कृष्टता के लिए काम करता है। पूरे भारत में इसके 11 हजार 200 से अधिक वकील, चार्टर्ड अकाउंटेंट और टैक्स प्रैक्टिशनर हैं। जूनागढ़ के वकील निकिता बधेका, डीके गांधी, पंकज घीया ने भी सम्मेलन को संबोधित किया। वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद दातार, सौरभ सोपारकर, कविन गुलाटी, डॉ. सीए गिरीश आहूजा,




समीर जानी को 2025 के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में शपथ दिलाई गई। सीए एस वेंकटरमणी को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया। 2025 के लिए अन्य पदाधिकारियों में संतोष गुप्ता (महासचिव) और भास्कर पटेल (कोषाध्यक्ष) शामिल हैं। पूर्व अध्यक्ष पीसी जोशी, डॉ. के शिवराम, प्रेमलता बंसल, एम.एस. राव, अधिवक्ता मुकेश पटेल, सीए अभय देसाई वक्ता थे। एडवोकेट विनायक पाटकर, एनवीपी, एडवोकेट आरडी काकरा (महासचिव), एडवोकेट भास्कर बी पटेल, सीए अनिल माथुर, टैक्सेशन एडवाइजर्स एसोसिएशन, जूनागढ़, गिर-सोमनाथ टैक्स बार एसोसिएशन, वेरावल और अन्य ने सम्मेलन को इतना सफल बनाने में सक्रिय रूप से मदद की।

# महाकुम्भ की यादगार निशानी का माध्यम बनेगा एआई चैटबॉट

**एजेंसी**

**महाकुम्भनगर।** आप दुनिया के किसी कोने में हों, महाकुम्भ की यादगार निशानी पुरस्कार के तौर पर पा सकते हैं। यह सुविधा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के डिजिटल महाकुम्भ के विजन के जरिए पूरी दुनिया को मिलने जा रही है। महाकुम्भ में अपनी तरह के पहले अभिनव प्रयोग के रूप में एआई जेनरेटिव चैटबॉट की हाईटेक टेक्नोलॉजी के जरिए किया जा रहा है। इसमें क्यूआर स्कैन करते ही अपनी फोटो सहित महाकुम्भ का प्रमाण पत्र मिलेगा, जिसे प्रिंटेड कॉपी के तौर पर सहेज कर रख भी सकते हैं। सबसे जरूरी बात ये है कि महाकुम्भ के हर इवेंट और हर मेगा प्रोग्राम की पूरी डिटेल इसी एआई चैटबॉट पर मौजूद रहेगी। पीएम के डिजिटल महाकुम्भ के विजन को पूरा करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। प्रयागराज की क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर महाकुम्भ को दिव्य, नव्य और भव्य बनाने के लिए युद्धस्तर पर तैयारी की जा रही है। पर्यटन विभाग के साथ साथ मेला के अधिकारी और




महाकुम्भनगर की पुलिस मिलकर पीएम मोदी और सीएम योगी के डिजिटल महाकुम्भ के विजन पर आगे बढ़कर काम कर रही है। ऐसा पहली बार हो रहा है, जब डिजिटलीकरण को इतना ज्यादा फ्लो मिल रहा है। एआई चैट बॉट के जरिए महाकुम्भ की यादगार निशानी देश दुनिया के श्रद्धालुओं को मिलने जा रही है। इसके लिए लिंक (https://chatbot.kumbh.up.gov.in) पर जाना होगा। या फिर इसका क्यूआर स्कैन करके अपनी फोटो सहित महाकुम्भ का प्रमाण पत्र हासिल कर सकते हैं। सीएम योगी के निर्देश पर देश के कोने कोने में एआई चैट बॉट का प्रचार किया जा रहा है। देश दुनिया में इसके प्रचार प्रसार के लिए सोशल मीडिया के जरिए डिजिटली प्रमोशन किया जा रहा है। साथ ही एक्स, व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम पर एआई चैट बॉट का ट्रेंड अचानक बढ़ गया है।

महाकुम्भ में एआई जेनरेटिव चैटबॉट की हाईटेक टेक्नोलॉजी के जरिए इस तरह का पहला प्रयोग किया जा रहा है, जो महाकुंभ के लिए रोमांचित देश-विदेश के श्रद्धालुओं की सुविधा के मद्देनजर बनाया गया है। एआई जेनरेटिव चैटबॉट आपको दुनिया के किसी भी कोने से महाकुम्भ नगर तक सुरक्षित पहुंचाने में सक्षम है। साथ ही खाना, लॉकर, वॉशरूम, चेंजिंग रूम सहित सभी जरूरी जानकारी एआई चैट बॉट पलक झपकते बताएगा।

# महाकुंभ 2025 रोडशो: योगी के मंत्रियों ने मध्य प्रदेश की जनता को दिया महाकुंभ में आने का निमंत्रण

**एजेंसी**

**भोपाल।** उत्तर प्रदेश सरकार प्रयागराज महाकुंभ-2025 को भारतीय संस्कृति और एकता का वैश्विक प्रतीक बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसी दिशा में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और उद्यान, कृषि विपणन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने भोपाल में एक भव्य रोडशो का नेतृत्व किया। मंत्रियों ने राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और मध्य प्रदेश की जनता को महाकुंभ में शामिल होने का आमंत्रण दिया। इस दौरान मंत्रियों ने बताया कि यह महाकुंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भव्य रूप से 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक संगम तट पर आयोजित होगा। रोडशो के बाद पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए मंत्रियों ने बताया कि महाकुंभ को स्वच्छ, स्वस्थ, सुरक्षित और डिजिटल बनाने के लिए विशेष



योजनाएं बनाई गई हैं। इस आयोजन को पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए सिंगल-यूज प्लास्टिक के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है और तीन लाख पौधे लगाए गए हैं। तीर्थयात्रियों और पर्यटकों के स्वास्थ्य के लिए परेड ग्राउंड में 100 बेड का अस्पताल और अन्य चिकित्सा सुविधाएं स्थापित की गई हैं। 24 घंटे चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए 291 एमबीबीएस और विशेषज्ञ डॉक्टरों, 90 आयुर्वेदिक चिकित्सकों और 182 नर्सिंग स्टाफ की व्यवस्था की गई है। मंत्रियों ने बताया कि डिजिटल तकनीक का व्यापक उपयोग महाकुंभ की प्रमुख विशेषता होगी। श्रद्धालुओं के लिए 11 भाषाओं में ऐप और एआई चैटबॉट, क्यूआर-आधारित पास, स्वच्छता और टेंटों की आईसीटी निगरानी, बहुभाषीय डिजिटल साइनेज, और गूगल मैप के माध्यम से सभी स्थलों का एकीकरण किया गया है। साथ ही, 101 स्मार्ट पार्किंग स्थलों की व्यवस्था की गई है, जहां प्रतिदिन पांच लाख वाहन पार्क हो सकेंगे। प्रयागराज में 35 पुराने और 9 नए घाट बनाए गए हैं, और गंगा किनारे मरीन ड्राइव की तर्ज पर 15.25 किलोमीटर लंबे रिवरफ्रंट का निर्माण किया गया है। भीड़ प्रबंधन के लिए अपग्रेडेड कंट्रोल सेंटर और सीसीटीवी कैमरों के जरिए निगरानी की जाएगी। श्रद्धालुओं की गिनती के लिए आधुनिक तकनीकों जैसे एट्रिब्यूट-आधारित खोज, आरएफआईडी रिस्टबैंड और मोबाइल ऐप का उपयोग किया जाएगा।

# 2017 से सांप्रदायिक दंगों में 97 से 99 फीसदी तक आई कमी: मुख्यमंत्री

**एजेंसी**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र में अपनी बातें रखते हुए विपक्ष को आईना दिखाया। मुख्यमंत्री ने एनसीआरबी डेटा के आंकड़ों के मुताबिक बताया कि 2017 से लेकर अब तक प्रदेश में सांप्रदायिक दंगों में 97 से 99 फीसदी तक की कमी आई है। 2017 से अब तक यूपी में दंगे नहीं हुए हैं, जबकि 2012 से 2017 (सपा कार्यकाल) तक प्रदेश में 815 सांप्रदायिक दंगे और 192 लोगों की मौत हुई। 2007 से 2011 के बीच 616 सांप्रदायिक घटनाएं हुईं, इसमें 121 लोगों की मौत हुई। सीएम योगी ने कहाकि आखिर तथ्यों को छिपाकर कब तक जनता को गुमराह करेंगे। संभल में माननीय न्यायालय के आदेश पर सर्वे हो रहा था। जयश्रीराम सांप्रदायिक संबोधन नहीं है। राम के बिना हमारा कोई काम ही नहीं है। यदि जयश्रीराम बोलने पर उत्तेजना से नीयत सभी लोग समझ सकते हैं। सीएम ने कहा कि कुंदरकी की जीत वोट की लूट कहना सदस्य का अपमान है। वहां सपा के प्रत्याशी की जमानत जब्त हो गई। आज डिजिटल मीडिया का समय है। वहां का पठान और शेख कह रहा है कि हमारे पूर्वज हिंदू थे। आपके पूर्वज भी हिंदू थे। यह देशी-विदेशी मुसलमानों की आपसी भिड़ंत है, जो वर्चस्व की लड़ाई को लेकर चल रही है। सपा पर हमलावर योगी ने कहा कि सच पर पर्दा डालने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन सूर्य, चांद और सत्य को बहुत देर तक कोई छिपा नहीं सकता, सत्य जल्द सामने आएगा। सीएम ने नेता प्रतिपक्ष के बयान पर कहा कि बाबर नामा भी कहता है ।

# खड़गे ने राज्य सभा में सरकार को घेरा, कहा- सरकार तोड़ मरोड़ कर पेश कर रही है तथ्य

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** राज्य सभा में संविधान के 75 वर्ष की गौरवशाली यात्रा पर चर्चा के दौरान निर्मला सीतारमण के आरोपों का जवाब देते हुए सदन में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष ने आरोप लगाया कि संविधान में संशोधन एक परिवार के लिए किए गए जबकि ये आरोप निराधार है। संविधान में पहला संशोधन अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ी जाति को अधिकार देने के संबंध में था, भूमि सुधारों को लेकर किया गया था। तब अंतरिम सरकार बनाई गई थी, जिसमें श्यामा प्रसाद मुखर्जी भी शामिल थे। सरदार पटेल ने ही बताया था कि संविधान संशोधन में ही समस्या का हल है। लेकिन सदन और देश के समक्ष सत्य को तोड़ मरोड़ कर पेश किया जा रहा है। खरगे ने विपक्ष की तरफ




से चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि आज 16 दिसंबर है। आज ही के दिन साहसी नेता इंदिरा गांधी ने पाकिस्तान के दो टुकड़े कर बांग्लादेश को आजाद कराया। अब वहां की हालत देखिए, भाजपा को अपनी आंखें खोलनी चाहिए और वहां के अल्पसंख्यकों की मदद करनी चाहिए। खरगे ने कहा कि अमेरिका, यूके, फ्रांस डेमोक्रेसी की बहुत बातें करते थे लेकिन महिलाओं को मतदान का अधिकार नहीं था। भारत ही एक ऐसा देश है, जहां संविधान लागू होने के दिन से ही सबको सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार यानि 18 साल से लोगों को मताधिकार मिला। यह नेहरू, आंबेडकर या संविधान सभा की देन है। संघ के मुखपत्र ऑर्गेनाइजर ने 51-52 चुनावों के दौरान व्यस्क मताधिकार के खिलाफ लिखा था। उन्होंने कहा कि देश के लिए जो लोग लड़े नहीं, उनको आजादी और संविधान के महत्व के बारे में क्या पता होगा।

मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि 1949 में आरएसएस नेताओं ने भारत के संविधान का विरोध किया था, क्योंकि यह मनुस्मृति पर आधारित नहीं था। न तो उन्होंने संविधान को स्वीकार किया और न ही तिरंगे को। 26 जनवरी 2002 को पहली बार आरएसएस मुख्यालय पर तिरंगा फहराया गया, क्योंकि इसके लिए कोर्ट का आदेश था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भाषण पर सवाल उठाते हुए खरगे ने कहा कि उन्होंने सदन को गुमराह करने की कोशिश की। प्रधानमंत्री ने कहा कि 1947-1952 के बीच कोई चुनी हुई सरकार नहीं थी। उन्होंने अंतरिम सरकार पर सवाल उठाया, जिसमें श्यामा प्रसाद मुखर्जी शामिल थे। इसलिए बोलते समय आपको यह स्पष्ट करना चाहिए कि प्रधानमंत्री मोदी अपने नेता के बारे में बोल रहे हैं या नेहरू के बारे में।

हमें अपनी गलतियों को स्वीकार करना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री पर तंज कसते हुए कहा कि वे वर्तमान में नहीं, कल्पना और अतीत में जीते हैं। बेहतर होता कि वे वर्तमान की उपलब्धियां गिनाते, जिससे लोकतंत्र मजबूत हुआ। प्रधानमंत्री को बताना चाहिए था कि उन्होंने पिछले 11 सालों में संविधान को मजबूत करने के लिए क्या किया है।

# बंगाल ट्रैवल मार्ट में पहली बार हिस्सा लेगा भूटान, नहीं रहेगा बांग्लादेश

**एजेंसी**

**सिलीगुड़ी।** नेपाल पर्यटन बोर्ड के तत्वावधान में 17 दिसंबर से सिलीगुड़ी में आयोजित होने वाले 8वें बंगाल ट्रैवल मार्ट में पहली बार पड़ोसी देश भूटान भाग लेने जा रहा है। प्राप्त खबर के अनुसार इस बार के ट्रैवल मार्ट में बांग्लादेश शामिल नहीं होगा। इसका कारण वहां के अस्थिर हालात और भारत विरोधी भावना को माना जा रहा है। इसके अलावा त्रिपुरा, सिक्किम, गुजरात, मध्य प्रदेश जैसे राज्य भी पर्यटन मेले में भाग लेंगे। भूटान टूरिज्म-होटल एंड रेस्तरां एसोसिएशन ऑफ भूटान, नेपाल एसोसिएशन ऑफ टूर एंड ट्रैवल एजेंट्स, पर्यटन मंत्रालय, एसोसिएशन ऑफ डोमेस्टिक टूर ऑपरेटर्स ऑफ इंडिया जैसे संगठन भी भाग लेंगे। ईस्टर्न हिमालयन ट्रैवल एंड टूर ऑपरेटर्स एसोसिएशन और नेपाल टूरिज्म बोर्ड के अधिकारियों ने




सिलीगुड़ी में एक संवाददाता सम्मेलन में बंगाल ट्रैवल मार्ट के बारे में जानकारी दी। आठवां बंगाल ट्रैवल मार्ट 17-19 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा जहां 100 से अधिक घरेलू और विदेशी पर्यटन संगठन और 120 से अधिक अंतरराष्ट्रीय होटल कंपनियां भाग लेंगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में नेपाल पर्यटन बोर्ड के वरिष्ठ प्रबंधक सूर्य थपलिया, देबाशीष मैत्रा, सुरेश ठाकुरी, संदीपन घोष और अन्य उपस्थित थे। सूर्य थपलिया ने कहा, बंगाल ट्रैवल मार्ट के कारण नेपाल में पर्यटन में काफी वृद्धि हुई है। इस साल के पर्यटन मेले में पूर्वी नेपाल के पर्यटन केंद्रों पर प्रकाश डाला जाएगा।

# गैंगस्टर लारेंस बिश्नोई इंटरव्यू मामले में डीएसपी गुरशेर की बर्खास्तगी तय, एसएससी को भेजी मंजूरी

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस की हिरासत के दौरान गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के इंटरव्यू के मामले में पंजाब सरकार ने डीएसपी स्तर के अधिकारी को नौकरी से बर्खास्त करने की मंजूरी पंजाब पब्लिक सर्विस कमीशन को भेज दी है। यह जानकारी हाई कोर्ट में इस केस की सुनवाई के दौरान पंजाब सरकार ने दी है।

हाई कोर्ट में सरकार ने बताया कि इस मामले में डीएसपी गुरशेर सिंह का बर्खास्त की फाइल पंजाब पब्लिक सर्विस कमीशन को भेज दी गई है। यह कार्रवाई इस मामले की जांच के लिए गठित एसआईटी की रिपोर्ट के आधार पर की गई है। मोहाली के तत्कालीन एसएसपी विवेकशील सोनी के बारे में हाई कोर्ट ने कहा कि वह उस जिले के मुख्य अधिकारी थे। उन्हें भी निलंबित किया जाना चाहिए। इस पर सरकारी वकील ने कहा कि एसआईटी ने उनकी कोई भूमिका नहीं बताई है। उन्हें पहले ही पब्लिक डीलिंग के पद से हटाया जा चुका है। इसके साथ हाई कोर्ट ने लॉरेंस को लंबे समय तक सीआईए खरड़ में रखने संबंधी सवाल उठाया। कोर्ट ने कहा कि इस चीज की भी जांच होनी चाहिए।

उल्लेखनीय है कि गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का मार्च, 2023 में एक इंटरव्यू सामने आया था। जांच रिपोर्ट के मुताबिक लॉरेंस ने यह इंटरव्यू उसने सीआईए की हिरासत से दिया था। इस इंटरव्यू में लॉरेंस ने पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला का मर्डर करवाने की बात कबूली थी। इसके बाद सवाल उठा था कि जेल में बंद गैंगस्टर कैसे इंटरव्यू दे सकता हैं।

पंजाब पुलिस की एसआईटी की जांच में इसकी पुष्टि हुई है कि गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को इंटरव्यू देने की सुविधा डीएसपी गुरशेर सिंह ने मुहैया कराई थी।इसके बाद 25 अक्टूबर को डीएसी गुरशेर सिंह के साथ छह अन्य अधिकारी निलंबित किए गए थे।

# इंदौर में कांग्रेस नेता गोलू अग्निहोत्री के घर पर ईडी का छापा

**एजेंसी**

**इंदौर।** मध्य प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर में कांग्रेस नेता विशाल (गोलू) अग्निहोत्री के घर पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने दबिश दी है। यहां उनके चंदन नगर स्थित घर के बाहर सीआरपीएफ तैनात है। बताया जा रहा है कि गोलू अग्निहोत्री सोमवार सुबह ही दुबई से इंदौर लौटे थे। इसी दौरान ईडी की टीम ने उन्हें एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर लिया। हालांकि चंदन नगर थाना पुलिस को भी इस कार्रवाई के संबंध में कोई सूचना नहीं दी गई है। ईडी के कांग्रेस नेता गोलू अग्निहोत्री के घर पर छापेमारी और उनकी गिरफ्तारी ने मध्य प्रदेश की राजनीति में हलचल मचा दी है। इस कार्रवाई को उज्जैन



के सट्टेबाजी कांड से जोड़कर देखा जा रहा है, जो राज्य का अब तक का सबसे बड़ा सट्टा मामला माना जा रहा है। गोलू अग्निहोत्री इंदौर कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष हैं और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के करीबी माने जाते हैं। जानकारी मिली है कि ईडी ने उनके चंदन नगर स्थित घर से कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए हैं। गौरतलब है कि 14 जून 2024 को उज्जैन पुलिस ने क्रिकेट सट्टा खेलते नौ लोगों को गिरफ्तार किया था। इस कार्रवाई में 14.58 करोड़ रुपये नकद, 41 मोबाइल, 19 लैपटॉप, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सिम कार्ड बरामद किए गए थे। इसमें मुख्य आरोपी पीयूष चोपड़ा था, जिसके पास से 500 रुपये के नोटों की 3000 गड्डियां, 7 किलो चांदी, और 7 देशों की विदेशी मुद्रा भी जब्त की गई थी। ईडी की कार्रवाई को इसी मामले से जोड़कर देखा जा रहा है। हालांकि, इस मामले में फिलहाल ईडी की तरफ से कोई अधिकारिक बयान सामने नहीं है।

# गर्दन की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए अपनाएं ये 8 टिप्स

सुन्दर दिखने की चाह हर किसी को होती है। सौन्दर्य में जहां एक ओर चेहरे की सुंदरता का महत्व है, वहीं गर्दन का महत्व भी कम नहीं मना जाता। अगर आपकी सुराहीदार गर्दन हो तो वह आपकी सुंदरता में चार चांद लगा देती है। पर



अगर गर्दन की सफाई समय पर न की जाए तो यह आपकी सुंदरता को कम कर देती है। गर्दन पर उम्र का प्रभाव बहुत जल्दी पडता हैं, जिसके कारण समय से पहले ही झुर्रियां, काली-मैली और स्किन के रंग में फर्क साफ देखाई देने लगता हैं। वहीं दूसरी ओर गर्दन बेडौल हो जाने की समस्या भी उत्पन्न हो जाती है। इसलिए गर्दन की भी उसी प्रकार से देखभाल करनी चाहिए जैसे चेहरे की जाती है।

1. नींबू के बीज निकाल कर कच्चे दूध में डुबो-डुबो कर मैली गर्दन पर रगडें। इससे गर्दन की मैल दूर हो जाएगी।

2. हफ्ते में 2-3 बार पपीते के गूदे से मसाज करने से गर्दन की स्किन पर निखार आता है और साथ ही झुर्रियां भी दूर होती है। 3. अंडे की सफेदी में थोडा सा नीबू का रस मिलाकर अच्छी तरह से फेट लें। इसे गर्दन पर 15 मिनट तक लगा रहने दें। इसके बाद धो लें। यह गर्दन का कालापन दूर करता है।

4. 30-35 साल की महिलाएं गर्दन की झुर्रियों से परेशान हैं, तो उन्हें दूर करने के लिए सबसे आसान तरीका है कि सप्ताह में एक बार अंडे की जर्दी को गर्दन पर लगा लें। सूखने के बाद गुनगुने पानी से धो लें। 5. रात को 10-15 चिरौंजी दूध में भिगो दें। सुबह उसे अच्छी तरह पीसकर लगाने से गर्दन का कालापन दूर होता है। यह प्रयोग सप्ताह में 2 बार करें। 6. गर्दन का कालापन दूर करने के लिए जैतून के तेल की मसाज करें।

7. दो चम्मच उड़द की दाल को गुलाबजल में रात भर के लिए भिगो दें। सुबह उसे पीसकर पेस्ट बना लें। इसे गर्दन पर लगाएं। 10 मिनट बाद ठंडे पानी से साफ कर लें। यह गर्दन की ठीक से सफाई कर देता है।

8. सिर को कभी भी झुका कर बिल्कुल ना रखें।

# पार्टी में सबसे अलग दिखें

पार्टियों का मौसम है। ऋतु मस्तानी है। ऐसे में ग्लैमर लुक आपको देगा एक नई पहचान। यहां लैक्मे ब्यूटी एक्सपर्ट कोरि वालिया बता रहे हैं इस सीजन के नए लुक्स।

मौसम के साथ-साथ मेकअप ट्रेड भी बदल जाता है। नर्म धूप और ठंड में अगर किसी पार्टी में या विशेष मौके पर कहीं जाना हो तो कई बार सोचना पड़ता है, मेकअप कैसा और किस तरह किया जाए कि त्वचा भी सही रहे। तो चलिए सखी के साथ इस सीजन के ग्लैमर लुक ट्राई करिए।

**लुक 1**

**रेड कार्पेट ग्लैम लुक चेहरा**

चेहरा साफ पानी से धोकर अपनी स्किन टोन से मेल खाता हुआ सिल्क नैचरल डेली फाउंडेशन लगाएं। गर्दन व चेहरे पर लगाएं। ऊपर से नीचे की दिशा में अच्छी तरह ब्लेंड करें। अपने चीक्स को सॉफ्ट, नैचरल हाइलाइट करने के लिए पीच कलर का प्योर रुजब्लशर लगाएं।

**आंखें**

पर्पल ओएसिस आई कलर क्वारलेट लें। फिर एप्लीकेटर की सहायता से हलका शेड लैश लाइन से आइब्रो तक लगाएं। उसके बाद एक डार्क शेड लैश लाइन पर लगाकर हलका ब्लेंड करें। अब फिर लोअर लिड पर आई आर्टिस्ट से मोटी लाइन खींचें। आंखों के दोनों कोनों से बाहर निकालते हुए बनाएं। क्विक स्लिवर ग्लाइड ऑन आई कलर से अपर आइलिड पर फाइनल टच दें।

**होंठ**

एनरिच मैट लिप कलर शेड 661 से होंठों को सॉफ्ट टच दें।

**नाखून**

ट्रू वेयर नेल कलर शेड 041 से नाखूनों को आकर्षक बनाएं।

**बाल**

आउट कर्ल करके सेट करें।

**लुक 2**

**रेड कार्पेट ग्लैम लुक**

**चेहरा**

चेहरा साफ पानी से धोकर अपनी स्किन टोन से मेल खाता हुआ सिल्क नैचरल डेली फाउंडेशन गर्दन व चेहरे पर लगाएं। ऊपर से नीचे की दिशा में अच्छी तरह ब्लेंड करें।

**आंखें**

आंखों को ग्लैमर और आकर्षक रूप देने के लिए अपनी अपर आइलिड पर टोपाज आइपॉट लगाएं। अच्छी तरह ब्लेंड करें। फिर आई आर्टिस्ट पेन से मोटी गहरी अपर लैश लाइन बनाएं



। थोड़ा बाहर की तरफ निकालते हुए बनाएं। अब अपनी अपर और लोअर आइलिड पर पीकॉक ग्रीन ग्लाइड ऑन आइ कलर से लाइन बनाएं। यह लाइन भीतरी कोने से बाहरी कोने तक बाहर की तरफ फैलाते हुए बनाएं।

**होंठ**

लिप क्रोम शेड 501 से होंठों को भरें।

**नाखून**

नाखूनों पर ट्रू वेयर नेल कलर शेड 421 लगाएं।

**लुक 3**

**गोवा ग्लैम लुक**

**चेहरा**

चेहरा साफ पानी से धोकर अपनी स्किन टोन से मेल खाता हुआ सिल्क नैचरल डेली फाउंडेशन गर्दन व चेहरे पर लगाएं। ऊपर से नीचे की दिशा में अच्छी तरह ब्लेंड करें। अब गालों को सॉफ्ट व नैचरल टच देने के लिए डिंपल एरिया पर हनी बंच प्योर रूज ब्लशर लगाएं। उसके बाद चीक्स बोन के उभार वाले स्थान को नीचे से ऊपर की ओर पीच अफेयर प्योर रूज ब्लशर से हाइलाइट करें। ब्रॉन्ज्ड, बीच लुक देने के लिए चेहरे पर सन किस्ड फेस शियर लगाएं।

**आंखें**

हिना गोल्ड ग्लाइड ऑन आई कलर से अपर आइलिड पर मोटी आईलाइन बनाएं। फिर लोअर आइलिड पर मेटैलिक ब्लैक ग्लाइड ऑन आई कलर से पतली लाइन बनाएं। उसके बाद हिना गोल्ड से हलकी लाइन खींचें।

**होंठ**

होंठों को क्रीमी मैट बेस देने के लिए एनरिच मैट लिप कलर शेड नं.- 263 लगाएं।

उसके बाद लस्टर शीन लिप क्रोम शेड नं.- 601 लगाएं।

**नाखून**

ट्रू वेयर नेल कलर शेड नं.-242 से नेल्स को कोट करें।

**लुक 4**

**जिप्सी ग्लैम लुक**

**चेहरा**

चेहरा साफ पानी से धोकर अपनी स्किन टोन से मेल खाता हुआ सिल्क नैचरल डेली फाउंडेशन गर्दन व चेहरे पर लगाएं। ऊपर से नीचे की दिशा में अच्छी तरह ब्लेंड करें। उसके बाद चीक्स बोन के उभार वाले स्थान को नीचे से ऊपर की ओर हनी बंच प्योर रूज ब्लशर से हाइलाइट करें।

**आंखें**

स्मोकी आई लुक देने के लिए आई कलर क्वारटेट से ब्लैक आईशैडो लें और उसमें से मून डस्ट शेड को आइलिड पर लगाएं। फिर लोअर आइलिड पर फैलाएं। अगर आपकी त्वचा के लिए यह शेड अधिक गहरा लगे तो सॉफ्ट लुक देने के लिए कोई ब्राउन शेड लगाएं सिल्वर शेड से अपर लैश लाइन को हाइलाइट करें। फिर ब्रो बोन पर व्हाइट शेड लगाकर परफेक्ट फिनिशिंग दें। लोअर लैश लाइन पर मेटैलिक ब्लैक ग्लाइड ऑन आई कलर लगाएं। इस लाइन के नीचे ब्रॉन्ज ग्लाइड ऑन आई कलर से नीचे दूसरी लाइन खींचें और बाहरी कोनों तक हलका फैलाएं।

**होंठ**

गोल्ड सिजल ग्लाइड ऑन लिप कलर से होंठों को डिफाइन करे और स्मज प्रूफ, शिमरिंग बेस दें।

बेहतरीन रूप देने के लिए एनरिच मेटैलिक लिप कलर शेड 660 लगाएं।

**नाखून**

ट्रू वेयर नेल कलर शेड नं.- 420 से नाखूनों को कोट करें।



# मॉइस्चराइजर

## लगाने के लिए इस तरह करें ब्रश का उपयोग

आजकल हर कोई मेकअप करता है, फिर चाहे कोई भी उत्सव हो या नही। ऐसे में अगर जलदबाजी में आप सही तरीके से मेकअप नही करेगे तो आप आकर्षक नही दिखागे। आज हम आपको मेकअप में सही तरीके से मॉइस्चराइजर लगाने के बारे में बताएगें। मॉइस्चराइजर का उपयोग झुर्रियों को आने से रोकता है और आपकी त्वचा को कोमल बनाए रखने में सहायता करता है। मॉइस्चराइज़र का इस्तेमाल अगर हाथों की जगह अगर ब्रश से किया जाए तो आपकी त्वचा लिए फायदेमंद होगा। ऐसे में कभी भी हाथों से मेकअप नही करना चाहिए, क्योकि हाथों से मेकअप एक समान नहीं फैलता। मेकअप में ब्रश का उपयोग करना हाथों और चेहरे की त्वचा के लिए भी फायदेमंद है। तो आइए जानते है ब्रश द्वारा मॉइस्चराइजर लगाने के तरीके...

### 1. स्मूथ स्किन

अगर आप स्मूथ स्किन पाना चाहते है तो हाथों से मॉस्चराइज़र लगाए की बजाय ब्रश का उपयोग करें। ब्रश आपके चेहरे पर मॉइस्चराइजर को अच्छे से फैलता है, जिससे आपकी त्वचा एक समान लगती है। ऐसा करने से फाउन्डेशन से पहले त्वचा को एक बेस मिल जाता है।

### 2. मेकअप

कभी भी हाथों से मेकअप न करें, क्योंकि हाथों से मेकअप एक समान नहीं फैलता। ब्रश के साथ मेकअप करने से त्वचा के साथ अच्छे से मिलता जाता है। इसीलिए हमेशा ब्रश का उपयोग करें।

### 3. आईब्रो

ब्रश की सहायता से मॉइस्चराइज़र लगाते हैं तो ध्यान रखें कि आईब्रो का भाग छोड़ दें ताकि इन पर मेकअप अच्छे से हो जाए। अगर आप हाथों का उपयोग करते हैं तो हो सकता है कि इसका कुछ भाग आपकी आईब्रो पर लग जाए जिससे आपकी आईब्रो पर पेन्सिल का उपयोग ख़राब हो सकता है।

### 4. मुंहासें

हमारे चेहरे की त्वचा बहुत संवेदनशील होती है। अगर आप इस पर हाथों से मॉस्चराइज़र लगाएगें तो हाथों के बैक्टीरिया अपके चेहरे की त्वचा पर आ जाएगें, जिसके कारण आपको मुंहासें या अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। हमारे हाथों और नाखूनों में बहुत सा तेल और बैक्टीरिया होते हैं, जिनहें चाहरे पर लगाने से मुंहासों की समस्या हो सकती है। इस लिए इनहें साथ-सुथरा रखें।

### 5. ब्रश मसाज

ब्रश से मॉस्चराइज़र लगाने पर मसाज जैसा अनुभव आता है जिससे आप न केवल आराम महसूस करते हैं बल्कि यह त्वचा के लिए बहुत अच्छा होता है। इससे रक्त परिसंचरण बढ़ता है तथा आपको अधिक चमकीला चेहरा मिलता है।

### 6. ब्रश का उपयोग

अकसर देखा गया है कि जब आप हाथों से मेकअप करते है तो अपको कई बार हाथ धोने पड़ते हैं या कुछ लोगों को अपने हाथ ख़राब करना अच्छा नहीं लगता ऐसे में आप ब्रश का उपयोग करें।



# डैंड्रफ

## हैं तो अपनाएं ये घरेलु उपाय, जल्द ही पाएं छुटकारा!



सुन्दर दिखने की चाह हर किसी को होती है। सौन्दर्य में जहां एक ओर चेहरे की सुंदरता का महत्व है, वहीं गर्दन का महत्व भी कम नहीं मना जाता। अगर आपकी सुराहीदार गर्दन हो तो वह आपकी सुंदरता में चार चांद लगा देती है। पर अगर गर्दन की सफाई समय पर न की जाए तो यह आपकी सुंदरता को कम कर देती है। गर्दन पर उम्र का प्रभाव बहुत जल्दी पडता हैं, जिसके कारण समय से पहले ही झुर्रियां, काली-मैली और स्किन के रंग में फर्क साफ देखाई देने लगता हैं। वहीं दूसरी ओर गर्दन बेडौल हो जाने की समस्या भी उत्पन्न हो जाती है। इसलिए गर्दन की भी उसी प्रकार से देखभाल करनी चाहिए जैसे चेहरे की जाती है।

1. नींबू के बीज निकाल कर कच्चे दूध में डुबो-डुबो कर मैली गर्दन पर रगडें। इससे गर्दन की मैल दूर हो जाएगी।

2. हफ्ते में 2-3 बार पपीते के गूदे से मसाज करने से गर्दन की स्किन पर निखार आता है और साथ ही झुर्रियां भी दूर होती है। 3. अंडे की सफेदी में थोडा सा नीबू का रस मिलाकर अच्छी तरह से फेट लें। इसे गर्दन पर 15 मिनट तक लगा रहने दें। इसके बाद धो लें। यह गर्दन का कालापन दूर करता है।

4. 30-35 साल की महिलाएं गर्दन की झुर्रियों से परेशान हैं, तो उन्हें दूर करने के लिए सबसे आसान तरीका है कि सप्ताह में एक बार अंडे की जर्दी को गर्दन पर लगा लें। सूखने के बाद गुनगुने पानी से धो लें। 5. रात को 10-15 चिरौंजी दूध में भिगो दें। सुबह उसे अच्छी तरह पीसकर लगाने से गर्दन का कालापन दूर होता है। यह प्रयोग सप्ताह में 2 बार करें। 6. गर्दन का कालापन दूर करने के लिए जैतून के तेल की मसाज करें।

7. दो चम्मच उड़द की दाल को गुलाबजल में रात भर के लिए भिगो दें। सुबह उसे पीसकर पेस्ट बना लें। इसे गर्दन पर लगाएं। 10 मिनट बाद ठंडे पानी से साफ कर लें। यह गर्दन की ठीक से सफाई कर देता है।

8. सिर को कभी भी झुका कर बिल्कुल ना रखें।



## यूईएफए महिला यूरो 2025 ड्रा: ग्रुप चरण में इटली, बेल्जियम, पुर्तगाल से खेलेगा विश्व चैंपियन स्पेन

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** विश्व कप विजेता स्पेन महिला यूरो 2025 टूर्नामेंट के ग्रुप चरण में इटली, बेल्जियम और पुर्तगाल से खेलेगा, जिसका ड्रॉ लुसाने में निकाला गया। मौजूदा यूरोपीय चैंपियन और 2023 विश्व कप उपविजेता इंग्लैंड को फ्रांस, नीदरलैंड और वेल्स के साथ रखा गया है।।2022 के संस्करण में, इंग्लैंड ने फाइनल में जर्मनी को 2-1 से हराया। एला टून और क्लो केली ने थ्री लॉयनेसेस के लिए गोल करके टीम को अपनी पहली बड़ी ट्रॉफी जीतने में मदद की थी। 2025 का संस्करण 2 से 27 जुलाई के बीच स्विट्जरलैंड में खेला जाएगा। यह पहली बार होगा जब देश टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। मेजबान को नॉर्वे, आइसलैंड और फिनलैंड के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। इसके अलावा, महिला यूरो 2025 में भाग लेने वाली खिलाड़ियों को पहली बार पुरस्कार राशि का एक प्रतिशत मिलेगा।

**यूईएफए महिला यूरो 2025 समूह-**

समूह ए: स्विटजरलैंड, नॉर्वे, आइसलैंड, फिनलैंड
समूह बी: स्पेन, पुर्तगाल, बेल्जियम, इटली
समूह सी: जर्मनी, पोलैंड, डेनमार्क, स्वीडन
समूह डी: फ्रांस, इंग्लैंड, वेल्स, नीदरलैंड

## अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली महाराष्ट्र की सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बनीं अनिका

**नई दिल्ली।** महज 14 साल की उम्र में, गोल्डन गर्ल ऑफ पुणे के नाम से मशहूर अनिका दुबे ने एक असाधारण उपलब्धि हासिल की है- उन्होंने एशियाई स्क्वैश टीम चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाई है, जो फरवरी 2025 में हांगकांग में होने वाली है। यह उपलब्धि उन्हें इस तरह के प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली महाराष्ट्र की सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बनाती है।अनिका का इस मुकाम तक पहुंचना किसी प्रेरणा से कम नहीं है। अपने नाम तीन राष्ट्रीय खिताब के साथ, वह महाराष्ट्र के पुणे की सबसे सफल जूनियर स्क्वैश खिलाड़ी बन गई हैं, उन्होंने नए रिकॉर्ड बनाए हैं और दूसरों के लिए एक राह बनाई है। खेल के प्रति उनका समर्पण, अनुशासन और प्यार उनके द्वारा खेले गए हर मैच में स्पष्ट दिखाई देता है, जिसने उन्हें भारत की सबसे प्रतिभाशाली युवा प्रतिभाओं में से एक के रूप में स्थापित किया है। अनिका ने कहा, भारत के लिए खेलना एक सपने के सच होने जैसा है। अपने देश का प्रतिनिधित्व करना और वर्षों से की गई कड़ी मेहनत को प्रदर्शित करना मेरे लिए सम्मान की बात है।

## किमगर्थ को आचार संहिता के उल्लंघन के लिए आईसीसी ने लगाई फटकार

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी किम गर्थ को पर्थ में भारत के खिलाफ आईसीसी महिला चैम्पियनशिप श्रृंखला के तीसरे एकदिनी मुकाबले के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल-1 का उल्लंघन करने के लिए फटकार लगाई गई है। किम गार्थ को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायता कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.3 का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जो एक अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान श्रव्य अश्लीलता के उपयोग से संबंधित है। इसके अलावा, गार्थ के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक अवगुण अंक जोड़ा गया है, जिसके लिए 24 महीने की अवधि में यह पहला अपराध था। यह घटना भारत की पारी के चौथे ओवर में घटी, जब गार्थ ने चौका लगने के बाद अनुचित भाषा का इस्तेमाल किया।

ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर गार्थ ने अपराध स्वीकार कर लिया और एमिरेट्स आईसीसी इंटरनेशनल पैनल ऑफ मैच रेफरी के डेविड गिल्बर्ट द्वारा प्रस्तावित मंजूरी को स्वीकार कर लिया। ऐसे में औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं रही थी। मैदानी अंपायर क्लेयर पोलोसाक और जैकलीन विलियम्स, तीसरे अंपायर एलोइस शेरिडन और चौथे अंपायर एशली गिबन्स ने आरोप लगाया था। लेवल-1 के उल्लंघनों में न्यूनतम जुर्माना आधिकारिक फटकार, अधिकतम जुर्माना खिलाड़ी की मैच फीस का 50 प्रतिशत और एक या दो अवगुण अंक होते हैं।

## पंजाब एफसी अपने अगले मुकाबले में ईस्ट बंगाल के खिलाफ जीत की राह पर लौटने के लिए तैयार

**कोलकाता।** पंजाब एफसी विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के अगले मुकाबले में संघर्ष कर रही ईस्ट बंगाल एफसी के खिलाफ तीन अंक हासिल करने का लक्ष्य लेकर उतरेगी। अंक तालिका में पांचवें स्थान पर काबिज पंजाब एफसी यदि यह मैच जीतती है, तो वह तीसरे स्थान पर पहुंच सकती है। वहीं, 11वें स्थान पर मौजूद ईस्ट बंगाल इस सीजन अब तक 10 में से केवल दो मैच ही जीत पाई है। पंजाब के खाते में 10 मैचों में 18 अंक हैं, जबकि ईस्ट बंगाल ने इतने ही मैचों में सिर्फ 7 अंक जुटाए हैं। मैच से पहले पंजाब एफसी के मुख्य कोच पनागियोटिस डिल्पेरिस ने कहा, ईस्ट बंगाल के खिलाफ यह मुकाबला बराबरी का होगा। हमारे लिए हर मैच खुद को लीग में शीर्ष पर बनाए रखने का बेहतरीन मौका है। हमारी टीम की प्रगति एक निश्चित संरचना के तहत हो रही है और हर दिन बेहतर बनने की चाहत के साथ हमारे लिए परिणाम धीरे-धीरे सकारात्मक हो रहे हैं।

# दिल्ली की दबंगई, बंगाल वारियर्स को बड़े अंतर से हराकर प्लेआफ के लिए किया क्वालीफाई

**एजेंसी**

**पुणे।** दबंग दिल्ली केसी ने बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बैडमिंटन हॉल में खेले गए प्रो कबड्डी लीग के सीजन के 115वें मैच में बंगाल वारियर्स को एकतरफा अंदाज में 47-25 के अंतर से हराकर प्लेआफ के लिए क्वालीफाई कर लिया है। दूसरी ओर, बंगाल का प्लेआफ में जाने की उम्मीदें खत्म हो गई हैं। बंगाल की टीम आशू मलिक (17) के सामने पूरी तरह बेबस नजर आई और 19 मैचों में 11वीं हार को मजबूर हुई। दूसरी ओर, बीते 13 मैचों से अजेय दिल्ली ने 20 मैचों में 11वीं जीत दर्ज की। इस मैच में दिल्ली ने रेड में 12 के मुकाबले 22 जबकि डिफेंस में 13 के मुकाबले 19 अंक लिए। बंगाल के लिए विश्वास (8) और नितेश (5) ही प्रभावित कर सके। प्लेआफ का टिकट कटाने के लिए बेताब दिल्ली ने तीन मिनट के भीतर ही 5-2 की लीड बना ली। इसके बाद हालांकि मयूर ने आशीष को लपक बंगाल को बड़ी सफलता दिलाई लेकिन दिल्ली ने जल्द ही 7-4 की




लीड ले ली। इस बीच नवीन ने मयूर को बाहर कर हिसाब बराबर किया और फिर आशू ने सिद्धेश का शिकार कर लिया। मनिंदर के बगैर खेल रही बंगाल को विश्वास लगातार मुकाबले में बनाए हुए थे। और अब फजल ने भी हाथ खोल दिए थे। नवीन को लपक फजल ने 10 मिनट की समाप्ति तक स्कोर 7-9 कर दिया। लेकिन ब्रेक के बाद आशू की सुपर डुपर रेड ने मैच का पासा पलट दिया। दिल्ली ने बंगाल को पहली बार आलआउट कर 17-8 की लीड ले ली।

आलइन के बाद भी दिल्ली ने लगातार तीन अंक हासिल किए और फासला 12 का कर दिया। इसी बीच आशू ने सुपर-10 पूरा किया। दिल्ली के डिफेंडरों ने विश्वास का शिकार कर स्कोर 23-9 किया और फिर आशीष ने सिद्धेश को आउट कर सुपर टैकल आन किया और फिर हाफटाइम तक 26-9 की लीड ले ली। बंगाल आलआउट की कगार पर थे। हाफटाइम के तुरंत बाद दिल्ली ने दूसरा आलआउट लेकर 29-10 की लीड बना ली। आलइन के बाद दिल्ली की टीम और आक्रामक हो गई। उसने जल्द ही अपनी लीड 35-10 करते हुए बंगाल के लिए फिर से सुपर टैकल आन कर दिया। नितेश ने इस बार हालांकि आशू को सुपर टैकल कर लिया और इसके बाद भी बंगाल ने एक अंक लेकर स्कोर 13-35 कर दिया। इसके बाद हालांकि बंगाल ने अच्छा खेल दिखाया और 30 मिनट की समाप्ति तक स्कोर 18-38 कर दिया और साथ ही दिल्ली को सुपर टैकल सिचुएशन में ला दिया। दिल्ली ने हालांकि इस स्थिति से खुद को निकाला और 42-19 की लीड ले ली। यहां से दिल्ली की जीत लगभग तय नजर आ रही थी।

इस बीच योगेश ने हाई-5 पूरा किया। बंगाल के लिए नितेश भी हाई-5 पूरा कर चुके थे। अंतिम मिनट में बंगाल ने दिल्ली को सुपर टैकल सिचिएशन में धकेला लेकिन वे आलआउट नहीं ले सके और एक बड़ी हार के साथ प्लेआफ की दौड़ से बाहर हुए। दूसरी ओर, दिल्ली की टीम 6 सीजन से लगातार प्लेआफ के लिए क्वालीफाई करने में सफल रही।

## मनिका बत्रा की टीम एशिया ने पहला वाल्डनर कप 2024 जीता




**एजेंसी**

**ओस्लो (नार्वे)।** भारतीय टेबल टेनिस स्टार मनिका बत्रा की टीम एशिया ने रविवार को टीम वर्ल्ड को हराकर वाल्डनर कप टेबल टेनिस टूर्नामेंट 2024 में जीत दर्ज की। टीम एशिया ने टीम वर्ल्ड को 14-0 से शिकस्त दी। दो दिवसीय वाल्डनर कप के लिए टीम एशिया में भारत की मनिका बत्रा के अलावा चीन की मा लोंग और चेन मेंग, दक्षिण कोरिया शिन यूबिन, कजाकिस्तान के किरिल गेरासिमेंको शामिल थीं।

टीम वर्ल्ड में ट्रूल्स मोरेगार्ड, दिमित्रिज ओवत्चारोव, ह्यूगो काल्डेरानो, एड्रियाना डियाज और बर्नाडेट स्जोक्स खिलाड़ी थे। मनिका बत्रा ने दो मैच खेले और उसे दोनों मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा।

# उप्र के तेज गेंदबाज अंकित राजपूत ने भारतीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**एजेंसी**

**लखनऊ।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पांच टीमों का हिस्सा रहे उत्तर प्रदेश के अनुभवी तेज गेंदबाज अंकित राजपूत ने भारतीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया। राजपूत ने विदेशी फ्रैंचाइजी क्रिकेट में मिलने वाले अवसरों को ध्यान में रखते हुए भारतीय क्रिकेट से अपने संन्यास की घोषणा की। राजपूत ने आज सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर भावुक पोस्ट में लिखा, आज अपार कृतज्ञता और विनम्रता के साथ मैं अपने भारतीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करता हूं। मेरी 2009 से 2024 की यात्रा मेरे जीवन का शानदार हिस्सा रहा है। मैं बीसीसीआई, उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ, कानपुर क्रिकेट संघ और आईपीएल फ्रैंचाइजी चेन्नई सुपर किंग्स, कोलकाता नाइटराइडर्स, किंग्स 11 पंजाब, राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स को धन्यवाद देता हूं जिन्होंने मुझे खिलाने का मौक़ा दिया। साथ ही मैं अपने टीम के साथियों, कोच, ख़ासतौर पर



फीजियो डॉ. सैफ नकवी, मेरे कोच शशि सर और सहायक स्टाफ का धन्यवाद करता हूं। मैं सच में सम्मान की बात है कि मैं आप सभी के साथ खेला और धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने मेरे सपने को पूरा करने में मेरा साथ दिया। मैं अपने प्रशंसकों का भी धन्यवाद करता हूं जिन्होंने मेरे पूरे करियर में मेरा समर्थन किया और मुझे आत्मविश्वास दिया। मैं अपने परिवार और दोस्तों का भी धन्यवाद करता हूं जिन्होंने मेरे पूरे करियर में मुझे इतना प्यार दिया। वे मेरी रीढ़ की हड्डी रहे हैं, उनके बिना मैं जो आज हूं वह नहीं हो पाता। उन्होंने कहा ,मुझे यह बताते हुए बेहद प्रसंन्नता हो रही है कि अब मैं विश्व क्रिकेट में अपने अवसरों का भुना पाऊंगा, जहां मैं उस खेल से जुड़ पाऊंगा जिसे मैंने बहुत प्यार दिया है। यह मेरे लिए अलग चुनौती और अलग माहौल होगा। मुझे विश्वास है कि यह बतौर क्रिकेटर मेरी यात्रा में मेरी जिंदगी का नया अध्याय होगा। मैं अपनी सभी टीमों के साथियों को शुभकामनाएं देता हूं। इतनी सारी यादें देने के लिए शुक्रिया। उत्तर प्रदेश ने 2016 में सुरेश रैना की कप्तानी में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का खिताब जीता था। इस टूर्नामेंट राजपूत ने 14.21 की औसत से 14 विकेट लिए थे।

## इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका पर बनाई 145 रन बढ़त

**एजेंसी**

**ब्लूमफोंटेन।** माया बाउचियर (126) और नेट साइबर ब्रंट (128) रनों की शतकीय पारियों की बदौलत इंग्लैंड की महिला टीम ने नौ विकेट पर 395 रन पर पारी घोषित करने के बाद लॉरेन बेल (चार विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका को पहली पारी में 281 रनों पर ढ़ेर कर 114 रनों की बढ़त हासिल करने के बाद दूसरी पारी में एक विकेट पर 31 रन बना लिये है और उसकी कुल बढ़त 145 रनों की हो गई हैं। इससे पहले माया बाउचियर (126) और नेट साइबर ब्रंट (128) रनों की शतकीय पारियों के दम पर इंग्लैंड की महिला टीम ने नौ विकेट पर 395 रन बनाने के बाद पारी घोषित कर दी। इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए टेस्ट मैच के दूसरे दिन 92 ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर अपनी पहली पारी 395 रन बनाकर घोषित कर दी। माया बाउचियर ने 154 गेंदों में 22 चौके और दो छक्के लगाते हुए (126) रनों की पारी खेली। वहीं नेट साइबर ब्रंट ने 145 गेंदों में 18 चौके लगाते हुये (128) रन बनाये। इनके अलावा एमी जोंस (39), कप्तान हीथर नाइट (20), टैमी बोमॉन्ट (21) और सोफी एकल्सटन (21) रन बनाकर




आउट हुई। दक्षिण अफ्रीका की ओर से एन म्लाबा ने चार विकेट लिये। अयांडा हलुबी ने दो बल्लेबाजों को आउट किया। मैरिजान कैप्प और टुमी सेखुखुने ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 21 के स्कोर पर अन्नेका बोश (छह) का विकेट गवां दिया। दिन का आखिरी विकेट अनरी डर्कसन (41) के रूप में गिरा। इसके बाद 46वें ओवर में कप्तान लॉरा वुलफार्ट (65)रन बनाकर आउट हुई। उन्हें सोफी एकल्सटन ने पगबाधा आउट किया। मैरिजान कैप्प (57) और सुने लूस (56) के 99 रनों की साझेदारी हुई। क्लोई ट्राइऑन (20) बनाकर आउट हुई। सिनालो जाफ्टा (आठ), एन म्लाबा (शून्य) और अयांडा हलुबी (एक) रन बनाकर आउट हुई। टुमी सेखुखुने (सात) रन बनाकर नाबाद रही। दक्षिण अफ्रीका की टीम पूरी टीम 88.4 ओवर में 281 रनों पर ढ़ेर हो गई।इंग्लैंड की महिला टीम की ओर से लॉरेन बेल ने चार विकेट लिये। लॉरेन फाइलर,रायना मैकडॉनल्ड-गे ने दो-दो बल्लेबाज को आउट किया। सोफी एकल्सटन को एक विकेट मिला। दिन का खेल समाप्त होने के समय इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 14 ओवर में एक विकेट खोकर 31 रन बना लिये है और उसकी कुल बढ़त 145रनों की हो गई है। टैमी बोमॉन्ट (नाबाद आठ) और हीथर नाइट (नाबाद 19) रन बनाकर क्रीज पर है। माया बाउचियर (शून्य) को अयांडा हलुबी ने आउट किया।

# नीता अंबानी ने मुंबई इंडियंस के नये खिलाड़ियों का टीम में किया स्वागत

**एजेंसी**

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस की मालकिन नीता एम. अंबानी ने वूमेंस प्रीमियर लीग 2025 के लिए मुंबई इंडियंस की नई महिला टीम के सदस्यों स्वागत किया। बेंगलुरु में हुई नीलामी के बाद नीता अंबानी ने कहा, आज हमने जो टीम बनाई है, उससे हम सभी बहुत खुश और संतुष्ट हैं। मुझे कमलिनी, नादिन डी क्लार्क, संस्कृति गुप्ता और अक्षिता माहेश्वरी के मुंबई इंडियंस परिवार का हिस्सा बन जाने पर गर्व है।

चार नए खिलाड़ी जिन्हें मुंबई इंडियंस में शामिल किया गया है, उनमें तमिलनाडु की 16 वर्षीय कमलिनी अंडर 19 एशिया कप




में पाकिस्तान के खिलाफ भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। इसके अलावा दक्षिण अफ्रीका की ऑलराउंडर नादिन डी क्लार्क, मध्य प्रदेश की ऑलराउंडर संस्कृति गुप्ता और राजस्थान की तेज गेंदबाज अक्षिता माहेश्वरी को शामिल हैं।

नीता अंबानी ने एक संदेश में चारों नए खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए कहा, हम मुंबई इंडियंस परिवार में आपका हार्दिक स्वागत करते हैं। मुंबई इंडियंस हमेशा युवा प्रतिभाओं की खोज और विकास करने की कोशिश करता रहा है। पिछले साल, हमने नीलामी में सजाना को चुना था। उसे टीम इंडिया के लिए खेलते देखना अद्भुत है। उन्होंने कहा, इस साल हम 16 वर्षीय कमलिनी को लेकर बहुत उत्साहित हैं। पिछले कुछ समय से हम उनके खेल पर नजर रख रहे थे और वह एक बहुत ही रोमांचक नई प्रतिभा है।

## स्टेट बैंक इंटर सर्कल वॉलीबॉल टूर्नामेंट में तिरुवनंतपुरम मंडल की टीम विजयी



**एजेंसी**

**लखनऊ।** जयपुर को तिरुअनंतपुरम मंडल की टीम ने 3-1 से हरा कर स्टेट बैंक वॉलीबॉल टूर्नामेंट के कप पर कब्जा कर लिया। खेले गए सेमीफाइनल मैच में कड़े संघर्ष से जयपुर ने चेन्नई को 3-1 से तथा तिरुअनंतपुरम ने अमरावती को 3-0 से पछाड़कर फाइनल में अपना स्थान बनाया। फिर फाइनल की भिड़ंत जयपुर तथा तिरुवंतपुरम के बीच हुये मैच में तिरुअनंतपुरम मंडल की टीम ने 3-1 से विजयश्री प्राप्तकर स्टेट बैंक वॉलीबॉल टूर्नामेंट के कप पर कब्जा किया। दूसरे तथा तीसरे स्थान पर क्रमशः जयपुर मंडल तथा चेन्नई मंडल की टीमें रही। स्टेट बैंक के उप महाप्रबंधक (एचआर) बिनोद कुमार मिश्रा ने विजेताओं ने ट्राफी प्रदान की। उन्होने कहा कि जीत-हार से अधिक महत्वपूर्ण स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का प्रदर्शन है। यह ध्येय वाक्य हमें सफलता की ओर ले जाएगा।

# अगले वर्ष विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर इवेंट की मेजबानी करेगा भारत

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत अगले साल 10 अगस्त को पहली बार विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर स्तर के आयोजन की मेजबानी करेगा। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) ने उक्त जानकारी दी। एएफआई के 2025 सीज़न के प्रतिस्पर्धी कैलेंडर के अनुसार, कांस्य स्तर का कॉन्टिनेंटल टूर एथलेटिक्स इवेंट भुवनेश्वर में होगा। इस मीट को इंडियन ओपन नाम दिया गया है। कॉन्टिनेंटल टूर ट्रैक और फील्ड प्रतियोगिताओं की एक वार्षिक श्रृंखला है, जो कि एलीट-लेवल डायमंड लीग के बाद वैश्विक बैठकों के दूसरे स्तर के अंतर्गत आती है। इसे 2020 में वर्ल्ड चैलेंज सीरीज़ के उत्तराधिकारी के रूप में लॉन्च किया गया था और इसमें चार स्तर, स्वर्ण, रजत, कांस्य और चैलेंजर शामिल हैं। ओलंपिक डॉट कॉम के अनुसार, एएफआई के अध्यक्ष आदिल सुमारिवाला ने कहा, कॉन्टिनेंटल टूर भारतीय टीम के लिए सितंबर में होने वाली विश्व चैंपियनशिप से पहले घरेलू मैदान पर अपनी क्षमता दिखाने का एक अच्छा अवसर होगा। टोक्यो में 13-21 सितंबर तक आयोजित होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 अगले साल की शीर्ष एथलेटिक्स प्रतियोगिता होगी। पिछली बार भारत ने इस तरह के अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स आयोजन की मेजबानी 2017 में की थी, जब भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप आयोजित की गई थी। भारत ने पुणे में बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 2013 एशियाई चैंपियनशिप की भी मेजबानी की थी। हरियाणा में 21 से 24 अप्रैल तक आयोजित होने वाला सीनियर नेशनल फेडरेशन कप मई में दक्षिण कोरिया में होने वाली एशियाई एथलेटिक चैंपियनशिप के लिए क्वालीफिकेशन इवेंट होगा।

भारत का 2025 घरेलू एथलेटिक्स सत्र 12 जनवरी से उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय क्रॉस-कंट्री चैंपियनशिप, फरवरी में राष्ट्रीय अंतर-जिला एथलेटिक्स मीट और मार्च में आयोजित होने वाली इंडियन ओपन थ्रो और जंप प्रतियोगिताओं के साथ शुरू होगा। सुमरिवाला ने कहा, एएफआई ने अगले साल से क्षेत्रीय प्रतियोगिता भी शुरू की है, ताकि हाशिये पर मौजूद एथलीटों को अधिक अवसर मिल सके। क्षेत्रीय प्रतियोगिताएं अप्रैल में शुरू होंगी।

## सीएएफ अफ्रीकी पुरुष फुटबॉलर ऑफ द ईयर चुने गए नाइजीरिया के फॉरवर्ड एडेमोला लुकमैन

**एजेंसी**

**माराकेच, (मोरक्को)।** नाइजीरिया के फॉरवर्ड एडेमोला लुकमैन को माराकेच में अफ्रीकी फुटबॉल परिसंघ (सीएएफ) पुरस्कारों में 2024 का अफ्रीकी फुटबॉलर ऑफ द ईयर चुना गया है। लुकमैन को पिछले 12 महीनों में इतालवी टीम अटलांटा एफसी और अपनी राष्ट्रीय टीम के साथ लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के बाद यह पुरस्कार दिया गया। 27 वर्षीय फॉरवर्ड विक्टर ओसिमेन के 2023 में यह उपलब्धि हासिल करने के बाद यह पुरस्कार जीतने वाले दूसरे नाइजीरियाई खिलाड़ी बन गए। लुकमैन ने मोरक्को के फुल-बैक अचरफ हकीमी, दक्षिण अफ्रीका के गोलकीपर रोनवेन विलियम्स, बोरुसिया डॉर्टमुंड के फॉरवर्ड सेरहौ गुइरासी और ब्राइटन के इवोरियन विंगर साइमन एडिंगरा को पीछे छोड़ते हुए यह पुरस्कार जीता है। ईएसपीएन के अनुसार ट्रॉफी उठाते समय लुकमैन ने कहा, यह पुरस्कार एक वरदान है, अफ्रीका में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में पहचाना जाना अविश्वसनीय बात है। चार साल पहले, मेरा करियर खत्म हो गया था, लेकिन अब मैं अफ्रीका में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में यहां हूं। अपनी असफलताओं को अपने सपनों को रोकने न दें। लुकमैन ने यूरोपा लीग के फाइनल में अटलांटा के लिए शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने हैट्रिक लगाकर अटलांटा को अपना पहला यूरोपीय सिल्वरवेयर और क्लब के 117 साल के इतिहास में दूसरी बड़ी ट्रॉफी दिलाई। वैश्विक मंच पर, लुकमैन ने तीन गोल करके नाइजीरिया को 2024 अफ्रीका कप ऑफ नेशंस के फाइनल में पहुंचाया। सेबेस्टियन हॉलर के आखिरी समय में किए गए गोल के बाद उनकी टीम ट्रॉफी से चूक गई, जिसने आइवरी कोस्ट को खिताब दिलाया।

# ऑस्ट्रेलिया को लगा बड़ा झटका, चोट के चलते मैदान से बाहर हुए हेजलवुड

**एजेंसी**

**ब्रिसबेन।** भारत के खिलाफ गाबा में चल रहे तीसरे टेस्ट के चौथे दिन मंगलवार को ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड चोटिल होकर मैदान से बाहर चले गए हैं। हेजलवुड को वापस मैदान पर बुलाने का ऑस्ट्रेलिया का फैसला पूरी तरह से गलत साबित हुआ, क्योंकि ड्रिंक्स ब्रेक के बाद उन्हें चोट लगने का संदेह था। हेजलवुड अपनी लय से बाहर दिखे और तीसरे दिन अपनी लाइन और लेंथ को देखते हुए अपनी लय हासिल करने के लिए संघर्ष करते दिखे। उन्होंने सिर्फ एक ओवर फेंका और खास तौर पर पहली गेंद के बाद संघर्ष करते दिखे।

हेजलवुड ने असामान्य रूप से कम गति से शॉर्ट और वाइड गेंद फेंकी, जिसकी स्पीड गन 128 किमी प्रति घंटे की थी। हेजलवुड ने ओवर पूरा करने के बाद ड्रिंक्स ब्रेक के दौरान कप्तान पैट कमिंस, स्टीवन स्मिथ और फिजियोथेरेपिस्ट निक जोन्स के साथ चर्चा की। उल्लेखनीय रूप से, साइड स्ट्रेन के कारण हेजलवुड एडिलेड में




दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए थे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एक बयान में हेज़लवुड की चोट की गंभीरता को रेखांकित किया। ऑस्ट्रेलियाई बोर्ड ने पुष्टि की कि अनुभवी पेस-गन को कम-ग्रेड की बाईं ओर चोट लगी है। टेस्ट के दौरान, हेजलवुड अपनी रिकवरी से उबरने के लिए एडिलेड में टीम के साथ रहे। जैसे ही श्रृंखला एडिलेड से ब्रिस्बेन में स्थानांतरित हुई, उनकी उपलब्धता को लेकर चिंताएँ थीं। हालाँकि, ऑस्ट्रेलियाई प्रबंधन ने हेज़लवुड को वापस लाने का फैसला किया और उनके सीमित ओवरों में सफलता हासिल की। हेजलवुड ने छह ओवर फेंके, 3.70 की इकॉनमी से 22 रन दिए और 'चेस मास्टर' विराट कोहली का सबसे महत्वपूर्ण विकेट लिया।

# अयान और देवांक ने मेजबान पल्टन को फिर किया बेपटरी, शानदार जीत के साथ तीसरे स्थान पर पहुंचे पटना पाइरेट्स

**एजेंसी**

**पुणे।** देवांक (11) और अयान (9) के अलावा डिफेंस में शुभम (5) तथा अंकित (4) के शानदार प्रदर्शन क बदौलत तीन बार के चैंपियन पटना पाइरेट्स ने बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बैडमिंटन हॉल में खेले गए प्रो कबड्डी लीग के सीजन के 116वें मैच में मेजबान पुनेरी पल्टन को 37-32 के स्कोर से हराकर अंक तालिका में तीसरा स्थान हासिल कर लिया है। पटना को 19वें मैच में 12वीं जीत मिली। उस एक पायदान का फायदा हुआ। दूसरी ओर, घर में लगातार तीन हार के बाद पिछले मैच में जीत का स्वाद चखने वाली पल्टन फिर बेपटरी हो गई। पल्टन के पास हालांकि अभी भी प्लेआफ में जाने का मौका है लेकिन यह काफी मुश्किल है। पल्टन के लिए अबिनेश ने सात जबकि आकाश और अमन ने 6-6 अंक लिए। पिछले मैच की जीत से उत्साहित पल्टन ने शुरुआती तीन मिनट में 3-1 की लीड ले ली थी। इसमें दो बार देवांक और एक बार अयान का शिकार शामिल है। चार मिनट में रेडिंग में किसी का खाता नहीं खुला था लेकिन पंकज ने दीपक को गच्चा देकर इसकी शुरुआत की। पल्टन 4-2 से आगे थे। इसके बाद हालांकि अयान ने भी रेडिंग में पटना का खाता खोल दिया। अयान ने अगली रेड पर देवांक को रिवाइव कराया और आते ही देवांक ने गौरव को आउट कर स्कोर 6-6 कर दिया। अयान ने अगली रेड पर भी अंक लिया और पल्टन को सुपर टैकल सिचुएशन में ला दिया।देवांक भी अब चलने लगे थे। उन्हें और अयान को पुणे का डिफेंस लगातार अंक दे रहा था और यही कारण था वे आलआउट की कगार पर थे लेकिन अबिनेश ने बोनस के साथ एक रिवाइवल ले लिया। और फिर पंकज तथा अबनेश ने देवांक को सुपर टैकल कर स्कोर 13-10 कर लिया। शुभम ने अगली रेड पर पंकज को आउट कर पल्टन को फिर आलआउट की ओर धकेला। अयान ने दादासो का शिकार किया लेकिन अबिनेश ने दूसरी बार बोनस के साथ रिवाइवल ले लिया। अकेले बचे अबिनेश ने अगली रेड पर बोनस लिया। उनकी बदौलत पल्टन ने 16-13 स्कोर पर पाला बदला। अगली रेड पर हालांकि अबिनेश लपके गए और इस तरह पटना ने आलआउट लेकर स्कोर 16-17 कर दिया। इसके बाद पटना ने देवांक के दो मल्टीप्वाइंटर्स की मदद से 3 अंक की लीड ले पल्टन को एक बार फिर आलआउट की ओर धकेल दिया। अमन ने हालांकि देवांक को सुपर टैकल कर स्कोर 21-22 कर दिया। पल्टन लगातार सुपर टैकल पर खेल रहे थे। अमन ने इस बार अयान को लपक न सिर्फ हाई-5 पूरा किया बल्कि स्कोर 23-23 कर दिया। देवांक ने हालांकि अगली रेड पर पल्टन को आलआउट कर 28-24 की लीड ले ली। देवांक ने इसी के साथ सुपर-10 पूरा किया। पल्टन ने हालांकि आलइन के बाद देवांक का शिकार कर लिया।ब्रेक के बाद पटना ने एक के मुकाबले तीन अंक लेकर स्कोर 31-26 कर दिया लेकिन पंकज और अमन ने फासला 3 का कर दिया। पटना ने जल्द ही चार की लीड ले और फिर डू ओर डाई रेड पर अयान के बोनस से फासला 5 का किया और फिर गुरदीप ने आकाश को लपक स्कोर 34-28 कर दिया। अब सिर्फ सवा दो मिनट बचे थे। इसी बीच अयान ने अमन और अबिनेश का शिकार कर फासला 8 का किया लेकिन आर्यवर्धन ने मल्टीप्वाइंटर के साथ स्कोर 30-36 कर दिया। अगली रेड पर हालांकि वह लपक लिए गए। अब पल्टन के पास समय कम बचा था और इस तरह वे 20 मैचों में नौवीं हार को मजबूर हुए।

# सोनाक्षी सिन्हा

## और Zaheer Iqbal ने की पार्क में मस्ती





बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा और उनके पति जहीर इकबाल इन दिनों एक साथ घूम रहे हैं और इसकी झलकियां दोनों अपने सोशल मीडिया पर शेयर करते रहते हैं। हाल ही में सोनाक्षी और जहीर ने एक मजेदार वीडियो पोस्ट किया है, जिसे फैंस बहुत पसंद कर रहे हैं।

**शरारत भरा वीडियो**

इस वीडियो में जहीर अपने फैंस को बताते हैं, मेरी टैलेंटेड पत्नी, और सोनाक्षी एक खेल खेलते हुए रस्सी पकड़ने की कोशिश करती हैं। दोनों पार्क में खड़े होते हैं, और जब वीडियो बनाना जारी रखते हैं, तो सोनाक्षी अचानक रस्सी पकड़ने के लिए कूद पड़ती हैं। इस मजेदार पल के दौरान दोनों के हंसी-मजाक को देखकर फैंस भी खुश हो गए। जहीर ने वीडियो के कैप्शन में लिखा, हमेशा ऐसी बंदर वाली हरकतें।

**प्रेग्नेंसी की अफवाहें**

हाल ही में सोनाक्षी सिन्हा की प्रेग्नेंसी को लेकर अफवाहें उड़ने लगी थीं। हालांकि, सोनाक्षी ने इसका जवाब देते हुए कहा कि वह प्रेग्नेंट नहीं हैं, बल्कि बस थोड़ी मोटी हो गई हैं। सोनाक्षी ने बताया कि शादी के बाद वह अपनी लाइफ का पूरा मजा ले रही हैं और लगातार लंच और डिनर के आमंत्रण मिल रहे हैं, जिसके कारण वह इतना व्यस्त हो गई हैं कि किसी और चीज़ पर ध्यान नहीं दे पा रही हैं।

**कपिल शर्मा शो में पहुंचा कपल**

सोनाक्षी और जहीर हाल ही में कपिल शर्मा के शो में साथ दिखाई दिए थे। इस दौरान दोनों ने खुलासा किया कि उन्होंने कई सालों तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद शादी करने का फैसला लिया। शादी के बाद दोनों हमेशा एक-दूसरे के साथ घूमते हुए नजर आते हैं और अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करते रहते हैं। इससे पहले भी दोनों ने विदेश में अपनी छुट्टियों की तस्वीरें पोस्ट की थीं।

## 6 साल की उम्र में घर से भाग जाना चाहते थे जाकिर, जानें उनसे जुड़े कुछ दिलचस्प किस्से



जाकिर हुसैन का निधन हो गया है. दिल से जुड़ी समस्याओं से जूझ रहे जाकिर को अमेरिका के अस्पताल में भर्ती कराया गया था. वो दुनिया के सबसे महान तबला वादकों में से एक थे. एक्टर्स से लेकर म्यूजिशियन तक हर कोई उनका फैन था. तबला वादक होने के साथ-साथ जाकिर हुसैन एक कमाल के म्यूजिक कंपोजर भी थे. उनके बारे में ऐसी कई दिलचस्प बातें हैं, जो शायद ही आप जानते होंगे. तो आइए दुनिया का मनोरंजन करने वाले हुसैन से जुड़े मजेदार किस्से सुनते हैं.

**जाकिर की मां को नहीं पसंद था उनका तबला बजाना**

जाकिर हुसैन की मां बिल्कुल भी नहीं चाहती थीं कि उनका बेटा संगीत में अपना करियर बनाए. इस बारे में बात करते हुए जाकिर ने कहा हां कि जब मैंने तबला बजाना शुरू किया था, तब संगीत बनाने वालों को या म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट बजाने वालों को न ही इज्जत मिलती थी, न ही उन्हें ठीक से पैसे मिलते थे. मेरी मां ने ये देखा था कि कैसे मैं कॉन्सर्ट में जाता था और पैसों की जगह खाने के पैकेट लेकर घर आ जाता था. पेमेंट की जगह मुझे सिर्फ खाना मिलता था और इसलिए मेरी मां नहीं चाहती थीं कि मैं तबला बजाऊं. वो चाहती थी कि मैं अच्छा काम करूं और खूब पैसे कमाऊं.

**कई बार घर से भागने की कोशिश कर चुके थे जाकिर हुसैन**

जाकिर हुसैन की मां नहीं चाहती थीं कि वो तबला बजाए और इस बजह से परेशान होकर कई बार जाकिर घर से भागने का मन बना चुके थे. 6 साल की उम्र में जाकिर ने अपने घर की पुजारन को ये तक कह डाला था, कि चलो पुजारन हम भागते हैं और तुम गाना गाना, फिर मैं बजाऊंगा. कई बार छोटे जाकिर घर छोड़ने का फैसला लेकर, अपनी स्कूल बैग भरने लग जाते थे. लेकिन अपने पापा का ख्याल आने की बजह से हर समय उनका प्लान कैंसिल हो जाता था.

**खुद को देवी सरस्वती और गणपति भगवान का भक्त मानते थे जाकिर हुसैन**

जब भी मुस्लिम परिवार में किसी बच्चे का जन्म होता है, तब पिता उसे हाथ में लिए बच्चे के कान में कुरान की कुछ प्रार्थना कहते हैं. लेकिन जब उस्ताद जाकिर खान का जन्म हुआ, तब उनके पिता उस्ताद अल्लाह रक्खा ने उनके कान में तबले का ताल गाया. उनकी ये हरकत देख जाकिर हुसैन की मां दंग रह गईं. उन्होंने अपने पति से पूछा कि वो ये क्या कर रहे हैं. तब उस्ताद अल्लाह रक्खा ने जवाब दिया कि ये मेरी प्रार्थना है. मैं मां सरस्वती और गणेश भगवान का भक्त हूं और यही मेरी प्रार्थना हैं.

## अभिषेक बच्चन छोड़िए, 20 साल बड़े क्रिकेटर से जुड़ चुका है निमरत कौर का नाम! लिस्ट में 'बाहुबली' एक्टर भी शामिल



बच्चन परिवार के बेटे अभिषेक बच्चन और बहू ऐश्वर्या राय बच्चन लंबे वक्त से लाइमलाइट में हैं. दोनों को लेकर अक्सर तलाक की अफवाहें उड़ती रहती हैं और कपल फोटो शेयर कर इन पर विराम लगा देता है. कुछ वक्त पहले अभिषेक बच्चन का नाम रेडिट यूजर्स ने उनकी को-स्टार निमरत कौर के साथ जोड़ दिया था. यूं तो दोनों की तरफ से इस पर कभी कोई रिएक्शन सामने नहीं आया. पर अभिषेक बच्चन के अलावा एक क्रिकेटर से भी निमरत कौर का नाम जुड़ चुका है.निमरत कौर के मुताबिक, वो इस वक्त किसी को भी डेट नहीं कर रही हैं. पर एक वक्त था, जब उनके और बाहुबली एक्टर के डेटिंग की खबरें खूब उड़ी थी. कौन है वो क्रिकेटर और एक्टर, जिनसे एक्ट्रेस की लिंक-अप की खबरें आ चुकी हैं.

**निमृत कौर का इस क्रिकेटर संग जुड़ा नाम**

यूं तो यह पहली बार नहीं है, जब किसी एक्ट्रेस की क्रिकेटर के साथ लिंकअप की अफवाहें उड़ी हों. ऐसा अक्सर होता रहा है. पर क्या आप जानते हैं कि निमरत कौर का नाम रवि शास्त्री संग भी जुड़ चुका है. 2018 में दोनों के सीक्रेटली डेटिंग की खबरें आईं थी. ऐसा कहा गया था कि यह रिश्ता सिर्फ 2 साल ही चल पाया था. जब खबरों ने तूल पकड़ना शुरू किया, तो रवि शास्त्री ने मामले में रिएक्ट भी किया था.

पूर्व क्रिकेटर इन अफवाहों पर भड़क गए थे. उन्होंने कहा था कि- कुछ भी कहने की जरूरत नहीं है. वहीं निमरत ने भी मामले पर रिएक्ट किया था. उन्होंने ङ्ग पर लिखा कि- फैक्ट: मुझे रूट कनाल की जरूरत हो सकती है. फिक्शन: आज मैंने जो कुछ भी अपने बारे में पढ़ा है. हालांकि, वो अपने स्कूल लव के बारे में सबको बता चुकी हैं.

**'बाहुबली' एक्टर को डेट कर चुकी हैं निमरत ?**

'बाहुबली' फेम राणा दग्गुबाती के साथ भी निमरत कौर का नाम जोड़ा जा चुका है. ऐसी चर्चा थी कि दोनों गुपचुप तरीके से एक दूसरे को डेट कर रहे हैं. हालांकि, इस रिश्ते को लेकर न तो निमरत कौर ने कभी कुछ कहा, न ही राणा दग्गुबाती ने.

# माधुरी दीक्षित

## ने किराए पर दिया अपना ऑफिस, जानें हर महीने कितना किराया वसूलेंगी धक-धक गर्ल



बॉलीवुड सितारे रियल एस्टेट में तेजी से निवेश कर रहे हैं। वे बड़े शहरों के पॉश इलाकों में लक्ज़री घर, फ्लैट्स और कमर्शियल प्रॉपर्टीज़ खरीद रहे हैं, और



इसके जरिए अच्छा पैसा भी कमा रहे हैं। अब इसी कड़ी में बॉलीवुड की धक-धक गर्ल एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित ने मुंबई में अपना ऑफिस एक प्राइवेट कंपनी को किराए पर दिया है।माधुरी दीक्षित ने मुंबई के अंधेरी वेस्ट इलाके में स्थित 1594.24 वर्ग फीट की प्रॉपर्टी को किराए पर दिया है। यह लेन-देन 13 नवंबर को हुआ था। कंपनी ने उन्हें 9 लाख रुपये का सिक्योरिटी डिपॉजिट दिया है।

पहले साल का किराया 3 लाख रुपये प्रति महीना तय किया गया है और इसके बाद हर साल किराया 3 लाख 15 हजार रुपये हो जाएगा।

माधुरी दीक्षित के अलावा इस साल कई अन्य बॉलीवुड सितारों ने मुंबई में प्रॉपर्टीज़ खरीदी हैं। इन प्रॉपर्टीज़ को कुछ सितारों ने किराए पर भी दिया है। नवंबर में एक्टर शाहिद कपूर ने वर्ली में अपने लक्ज़री फ्लैट को किराए पर दिया था, जिसका किराया 20 लाख रुपये प्रति महीना था।

इसी बीच, माधुरी दीक्षित ने मुंबई के लोअर बरेली इलाके में एक नया अपार्टमेंट भी खरीदा है। यह अपार्टमेंट इंडियाबुल्स ब्लू प्रोजेक्ट में स्थित है, जिसकी कीमत करीब 48 करोड़ रुपये बताई जा रही है। इस अपार्टमेंट को 28 सितंबर 2022 को रजिस्टर्ड किया गया था। यह अपार्टमेंट 53वें फ्लोर पर है और इसका कुल क्षेत्रफल 5384 वर्ग फीट है। इसके अलावा, माधुरी के पास इस अपार्टमेंट में 7 कार पार्किंग स्पेस भी हैं।